डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021/2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

# रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 27.03.2023 से 02.04.2023 ▶ वर्ष-40 ▶ अंक-13 ▶ मूल्य ₹ 10.00

यूथ महापंचायत

## युवाओं के सहयोग से गढ़ेंगे आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश - मुख्यमंत्री

**जैसे चिड़िया अपने बच्चों को घोंसलों में नहीं रखती, उन्हें उड़ना सिखाती है, वैसे ही हम हमारे युवाओं को बेरोजगारी भत्ता न देकर विभिन्न कौशल सीखने और अपने आपको रोज़गार के लिए तैयार करने के अवसर प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री युवा कौशल कमाई योजना का क्रियान्वयन एक जुलाई से आरंभ होगा। इसमें प्रदेश के युवा, श्रेष्ठतम प्रतिष्ठानों से जुड़कर कौशल सीखेंगे, वे लर्न भी करेंगे और अर्न भी करेंगे। ऐसे युवाओं को हर माह कम से कम 8 हजार रुपये दिए जाएंगे। प्रतिष्ठान अपनी ओर से अलग से भी राशि देंगे। युवाओं के सहयोग से ही नए और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का निर्माण होगा। युवा अपने सपने साकार कर सकें और सफलता की ऊंची उड़ान उड़ सकें, इसके लिए राज्य शासन हर संभव व्यवस्था करने और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है। इसी कड़ी में राज्य की युवा नीति लॉन्च की जा रही है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने शहीद भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव के शहादत दिवस पर राजधानी भोपाल के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में यूथ महापंचायत को संबोधित करते हुये कहीं।**



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में आयोजित यूथ महापंचायत में आये युवाओं को संबोधित करते हुये।

**भोपाल,** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने यूथ महापंचायत में युवा पोर्टल का शुभारंभ किया और राज्य युवा नीति की पुस्तिका का अनावरण कर युवा नीति लॉन्च की। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री जनकल्याण शिक्षा प्रोत्साहन योजना के 20 हजार 937 युवा हितग्राहियों के खातों में 17 करोड़ 94 लाख रुपये, मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना में देश-प्रदेश के संस्थानों में अध्ययनरत 3 हजार 182 विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए 175 करोड़, 36वें नेशनल गेम्स में प्रदेश के लिए 66 पदक अर्जित करने वाले 132 खिलाड़ियों को 4 करोड़ 38 लाख 80 हजार की पुरस्कार राशि और गांव की बेटी योजना में 25 हजार 800 बेटियों के खातों में 12 करोड़ 90 लाख रुपये की राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री ने राज्य युवा पुरस्कार विजेता युवाओं को पुरस्कृत किया। साथ ही प्रदेश में विद्यमान प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाइयों में अप्रेंटिसशिप के लिए युवाओं को अनुबंध-पत्र भी प्रदान किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वैभवशाली, गौरवशाली, शक्तिशाली, सम्पन्न और समृद्ध भारत का निर्माण हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की पहल से आजादी के ज्ञात-अज्ञात और गुमनाम नायकों के संघर्ष और बलिदान से देश परिचित हुआ है। इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा स्थापित की गई है। मध्यप्रदेश में भी जनजातीय क्रांतिकारियों की प्रतिमाएं तथा स्मारक निर्मित किए गए हैं। देश के युवाओं के लिए स्वामी विवेकानंद प्रेरणा के मुख्य स्रोत हैं। स्वामी जी का मानना था कि कोई भी काम ऐसा नहीं है, जो हम नहीं कर सकते। युवा अपने को दीन-हीन न समझें। प्रधानमंत्री के अनुसार यह अमृत काल की अमृत पीढ़ी है। आप अपने माता-पिता के साथ राष्ट्र और प्रदेश की भी संतानें हैं। राज्य सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास और उज्ज्वल भविष्य के लिए कृत-संकल्पित हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी युवाओं को अनुकूल पर्यावरण के लिए जीवन-शैली अपनाने के लिए निरंतर प्रेरित कर रहे हैं। पर्यावरण-संरक्षण और धरती को अगली पीढ़ी के लिए सुरक्षित छोड़ने में युवाओं को भी अपनी ओर से योगदान करना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने अपने स्वयं के प्रतिदिन पौधा लगाने के संकल्प का उल्लेख करते हुए युवाओं को समाज हित में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी को पानी, बिजली की बचत, ऊर्जा-संरक्षण के लिए व्यक्तिगत स्तर पर कार्य करना आवश्यक है।

### यंग अचीवर्स ने साझा किए अनुभव

यूथ महापंचायत में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त मध्यप्रदेश के युवा अचीवर्स ने भी अपने अनुभव साझा किए। उद्यमी तथा चाय सुट्टा बार के संस्थापक श्री अनुभव दुबे ने कहा कि 'हम गोरो को फ्रेंचाइजी बेचेंगे और कुल्हड़ में दी चाय से हर व्यक्ति हमारे देश और प्रदेश की मिट्टी को चूमेगा'। इसी सोच से आरंभ किया गया 'चाय सुट्टा बार' वैश्विक ब्रांड बन गया है।

### मुख्यमंत्री की युवा कल्याण के लिए घोषणाएं

- प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के एमबीबीएस और बीडीएस में प्रवेश के लिए अलग से मेरिट लिस्ट बनाई जाएगी। इसके लिए कॉलेजों में 5 प्रतिशत सीट्स रिजर्व रहेंगी।
- अगले वर्ष से युवा बजट बनाया जाएगा। यह मॉनीटरिंग की जाएगी कि युवा-कल्याण पर कितनी राशि किन-किन योजनाओं में आवंटित की गई एवं उन पर कितना कार्य किया गया है।
- प्रतिवर्ष खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन किया जाएगा। अगले वित्तीय वर्ष से खेलों एवं खेल अधोसंरचना पर लगभग 750 करोड़ रुपये का निवेश करने का निर्णय लिया गया है।
- स्कूलों में खेल की शिक्षा अनिवार्य की जाएगी और योग को प्रोत्साहित किया जाएगा। हर गांव में खेल मैदान बनाया जाएगा।
- भोपाल में ग्लोबल स्किल पार्क इस वर्ष आरंभ हो जायेगा। ग्वालियर, जबलपुर, सागर और रीवा में नए ग्लोबल स्किल पार्क बनाए जाएंगे।
- मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री युवा कौशल कमाई योजना लागू करने की घोषणा की गई है।। योजना में युवाओं को लर्न एंड अर्न का अवसर रहेगा। बजट में इसके लिए 1000 करोड़ का प्रावधान किया गया है।
- योजना में एक जून से रजिस्ट्रेशन प्रारंभ होगा। विशेष रूप से विकसित पोर्टल पर आवेदन किया जाएगा। योजना में उद्योग, सर्विस सेक्टर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, ट्रेड, इंडस्ट्री 4.0 से जुड़ी तकनीकों जैसे सेक्टर्स में युवाओं की ट्रेनिंग के लिए योग्य प्रतिष्ठानों को जोड़ा गया है। युवाओं को हर माह कम से कम से 8 हजार रुपये की राशि दी जाएगी।
- राज्य में इनक्यूबेटर सीट्स को 10 गुना बढ़ाया जाएगा। राज्य के शासकीय एवं निजी इंजीनियरिंग कॉलेजों में 10 से अधिक इंक्यूबेटर स्थापित कर छात्र, मेंटर, स्टार्टअप, नवाचार एवं इको सिस्टम आधारित विकास किया जाएगा।
- युवाओं को जर्मन एवं जापानी भाषा सीखने के लिए बेसिक एवं एडवांस कोर्स उपलब्ध करवाएंगे।
- एम्प्लॉयमेंट एक्सचेंज को पारम्परिक रोज़गार तक सीमित न रख कर गिग वर्क्स का प्लेटफार्म बनाया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक कुशल युवाओं को अनुभव एवं रोज़गार के अवसर दिए जा सकें।
- स्टार्ट-अप पॉलिसी से विश्वविद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित करने प्रदेश में 100 करोड़ रुपये की लागत से स्टूडेंट इनोवेशन फंड बनाया जाएगा।
- प्रदेश में जिला स्तर पर विवेकानंद युवा संसाधन केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जिनमें कॅरियर गाइडेंस , कॉउंसलिंग, मेंटेरिंग, लाइब्रेरी सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने में सहायता की व्यवस्था होगी।
- परंपरागत एवं जनजातीय लोक कला को बढ़ावा देने के लिए युवाओं को फैलोशिप प्रदान की जाएगी।
- प्रदेश की सभी शासकीय पदों पर भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए वन टाइम परीक्षा शुल्क एवं रजिस्ट्रेशन की सुविधा शुरू की जा रही है। इसमें वर्ष में मात्र एक बार प्रतिभागी को रजिस्ट्रेशन करवाना होगा।
- केंद्रीय परीक्षाओं की लिखित परीक्षा में उतीर्ण और साक्षात्कार के लिए दिल्ली आमंत्रित युवाओं को नई दिल्ली स्थित मध्यप्रदेश भवन में प्राथमिकता से नि:शुल्क आवास सुविधा दी जायेगी।
- माँ तुझे प्रणाम योजना की तर्ज पर प्रदेश से चयनित युवाओं को अपने प्रदेश तथा संस्कृति को जानने के लिए युवा अनुभव यात्राएं शुरू की जायेंगी।

### भारतीय वायुसेना में भर्ती के लिये 31 मार्च तक होंगे आवेदन

**भोपाल,** भारतीय वायुसेना (अग्निवीर) में भर्ती के लिये इच्छुक आवेदक 31 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदक वेबसाइट http://agnipathvayu.cdac.in पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। उप संचालक रोज़गार संचालनालय श्री सी.के. बघेल ने बताया कि ऐसे युवा जिनका जन्म 26 दिसम्बर 2002 से 26 जून 2006 के मध्य हुआ है, वे आवेदन करने के लिये पात्र हैं। शैक्षणिक योग्यता संबंधी जानकारी विज्ञापन या भारतीय वायुसेना भर्ती की वेबसाइट http://agnipathvayu.cdac.in से प्राप्त की जा सकती है। वेबसाइट का लिंक एमपी रोज़गार पोर्टल पर भी उपलब्ध है।

- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

## मध्यप्रदेश में 15 अगस्त तक एक लाख से अधिक शासकीय भर्तियां होंगी

**नीमच,** मध्यप्रदेश में हर युवा को उसकी योग्यता के अनुरूप रोज़गार दिलाया जाएगा। सरकारी भर्ती, स्व-रोज़गार और लर्न एंड अर्न योजना से हर युवा को रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री युवा कौशल कमाई योजना से युवाओं को विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण के साथ ही 8 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय भी दिया जाएगा। आगामी 15 अगस्त तक 1 लाख सरकारी पदों पर भर्ती की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में युवाओं को रोज़गार के लिए 1 लाख से 50 लाख तक ऋण और अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। मध्यप्रदेश के हर जिले में रोज़गार दिवस मन रहा है और युवकों को स्व-रोज़गार के लिए ऋण वितरण किया जा रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह ने नीमच में राज्य स्तरीय रोज़गार दिवस कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने 2 लाख 31 हजार 760 युवाओं को विभिन्न स्व-रोज़गार योजना में 2779 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर बहन, बेटी और माता में मुझे देवी का स्वरूप दिखाई देता है। हमारी संस्कृति कहती है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहीं देवताओं का निवास होता है। मध्यप्रदेश में नारियों का सम्मान सर्वोच्च है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा सामाजिक बुराई है, इसे दूर किया जाना चाहिए। सरकार ने निर्णय लिया है कि आगामी एक अप्रैल से प्रदेश में सभी शराब के अहाते बंद कर दिए जाएंगे। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीना प्रतिबंधित रहेगा।

श्री चौहान ने कहा कि हाल ही में ओलावृष्टि से हुए नुकसान की समुचित भरपाई सरकार द्वारा की जाएगी। जिन किसानों की फसलों को 50 प्रतिशत से अधिक नुकसान हुआ है उन्हें 32 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर के हिसाब से मुआवजा दिया जाएगा। फसल बीमा का लाभ भी मिलेगा। सरकार डिफाल्टर किसानों के ब्याज की राशि स्वयं भरेगी और उन्हें जीरो प्रतिशत ब्याज पर फसल ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)




## 18 मार्च

### चंद्रयान-3 मिशन ने जरूरी परीक्षणों को किया पूरा

● भारत के महत्वाकांक्षी मिशन चंद्रयान-3 के अंतरिक्ष यान ने आवश्यक परीक्षणों को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस परीक्षण में अंतरिक्ष यान ने कठोर कंपन और ध्वनिक वातावरण का सामना करने के लिए अपनी क्षमता विकसित कर ली है। यह जानकारी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने दी है। इसरो ने कहा कि इस अंतरिक्ष यान ने सभी जरूरी परीक्षण पूरे किये हैं, ये इस मिशन का एक मील का पत्थर है। ये परीक्षण किसी भी अंतरिक्ष यान के लिए योग्यता और स्वीकृति प्रक्रिया का एक अनिवार्य हिस्सा है।

● गृह मंत्रालय ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में होने वाली भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा की है। इसके साथ ही मंत्रालय ने पूर्व अग्निवीरों को ऊपरी आयु सीमा में छूट देने संबंधी अधिसूचना भी जारी की है। यह छूट इस बात पर निर्भर करेगी कि अभ्यर्थी अग्निवीरों के पहले बैच के हैं या दूसरी बैच के हैं। गृह मंत्रालय ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अधिनियम 1968 के तहत नियमों में संशोधन किया है। नए नियम के तहत सीआईएसएफ में 10 प्रतिशत रिक्तियां पूर्व अग्निवीरों के लिए होंगी। इसके अलावा अग्निवीरों को शारीरिक दक्षता जांच में भी छूट प्रदान की जाएगी।

## 19 मार्च

### यूक्रेन को लड़ाकू विमान देंगे स्लोवाकिया और पोलैंड

● रूस और यूक्रेन के बीच पिछले एक वर्ष से जारी युद्ध के थमने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। युद्ध के दौरान यूक्रेन की मदद के लिए पोलैंड और स्लोवाकिया आगे आए हैं। दोनों देशों ने रूस से मुकाबले के लिए यूक्रेन को लड़ाकू विमान देने की घोषणा की है। स्लोवाकिया ने यूक्रेन को 13 मिग-29 लड़ाकू विमान देने की घोषणा की जबकि पोलैंड चार मिग-29 यूक्रेन को देगा। पोलैंड और स्लोवाकिया दोनों देश अमेरिका के नेतृत्व वाले नाटो सैन्य संगठन के सदस्य हैं। पोलैंड और स्लोवाकिया की इस घोषणा पर रूस ने कड़ी आपत्ति जताई है। रूस ने कहा कि यूक्रेन को इस मदद से युद्ध और भड़केगा।

● कोरोना महामारी को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बड़ा दावा किया है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि कोराना इस वर्ष स्वास्थ्य आपातकाल नहीं रहेगा। धीरे-धीरे यह वायरस महज मौसमी लू की तरह ही रह जाएगा। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. ट्रेडोस अधनोम घेब्रेसस ने कहा कि मुझे विश्वास है कि इस वर्ष हम यह कह सकेंगे कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कोविड आपदा अब खत्म हो सकती है। हालांकि हमें इससे सतर्क रहना चाहिए। इसी बीच डब्ल्यूएचओ ने चीन पर कोरोना वारयस की उत्पत्ति से संबंधित डाटा छिपाने का आरोप भी लगाया है।

## 20 मार्च

### प्रवेश रद्द कराने वाले विद्यार्थियों को फीस वापस करेगा यूजीसी

● विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) शैक्षणिक सत्र 2022-23 में प्रवेश रद्द कराने और विश्वविद्यालय बदलने वाले विद्यार्थियों को फीस वापस करेगा। यूजीसी के अध्यक्ष श्री एम जगदीश कुमार ने बताया कि यूजीसी को देशभर के विश्वविद्यालयों से लगभग 30 करोड़ रुपये मिले हैं। इस राशि का इस्तेमाल प्रवेश रद्द कराने और विश्वविद्यालय बदलने वाले विद्यार्थियों की फीस वापसी में किया जाएगा। यह राशि 14,443 विद्यार्थियों में वितरित की जाएगी। श्री जगदीश कुमार ने बताया कि हमें बड़ी संख्या में छात्रों की शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों के आधार पर यूजीसी ने विश्वविद्यालयों से बात की और सुनिश्चित किया कि ऐसे विद्यार्थियों की फीस वापस की जाए।

● इक्वाडोर में आए तेज भूकंप के कारण करीब 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि सैकड़ों लोग घायल हो गए हैं। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.8 मापी गई। भूकंप का केंद्र बलाओ के उत्तरी क्षेत्र में जमीन से 65 किलोमीटर नीचे था। इक्वाडोर के तटीय क्षेत्र के साथ ही उत्तरी पेरू में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के कारण इक्वाडोर में घर, स्कूल और अस्पताल सहित कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। इक्वाडोर के राष्ट्रपति गुइलेर्मो लासो ने भूकंप में मारे गए लोगों के प्रति संवदेना व्यक्त करते हुए कहा कि भूकंप के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है।

## 21 मार्च

### विमान निर्माण के लिए पूरी तरह तैयार है भारत

● केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि जिस तरह से भारत में उड्डयन उद्योग विकसित हो रहा है, उसे देखते हुए अब भारत में विमानों की और उड्डयन उद्योग से जुड़े दूसरे उपकरणों के निर्माण पर ध्यान देने की जरूरत है। भारत अब विमान निर्माण क्षेत्र के लिए पूरी तरह तैयार है। श्री सिंधिया ने कहा कि भारत में वर्ष 2013-14 तक प्रतिवर्ष 1.4 करोड़ हवाई यात्री थे, जो अब बढ़कर 14.4 करोड़ प्रतिवर्ष हो गए हैं। उन्होंने कहा कि देश में अभी सिर्फ तीन से चार प्रतिशत आबादी तक ही विमानन सेवाओं की पहुंच है, जिसे बढ़ाया जायेगा।

● बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भारत को चटगांव और सिलहट बंदरगाहों का उपयोग करने की पेशकश की है। शेख हसीना ने कहा कि भारत द्वारा इन बंदरगाहों का उपयोग करने से स्थानीय स्तर पर लोगों के बीच संपर्क बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश के रूप में बांग्लादेश और भारत के बीच गहरी दोस्ती है। दोनों देशों के बीच मजबूत संबंध भविष्य में भी जारी रहेंगे। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश के दक्षिण-पूर्वी तट पर स्थित चटगांव एक बड़ा बंदरगाह है। भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों से निकटता के कारण चटगांव का रणनीतिक महत्व भी है।

## 22 मार्च

### सभी हाईकोर्ट में बनाये जायेंगे आरटीआई पोर्टल

● सुप्रीम कोर्ट ने सभी हाईकोर्ट को अगले तीन माह के भीतर आरटीआई (सूचना का अधिकार) पोर्टल बनाने के निर्देश दिये हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि आरटीआई अधिनियम, 2005 के लागू होने के 17 वर्ष बाद भी ऑनलाइन आरटीआई पोर्टल नहीं होना उचित नहीं है। हमारा विचार है कि देश के सभी उच्च न्यायालयों में ऑनलाइन आरटीआई पोर्टल स्थापित होना चाहिए। सीजेआई ने कहा कि आरटीआई अधिनियम के तहत नागरिकों को लिखित या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से आवेदन करने का अधिकार है।

● फिनलैंड विश्व का सबसे खुशहाल देश है। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट-2023 में दी गई है। फिनलैंड ने लगातार छठवीं बार सबसे खुशहाल देश का दर्जा हासिल किया है। संयुक्त राष्ट्र की इस रिपोर्ट में एक भी एशियाई देश शीर्ष-10 में जगह नहीं बना पाया। शीर्ष-10 देशों में फिनलैंड के साथ डेनमार्क, आइसलैंड, इजराइल, नीदरलैंड्स, स्वीडन, नॉर्वे, स्विट्जरलैंड, लक्जमबर्ग और न्यूजीलैंड शामिल है। इस रिपोर्ट में विभिन्न देशों के नागरिकों की जीवनचर्या, जीडीपी और सामाजिक भागीदारी आदि को रैंकिंग का आधार बनाया गया है।

## 23 मार्च

### यूक्रेन को 15.6 अरब डॉलर का आर्थिक पैकेज देगा आईएमएफ

● पिछले एक वर्ष से युद्ध का सामना कर रहे यूक्रेन को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने बड़ी राहत दी है। आईएमएफ यूक्रेन को 15.6 अरब डॉलर का कर्ज देने पर सहमत हो गया है। इस पैकेज का उद्देश्य रूस के हमले के बाद वित्तीय संकट से जूझ रही यूक्रेन सरकार को मदद पहुंचाना है। यूक्रेन इस राशि से अपनी सरकारी मशीनरी को सुचारु रख पाएगा और नागरिक सुविधाओं के जरूरी कार्य कर सकेगा। ये आईएमएफ की ओर से युद्ध में शामिल किसी देश के लिए जारी किया गया पहला ऋण होगा, जिसके आने वाले दिनों में स्वीकृत होने की उम्मीद है।

● आयकर विभाग ने करदाताओं की सुविधा के लिए एक नया मोबाइल एप लॉन्च किया है। इस एप को एआईएस फॉर टैक्सपेयर नाम दिया गया है। इस एप के जरिए करदाता टीडीएस सहित वार्षिक सूचना विवरण (एआईएस) देख सकेंगे। आयकर विभाग ने कहा कि इस एप के द्वारा करदाता पिछले वर्ष किए गए सभी वित्तीय लेन-देन की जानकारी देख सकते हैं और आयकर रिटर्न (आईटीआर) भर सकता है।

## 24 मार्च

### भारतीय वायुसेना के लिए खरीदे जायेंगे रडार और रिसीवर

● रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायुसेना के लिए रडार और रिसीवरों की खरीद के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ 3700 करोड़ रुपये से अधिक राशि के दो अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते से भारतीय वायुसेना की परिचालन क्षमताओं में इजाफा होगा। रक्षा मंत्रालय के अनुसार पहला अनुबंध 2800 करोड़ रुपये से ज्यादा का मीडियम पावर रडार (एमपीआर) 'अरुधरा' की आपूर्ति के लिए किया गया है, जबकि दूसरा अनुबंध 950 करोड़ रुपये की लागत वाली 129 डी.आर. 118 रडार वॉर्निंग रिसीवर (आरडब्ल्यूआर) की आपूर्ति से जुड़ा है। यह दोनों परियोजनाएं स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और विनिर्मित श्रेणी के अंतर्गत हैं। इस खरीद का उद्देश्य वायुसेना की निगरानी, ट्रैकिंग और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध क्षमताओं को बढ़ाना है।

● अमेरिका में बिजनेस या टूरिज्म वीजा बी-1 या बी-2 पर जाने वाले लोग वहां नई नौकरी और इंटरव्यू के लिए आवेदन कर सकते हैं। हालांकि इन्हें सुनिश्चित करना होगा कि नई नौकरी शुरू करने से पहले वे अपना वीजा स्टेटस बदलवा लें। अमेरिका के यूएस सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज (यूएससीआईएस) ने जानकारी दी कि जब गैर अप्रवासी कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जाता है तो उन्हें अपने विकल्पों के बारे में पता नहीं होता है। वे समझते हैं कि 60 दिन की तय अवधि के बाद उनके पास अमेरिका छोड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। अब ऐसे गैर अप्रवासी कर्मचारी बी-1 या बी-2 वीजा के जरिए नई नौकरी या इंटरव्यू के लिए आवेदन कर सकेंगे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)


20 Years of Excellence
CUET 2023
(CET-DAVV) UG/PG
9th 10th 11th 12th
PCB, PCM, COM. & ARTS
SUMMER COURSE नर्सिंग
बालाजी ट्यूटोरियल्स (Since 2004)
ऑफिस: 221, वेदा बिल्डिंग, भंवरकुआ इन्दौर
98930-53653
R-48332/2023

isba GROUP OF INSTITUTES
isba Institute of professional studies (Approved by M.P. Govt. & Affiliated to D.A.V.V.)
One of the finest and leading management & commerce colleges initiated by the ISBA Group, which is looking for following positions
Principal-2
Assistant Prof./Associate Prof./Professor
Commerce-10, Fashion Technology-2, Interior Design-2, Chemistry-2, Mathematics-2, Biotechnology-2, Seed Technology/Horticulture-2, Physics-2, Political Science-5, Social Science-5, History-3, Hindi-2, English-2, Computers-2, Economics-3, Librarian-2, Hotel Management-2
Receptionist-2, Tele Callers-5, Counselor-3, Data Entry Operator-5, Marketing Executive-4
Qualifications & Salary as per UGC Norms and Selection under Code 28 of DAVV, Indore
Send your CV with Photo & Covering Letter within 7 days.
Email your CV at: info@isbaindore.in, Call: 0731-2026000/2023000
R-48322/2023

ASTRAL INSTITUTE OF BUSINESS STUDIES, INDORE
Applications Invited
Applications are invited for the Teaching & Non-Teaching (Teaching Positions Under College Code 28 UGC/ AICTE Norms)
Principal / Professor / Assoc. Professor / Asst. Professor
MBA (FT, FA, MM) Finance, Marketing, HR, IT, Business Analytics, Operations, General Management, Financial Administration, Marketing Management
Apply with CV and all xerox testimonials with 2 photograph by
E-mail: hr@astral.ac.in | Mob.: 7999641238
For Non-TEACHING
HR Manager, Registrar, Admin. Officer/Staff, Social/Digital Marketing Executive, Graphic Designer, Accountant, Office Assistant, TPO, PD Trainer, Librarian, Sports Officer, Counsellor, Telecaller, Network Admin, Lab Technician, Computer Operator.
CAMPUS: Kailod Kartal, By Pass Road, Indore
OFFICE : 104, Commerce House Near Janjirwala Square, Indore
R-48323/2023



साप्ताहिक रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें
टैरिफ

| क्रमांक | ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm) | रंगीन रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm) |
|---|---|---|
| 1. डीएवीपी (DAVP) रेट | 13.36 | 18.70 |
| 2. कॉन्ट्रैक्ट रेट | 70.00 | 98.00 |
| 3. कमर्शियल रेट | 80.00 | 112.00 |

फुल पेज का आकार
चौड़ाई - 25 सेंटीमीटर
लंबाई - 37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर - 925 वर्ग सेंटीमीटर



संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।



वर्ष 40, अंक 13 27.03.2023 से 02.04.2023
रोज़गार और निर्माण
rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
- सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

**वार्षिक सदस्य बनने के लिये** रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
**रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011**
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**

रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

## सम्पादकीय

# जनकल्याण में जन अभियान परिषद की अहम भूमिका

प्रदेश के स्वैच्छिक संगठनों को एकजुट कर पर्यावरण संरक्षण, योजनाओं के क्रियान्वयन और कोरोना जैसी विषम परिस्थितियों में जनकल्याण के कार्यों से जुड़ी रही जन अभियान परिषद शासकीय योजनाओं में जनता की भागीदारी के लिये नोडल एजेंसी बनेगी। साथ ही प्रदेश में काम करने वाले स्वैच्छिक संगठन को परिषद के पोर्टल में पंजीयन करवाना अनिवार्य रहेगा। परिषद जनकल्याण के क्षेत्र में अहम भूमिका निभा रही है। इस नाते परिषद से जुड़े सभी लोग बहनों के सशक्तिकरण के लिये शुरू हुई लाड़ली बहना योजना और नये मध्यप्रदेश के निर्माण के संकल्प में संकल्पबद्ध होकर कार्य करें। उपरोक्त बातें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। मुख्यमंत्री भोपाल स्थित जम्बूरी मैदान में प्रदेश में कार्यशील जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाओं, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता, विकास पाठ्यक्रम के मेंटर्स एवं स्वैच्छिक संगठनों के सदस्यों के राज्य स्तरीय महाकुंभ को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन अभियान परिषद ने अद्‌भुत कार्य किया है। यह स्वैच्छिक संगठनों का महासंगठन है, जो अब एक वट वृक्ष बन गया है। परिषद ने जल संरक्षण, नशा मुक्ति और ऊर्जा की बचत जैसे क्षेत्रों में बेहतरीन कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि औरों के लिये जीना ही वास्तविक जीवन है, सिर्फ अपने लिये जीने का कोई अर्थ नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाएं जनता तक पहुंचाने के लिये परिषद परिश्रम के साथ कार्य कर रही है। समाज को जोड़कर ही चमत्कार किया जा सकता है। जनता के कल्याण का चमत्कार तभी होगा, जब समाज सरकार के साथ खड़ा है। मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाना चाहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय था जब सड़कों की कोई सुविधा नहीं थी, बिजली और सिंचाई का अभाव था। आज मध्यप्रदेश इन क्षेत्रों में आत्मनिर्भर है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गौरवशाली, वैभवशाली और शक्तिशाली भारत का निर्माण हो रहा है। पूरा देश प्रधानमंत्री के साथ खड़ा है। पड़ोसी देश भी अपने यहां मोदी जी जैसा प्रधानमंत्री होने की ख्वाहिश रखते हैं। कोविड के दौर में प्रधानमंत्री ने देशवासियों की सहायता कर उनकी हिम्मत बढ़ाने का कार्य किया। भारत में वैक्सीन निर्मित की गयी। जन अभियान परिषद ने भी कोरोना के दौर में जनता के हित में अच्छा कार्य किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहनों के सशक्तिकरण के लिये मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना शुरू की गई। योजना के क्रियान्वयन में परिषद के कार्यकर्ता, सदस्य और पदाधिकारियों को सहयोग करना है। बहनों के मान-सम्मान में वृद्धि के लिये काफी चिंतन के बाद यह योजना प्रारंभ की गई है। योजना के आने से परिवारों में महिलाओं के मध्य साफ्ट प्रेम और सम्मान बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने योजनाओं की विशेषताएं बताते हुये कहा कि संकट के समय इस राशि से मदद मिल सकती है और बहनों के हाथ में राशि होने से राशि का सदुपयोग भी परिवार के हित में होगा। योजना के लिये पात्रता के मुख्य बिंदुओं से भी आमजन को अवगत करवाना आवश्यक है। इसमें भी सभी सदस्यों को सहयोग करना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में पेसा नियम लागू है। प्रदेश के 84 ब्लॉक में पेसा नियम के अंतर्गत ग्रामसभाओं की शांति निवारण समीतियां बनाई जा रही हैं। इस कार्य में परिषद और नवांकुर संस्थाओं की सहयोगी बनना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना, जो सिर्फ कोविड में माता-पिता खोने वाले बच्चों के लिये लागू की गई है। अब उन सभी बच्चों के लिये भी लागू है, जिनके माता-पिता नहीं रहे। अनाथ बच्चों को सहारा देने वाली इस योजना की जानकारी भी जरूरतमदों तक पहुंचाई जाये और उन्हें लाभ दिलवाया जाये।

# प्लास्टिक में घुसे रसायन बढ़ा सकते हैं डायबिटीज का खतरा

डायबिटीज एक ऐसा रोग है, जिससे पूरी दुनिया में लोग बड़ी संख्या में पीड़ित हैं। इससे क्या महिला और क्या पुरुष सभी समान रूप से पीड़ित हैं। दुनियाभर में लगभग 44 करोड़ से ज्यादा डायबिटीज पीड़ित हैं। वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन में दावा किया है थैलेट (प्लास्टिक को अधिक टिकाऊ बनाने वाला रसायन) के संपर्क में आने से महिलाओं में डायबिटीज का खतरा बढ़ सकता है। प्लास्टिक में ईडीसी (विघटनकारी रसायन) की मात्रा होने से महिलाओं के लिये खतरनाक है। थैलेट प्रजनन क्षमता डायबिटीज और विकारों से जुड़ी है। शोधकर्ताओं ने छह वर्षों तक महिलाओं के स्वास्थ्य का अध्ययन किया। इस दौरान यूरोप और एशिया की महिलाओं पर शोध किया कि थैलेट्स डायबिटीज को बढ़ावा देने के लिये जिम्मेदार है। पता चला है कि पांच फीसदी महिलाएं छह साल में डायबिटीज के संपर्क में आईं श्वेत महिलाओं में मधुमेह विकसित होने की संभावना 30 से 63 फीसदी अधिक थी, इस बारे में यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन स्कूल के प्रोफेसर सुंग क्यून ने बताया कि लोग रोजाना थैलेट के संपर्क में आते हैं। इससे पेट संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। प्लास्टिक को अधिक आरामदायक और मजबूत बनाने के लिये थैलेट (एसिड यौगिक) रसायन का उपयोग किया जाता है। इस रसायन समूह को एवरीवेयर कैमिकल भी कहा जाता है। यह देखभाल करने वाले उत्पाद, बच्चों के खिलौनों, खाद्य और पेय पैकेजिंग में अधिक मात्रा में उपयोग किया जाने वाला रसायन है।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

**विश्व रंगमंच दिवस 27 मार्च**

# समाज का आईना है रंगमंच

जीवन ऐसे जीओ कि वह अभिनय की तरह हो। अभिनय ऐसे करो जैसे वह जीवन हो: ओशो का यह कथन जीवन को सहज ढंग से समझने और जीवन के साथ-साथ अभिनय से जुड़ा भी सबसे बड़ा सबक देता है। साहित्यकार एवं नाटककार शेक्सपियर की प्रसिद्ध पंक्तियां हैं, ज़िंदगी एक रंगमंच है और हम सब उसकी कठपुतलियां हैं...इसी से यह समझा जा सकता है कि थियेटर का हमारे जीवन में क्या महत्व है और क्यों इसे समाज का दर्पण माना गया है।

27 मार्च को पूरे विश्व में वर्ल्ड थियेटर डे या विश्व रंगमंच दिवस मनाया जाता है। इस विधा के प्रति लोगों को जागरूक करने और इसे जीवन्त रखने के लिए यह दिन समर्पित है। आज के दिन थियेटर से संबंधित कई ग्रुप खास पेशकश करते हैं। इसके साथ ही इस दिन विश्व के किसी जाने-माने रंगकर्मी द्वारा रंगमंच तथा शांति की संस्कृति विषय पर विचारों को व्यक्त किया जाता है।

सन् 1961 में सबसे पहले हेल्सिंकी और फिर वियना में अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्थान (आगे आईटीआई, इंटरनेशनल थियेटर इंस्टीट्यूट) के नौवें विश्व सम्मेलन के दौरान संस्थान के तत्कालीन अध्यक्ष अर्वी किविमा ने 'विश्व रंगमंच दिवस' की स्थापना किए जाने का प्रस्ताव रखा था। आईटीआई के फिनलैंड स्थित केंद्र की ओर से रखे इस प्रस्ताव का स्कैन्डिनेवियाई केंद्रों ने समर्थन किया। विश्व के अन्य केंद्रों ने इसका जोरदार समर्थन किया। 27 मार्च, 1962 को पहली बार औपचारिक तौर पर अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच दिवस मनाया गया। पेरिस में 'थियेटर ऑफ नेशन्स' सीजन की शुरूआत का भी यह दिन है। तब से अब तक 100 से अधिक राष्ट्रों में स्थापित आईटीआई केंद्रों में इसे व्यापक और विविध रूपों में मनाया जाता है। भारत में इंटरनेशनल थियेटर इंस्टीट्यूट का सेंटर पुणे में स्थित है।

### यूनेस्को और रंगकर्मियों द्वारा स्थापित संस्थान

सन् 1948 में यूनेस्को और विश्व के ख्यातनाम रंगकर्मियों ने मिलकर अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्थान (आईटीआई) की स्थापना प्रॉग (चेक गणराज्य) में की। इसका मुख्यालय वर्तमान में पेरिस में है। आईटीआई परफॉर्मिंग आर्ट के क्षेत्र में काम करने वाला एक महत्वपूर्ण अशासकीय संगठन है, जो औपचारिक रूप से यूनेस्को से सम्बद्ध है। यूनेस्को कला प्रदर्शन की बेहतरी और सुधार के लिए समर्पित संस्था है।

### 2023 का संदेश समिहा अयूब ने दिया

विश्व रंगमंच दिवस पर हर वर्ष रंगकर्म से जुड़ी एक अंतर्राष्ट्रीय शख्सियत संदेश देती है। इस वर्ष यह संदेश दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से एक मिस्र देश की अभिनेत्री और रंगकर्मी समिहा अयूब ने दिया है। 91 वर्षीय समिहा को रंगकर्म के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए कई महत्वपूर्ण सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। समिहा ने अपने प्रसारित संदेश में इस बात का जिक्र किया है कि आज हम तकनीक और संचार के कारण एक-दूसरे के बहुत नज़दीक हैं, लेकिन दूसरी तरफ सरहद और वैचारिक संघर्ष पूरी दुनिया में बढ़ रहे हैं। ऐसे में हमें रंगकर्म की विधा के माध्यम से दुनिया को बेहतर बनाने के लिए अपना योगदान देना है।

### भारतीय भाषा में रंगमंच

रंगमंच वह स्थान है जहां नृत्य, नाटक, खेल आदि होते हैं। रंगमंच शब्द रंग और



मंच दो शब्दों से मिलकर बना है। एक रंग जिसके तहत दृश्य को आकर्षक बनाने के लिए दीवारों, छतों और पर्दों पर विविध प्रकार की चित्रकारी की जाती है। साथ ही अभिनेताओं की वेशभूषा और सज्जा में भी विविध रंगों का प्रयोग होता है। दूसरा मंच- जिसके तहत दर्शकों की सुविधा के लिए रंगमंच का तल फर्श से कुछ ऊंचा रहता है। वहीं दर्शकों के बैठने के स्थान को प्रेक्षागार और रंगमंच सहित समूचे भवन को प्रेक्षागृह, रंगशाला या नाट्यशाला कहते हैं। पश्चिमी देशों में इसे थिएटर या ऑपेरा के नाम से जाना जाता है। माना जाता है कि नाट्यकला का विकास सर्वप्रथम भारत में ही हुआ।

### भरत मुनि ने पांचवां वेद नाट्यवेद लिखा

भरत मुनि ने 'नाट्यशास्त्र' के लिए 'नाट्यवेद' लिखा यानी उसे वेद की संज्ञा दी। वेद शब्द का व्यवहार रामायण के लिए नहीं किया गया, महाभारत के लिए नहीं किया गया। लेकिन भरत मुनि ने अपने ग्रंथ के लिए नाट्यवेद शब्द का प्रयोग किया।

### लोकनाट्य की परंपरा

जर्मनी के महान नाटककार बर्तोल्त ब्रेख्त ने नाटकों द्वारा अपनी विचारधारा का प्रचार-प्रसार करने के लिए 'एपिक थियेटर' नाम से नाट्य मंडली का गठन किया था। हिंदी में एपिक थियेटर को लोक नाटक के रूप में जाना जाता है। बर्तोल्त ब्रेख्त के एपिक थियेटर की अवधारणा एशियाई देशों के पारंपरिक रंगमंच से की गई थी। रंगमंच एवं अभिनय के क्षेत्र में उनके 'एलियेनेशन इफेक्ट' यानी विरक्ति के प्रभाव का आधार यह पारंपरिक रंगमंच ही रहे हैं। ब्रेख्त कहा करते थे 'नाटक को कुछ इस प्रकार प्रस्तुत किया जाए दर्शक को नाटक के चरित्र से तारतम्य स्थापित करने से रोका जाए। चरित्रों के क्रियाकलापों के प्रति स्वीकार या इंकार का भाव दर्शकों की चेतना के स्तर पर हो न कि अवचेतन स्तर पर हो, जैसा कि पहले सोचा जाता था।' यानी पाठक चरित्र के साथ डूबे नहीं, मुग्ध न हों, बराबर नाटक से अपने को अलग रखें। ब्रेख्त की नाट्य अवधारणा को इरविन पिस्काटर ने थोड़ा और स्पष्ट करते हुए कहा था 'नाटक देखने वाला दर्शकों में संवेदना जगाने की क्षमता को उद्वेलित करना, इस नाट्य मंडली का काम नहीं है। एपिक थियेटर यानी नाट्य मंडली भावना जगाने की बजाए चकित करने पर जोर देता है। यदि इसे दूसरे ढंग से कहा जाए तो दर्शक नायक से खुद को जोड़ने या एकाकार करने की बजाय उन परिस्थितियों पर ध्यान दें, चकित हों, जिसमें नायक फंसा है।'

### देश में संचालित थियेटर के प्रमुख शैक्षणिक संस्थान

**नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा :** नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा दुनिया के शीर्ष नाट्य प्रशिक्षण संस्थान में शामिल है। इसकी स्थापना संगीत नाटक अकादमी के रूप में 1959 में की गई था। साल 1975 इसे एक स्वतंत्र संस्था बना दिया गया। इसका रजिस्ट्रेशन साल 1860 के सोसायटी पंजीकरण धारा XXI के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था के रूप में किया गया।

**बैरी जॉन एक्टिंग स्टूडियो :** इस स्टूडियो की शुरुआत 1999 में फिल्म सिटी, नोएडा से हुई थी। स्टूडियो में थिएटर से जुड़ी एजुकेशन दी जाती है। बाद में यहां पढ़ने वाले कुछ स्टूडेंट्स, कास्टिंग डायरेक्टर्स और प्रोड्यूसर्स के कहने पर इस स्टूडियो को नोएडा से मुंबई में स्थापित कर दिया गया।

**राज्य नाट्य विद्यालय :** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय एनएसडी के तर्ज पर मध्यप्रदेश में 2011 में राज्य नाट्य विद्यालय की स्थापना की गई थी। इस संस्थान का उद्देश्य प्रदेश की रंग प्रतिभाओं को निखारना है।

**रूढ़िवादिता के विरुद्ध सशक्त अस्त्र है रंगकर्म :** प्राचीनकाल से, थियेटर न केवल कलाकारों के रूप में उनकी प्रतिभा का प्रदर्शन करने बल्कि कलाकारों के लिए एक मंच तैयार करने के रूप में काम कर रहा है, थियेटर सामाजिक बुराइयों को समाज के सामने लाने के लिए एक मंच तैयार कर रहा है जो आम जनता से संबंधित है और उन्हें उनके सामने मौजूद स्थितियों के बारे में जागरूक कर रहा है। इसने समाज में मौजूद रूढ़िवादी विचारों को चुनौती दी है और कुछ ऐतिहासिक अवसरों में रंगमंच (थियेटर) ने समाज में सदियों पुरानी प्रचलित कट्टरपंथियों के खिलाफ आक्रोश का एक मंच दिया है। विश्व रंगमंच दिवस एक ऐसा अवसर होता है जब दुनियाभर में लोगों को निकट लाने, अमन और भाईचारे को बढ़ावा देने तथा आपसी समझ को विस्तार देने के लिए रंगकर्मी अपने दर्शकों/श्रोताओं से रूबरू होते हैं तथा उन्हें कला में अन्तर्निहित शक्ति का परिचय कराते हैं। रंगमंच दिवस के अवसर पर दुनिया के हर कोने में अंतरंग और बहिरंग समारोहों के आयोजन जनभागीदारी के साथ किए जाते हैं। थियेटर की विभिन्न शैलियों, नव प्रयोगों, शहरी और लोक थियेटर के मिलाप और विश्वस्तरीय रंगमंचीय प्रयोगों को निकट लाने के ध्येय से इस अवसर का उपयोग किया जाता है। टीवी, रेडियो, थियेटरों में निःशुल्क और सशुल्क प्रदर्शनों के माध्यम से रंगकर्मी अपनी कला का विस्तार धुर थियेटर प्रेमियों से लेकर नव-दर्शकों तक करते हैं।

### रंगमंच से हम सीखते हैं नेतृत्व क्षमता और विश्लेषणात्मक सोच

हमारे जीवन में शिक्षा में कला का होना भी बहुत महत्वपूर्ण और उपयोगी है क्योंकि रंगमंच से विश्लेषणात्मक सोच, जीवन कौशल, टीम वर्क और बहुत कुछ नया करने को मिलता है, रंगमंच विधा में वह सब है जो आपको निजी और सार्वजनिक जीवन में जानना आवश्यक है क्योंकि शिक्षा में कला का प्रयोग बच्चों को अधिक रचनात्मक बनाता है।

**शारीरिक रूप से मजबूत बनाता:** जब हम किरदारों को आकार देते हैं तब हमको सबसे निष्क्रिय प्रदर्शन, लंबे समय तक काम करने की आवश्यकता होती है। रंगकर्म के अभ्यास से शरीर में लचीलापन, समन्वय, संतुलन और नियंत्रण बनता है। इसी तरह रंगमंच हमारे मन, दिल, दिमाग के अलावा हमारे शरीर के लिए भी बेहद लाभदायक है।

**बेहतर होती है याददाश्त :** रंगकर्म की भूमिका याददाश्त को बेहतर करने में भी है, क्योंकि जब हम किसी भी नाटक की प्रस्तुति के पहले होने वाली प्रक्रिया यानी कि पूर्वाभ्यास करते हैं। संवाद को याद करते हैं तब हमारी याददाश्त में सुधार होता है।

सर्जना चतुर्वेदी
(लेखिका : समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

क्रमांक 16571/04/2022/चयन इन्दौर, दिनांक : 16.03.2023

## पदनाम - वैज्ञानिक अधिकारी (भौतिकी)

## चयन - सूची (मुख्य भाग - 87 प्रतिशत)

आयोग के विज्ञापन **क्रमांक 14/2021 दिनांक 30.12.2021** एवं समय-समय पर जारी शुद्धिपत्रादि, सूचनाओं आदि के संदर्भ में गृह विभाग के अंतर्गत विज्ञापित पद - **वैज्ञानिक अधिकारी (भौतिकी)** के कुल-15 पद (अनारक्षित-04, अ.जा.-02, अ.ज.जा.-03, अ.पि.वर्ग-04, ई.डब्ल्यू.एस.-02) इनमें से महिलाओं हेतु आरक्षित पद - अनारक्षित-01, अ.जा.-01, अ.ज.जा.-01, अ.पि.वर्ग-01, ई.डब्ल्यू.एस.-01 (कुल विज्ञापित पदों में से दिव्यांगजन के लिए आरक्षित पद - अस्थिबाधित-01, दृष्टिबाधित-निरंक, श्रवणबाधित-01 एवं बहु-दिव्यांग-निरंक पद आरक्षित) विज्ञापित किए गए हैं। उक्त पदों की पूर्ति के लिए अर्ह आवेदकों के साक्षात्कार **दिनांक 14.03.2023** को आयोजित किए गए।

2. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक दिनांक 29.09.2022 में दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुपालन में गृह विभाग के पत्र क्रमांक एफ 1(बी) 152/16/बी-4/दो दिनांक 26.12.2022 में उल्लेखित रिक्ति विवरण के अनुसार आयोग द्वारा विज्ञापित शुद्धि पत्र क्रमांक 05/14/2021 दिनांक 03.01.2023 के माध्यम से उपरोक्त विज्ञापन क्रमांक 14/2021 दिनांक 30.12.2021 के अंतर्गत विज्ञापित पदों का 87 प्रतिशत मुख्य भाग एवं 13 प्रतिशत प्रावधिक भाग की रिक्तियों का पद विभाजन विज्ञापित किया गया है जिसके अनुसार, चयन परिणाम दो भागों में मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग के रूप में घोषित किया जाना प्रावधानित किया गया है। चयन परिणाम केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) का घोषित किए जाने के प्रावधान के तहत मुख्य भाग हेतु पुनरीक्षित रिक्तियों का विवरण निम्नांकित तालिका में अंकित है। उक्त शुद्धि पत्र दिनांक 03.01.2023 के बिन्दु क्रमांक 3 में उल्लेखित कंडिका के अनुसार प्रावधिक भाग का चयन परिणाम अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण के संबंध में प्रचलित न्यायालयीन प्रकरण के अंतिम न्यायिक निर्णय के पश्चात् घोषित किया जाएगा।
3. अतएव साक्षात्कार में प्राप्तांकों के गुणानुक्रम के आधार पर निम्नानुसार केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) की चयन सूची घोषित की जाती है :–

**वैज्ञानिक अधिकारी (भौतिकी) (गृह विभाग)**

**पद विवरण तालिका (मुख्य भाग - 87 प्रतिशत)**

| | अनारक्षित | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | ई.डब्ल्यू.एस. | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **कुल पदों की संख्या** | 4 | 2 | 3 | 2 | 2 | **13** |
| इनमें से महिलाओं के लिए आरक्षित पद | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | |
| कुल पदों में से अस्थिबाधित दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद | | | | | 1 | |
| कुल पदों में से श्रवणबाधित दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद | | | | | 1 | |

**मुख्य सूची**

| स.क्र. | अनुक्रमांक | नाम | लिंग | | Seat | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2010 | SHEKHAR TYATGI | M | | UNR | UNR |
| 2. | 2032 | ANAND YADAV | M | | OBC | OBC |
| 3. | 2104 | PRINCE KUMAR JAIN | M | | EWS | EWS |
| 4. | 2058 | POOJA AHIRWAR | F | | SCF | SC |
| 5. | 2064 | MANEESHA DHARWAN | F | | OBCF | OBC |
| 6. | 2138 | AJAY SINGH UTIYE | M | | ST | ST |
| 7. | 2106 | NEHA JAIN | F | | EWSF | EWS |
| 8. | 2128 | RASHMI KAME | F | प्रावधिक | SC | SC |

**अनुपूरक सूची**

| स.क्र. | अनुक्रमांक | नाम | लिंग | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2004 | DEEPTI JAIN | F | UNR |
| 2. | 2100 | HEMANT SINGH KUNWAR | M | UNR |
| 3. | 2077 | DHARMESH PRABHULALRATH RATHAUD | M | OBC |
| 4. | 2052 | SHIKHA SHRIVASTAVA | F | UNR |
| 5. | 2034 | ARCHANA PATIDAR | F | OBC |
| 6. | 2154 | PHARINDRA KUMAR SHARMA | M | EWS |
| 7. | 2083 | JYOTI BAMNE | F | SC |

**टीप :–**

1. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ-7-46/99/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 07 नवम्बर, 2000 में दिए निर्देशों के तहत अनारक्षित (ओपन) पदों पर चयन हेतु निर्धारित मापदंड के तहत आरक्षित वर्ग के वे ही आवेदक ऐसे ओपन पदों पर चयनित किए गए हैं जो कि हर प्रकार से सामान्य वर्ग के उम्मीदवार के समान ही बिना किसी रियायत के योग्यता प्राप्त किए हों। किसी प्रकार की रियायत को प्राप्त किए बिना तथा मेरिट में आने पर ही आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों का चयन मेरिट गुणानुक्रम के आधार पर अनारक्षित पदों पर किया गया है।
2. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी/3-2/97/3/एक भोपाल, दिनांक 10.02.1997 की कंडिका 05 के परिपालन में घोषित की गई चयन सूची में पर्याप्त संख्या में महिला अभ्यर्थी अनुपलब्ध होने की दशा में महिलाओं हेतु आरक्षित पदों को संबंधित प्रवर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों से भरा गया है।
3. चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद यदि कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि आयोग के संज्ञान में आती है तो आयोग के पास चयन परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
4. कुल विज्ञापित पदों में से शुद्धिपत्र दिनांक 03.01.2023 में उल्लेखित मुख्य भाग - 87 प्रतिशत हेतु विज्ञापित विज्ञापित कुल 13 पदों में से 02 पद (अ.ज.जा.-02) पर्याप्त संख्या में योग्य आवेदक उपलब्ध नहीं होने के कारण पद रिक्त रहे हैं। कुल विज्ञापित पदों में से दिव्यांग श्रेणी हेतु 02 पद (अस्थिबाधित-01, श्रवणबाधित-01 पद) विज्ञापित है परन्तु दिव्यांग श्रेणी हेतु अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने के कारण (अस्थिबाधित-01, श्रवणबाधित-01 पद) कुल 02 पद रिक्त रहे हैं। शासन निर्देश के परिपालन में दिव्यांगजनों के पद रिक्त रहने की स्थिति में अनारक्षित वर्ग के विज्ञापित पदों से उतने ही पद रिक्त रखे जाने का प्रावधान है। अतः कुल 02 पद दिव्यांगजनों के रिक्त पद के विरुद्ध अनारक्षित वर्ग से रिक्त रखे गए हैं। इस प्रकार कुल 02+02 = 04 पद रिक्त रहे हैं।
5. घोषित चयन परिणाम मान. उच्च न्यायालय में लंबित याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी. 5901/2019 एवं अन्य समान याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा। इसीप्रकार ई.डब्ल्यू.एस. वर्ग के अभ्यर्थियों के चयन की अभ्यर्थिता शुद्धिपत्र दिनांक 25.05.2022 में वर्णित कंडिका 03 में उल्लेखित याचिका क्रमांक 2108/2022 के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा।
6. न्यायालयीन प्रकरण वाले अभ्यर्थियों के चयन परिणाम रोके जाकर मान. न्यायालय के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रखे गए हैं।

सचिव

जी-24692/48314/2023 म.प्र. लोक सेवा आयोग, इंदौर

---

## कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल

ईमेल - ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन - 0755-2767635, फैक्स - 0755-2552406

**निविदा सूचना क्रमांक - 973/2022-23/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ भोपाल, दिनांक : 14.03.2023**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 03.04.2023 को 17.30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | निविदा क्र. | कार्य | जिला | लागत (लाख) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023_WRD_260229 | **टर्न की पद्धति पर** :– पेंच व्यपवर्तन परियोजना अंतर्गत ग्राम सिहोरामाल क्र. एन.एच.-347 से पेंच बांध आर.डी. 3390 मी. तक बिटुमिन रोड़ का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | सिवनी | 1054.76 |
| 2. | 2023_WRD_260230 | **टर्न की पद्धति पर** :– सूरजपुरा मध्यम परियोजना के अंतर्गत ब्लॉक केसली में मुख्य नहर एवं माइनर नहर में अर्थवर्क एवं स्ट्रक्चर्स निर्माण तथा मुख्य एवं माइनर नहर में लाइनिंग का शेष निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | सागर | 2036.19 |
| 3. | 2023_WRD_260264 | **टर्न की पद्धति पर** :– टिकटोली डिस्ट्रीब्यूटरी हर्सी हाई लेवल कैनाल के द्वारा 3700 हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा 5 हेक्टर चक तक उपलब्ध कराने प्रेशराईज्ड पाइप (सूक्ष्म) प्रणाली का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं। | ग्वालियर | 4369.21 |
| 4. | 2023_WRD_260302 | **टर्न की पद्धति पर** :– जमुनिया सूक्ष्म सिंचाई योजना का निर्माण कार्य एवं पाटतलाई (सूक्ष्म) उद्वहन सिंचाई योजना का विस्तारीकरण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | सीहोर | 1811.58 |

जी-24689/48313/2023 मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

---

## कार्यालय कार्यपाल यंत्री

## म.प्र. लोक निर्माण विभाग संभाग शिवपुरी (म.प्र.)

Website : www.mp.gov.in/pwdmp, E-mail : eepwdshivpuri@mp.nic.in

Phone : 07492-233353 (O), Fax : 07492-233644

**निविदा विज्ञप्ति क्रमांक : 30/2022-23 शिवपुरी, दिनांक : 13.03.2023**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नांकित कार्य हेतु नवीन निविदा प्रपत्र 2.10 पर आमंत्रण की **सूचना क्रमांक 30/2022-23 शिवपुरी दिनांक 13.03.2023** द्वारा प्रचलित **सड़क एवं पुल कार्य की दर अनुसूची दिनांक 25.03.2022** पर निविदा लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार श्रेणी हेतु आमंत्रित की जाती है। जिसका सम्पूर्ण विवरण **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। विभाग तकनीकी समस्याओं के लिए जिम्मेदार नहीं होगा एवं किन्हीं कारणों से की जाने वाली परिवर्तन की सूचना वेबसाइट पर ही देखें। पृथक से प्रकाशित नहीं की जावेगी।

**क्र. एवं कार्य का नाम** :– 1. निर्माण कार्य नयागांव से छिरारी रोड लंबाई 14.00 कि.मी. ओवर हैड लाइन 11KV/LT पोल शिफ्टिंग कार्य सहित जिला शिवपुरी (म.प्र.)

| टेण्डर आई.डी. | (1) ठेके की अनु. लागत राशि (2) अमानत राशि | टेण्डर फार्म की राशि (रुपये में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | पंजीयन श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 2023_PWDRB_260295_1 | (1) 2152.74 लाख (2) 10,76,370/- | 50,000/- + (पोर्टल चार्ज) | 24 माह वर्षाकाल सहित प्रथम आमंत्रण | लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार |
| **क्र. एवं कार्य का नाम** :– 2. निर्माण कार्य नोहरा से हरपालपुरा सिलपुरा खनियाधाना रोड लंबाई 9.10 कि.मी. ओवर हैड लाइन 11KV/LT पोल शिफ्टिंग कार्य सहित जिला शिवपुरी (म.प्र.) | | | | |
| 2023_PWDRB_260307_1 | (1) 1158.32 लाख (2) 10,00,000/- | 30,000/- + (पोर्टल चार्ज) | 18 माह वर्षाकाल सहित प्रथम आमंत्रण | लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार |
| **क्र. एवं कार्य का नाम** :– 3. निर्माण कार्य पी.एम.जी.एस.वाय. पड़ोर मार्ग से ग्राम सालौरा दाखिली तक वाया हीरापुर मार्ग लंबाई 3.10 कि.मी. ओवर हैड लाइन 11KV/LT पोल शिफ्टिंग कार्य सहित जिला शिवपुरी (म.प्र.) | | | | |
| 2023_PWDRB_260312_1 | (1) 259.30 लाख (2) 2,59,300/- | 15,000/- + (पोर्टल चार्ज) | 09 माह वर्षाकाल सहित प्रथम आमंत्रण | लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार |
| **क्र. एवं कार्य का नाम** :– 4. कन्स्ट्रक्शन ऑफ एप्रोच रोड साउथ साइड नरवर जिला शिवपुरी (म.प्र.) | | | | |
| 2023_PWDRB_260317_1 | (1) 32.85 लाख (2) 50,000/- | 5,000/- + (पोर्टल चार्ज) | 03 माह वर्षाकाल सहित द्वितीय आमंत्रण | लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार |
| **क्र. एवं कार्य का नाम** :– 5. फ्लड डेमेज कार्य एवं सुदृढ़ीकरण माढ़ा से खतौरा वाया इंदार मार्ग लंबाई 6.00 कि.मी. जिला शिवपुरी (म.प्र.) | | | | |
| 2023_PWDRB_260321_1 | (1) 299.20 लाख (2) 2,99,200/- | 15,000/- + (पोर्टल चार्ज) | 09 माह वर्षाकाल सहित द्वितीय आमंत्रण | लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार |
| **क्र. एवं कार्य का नाम** :– 6. फ्लड डेमेज कार्य एवं सुदृढ़ीकरण मथना कुटवारा इंदार मार्ग लंबाई 4.90 कि.मी. जिला शिवपुरी (म.प्र.) | | | | |
| 2023_PWDRB_260325_1 | (1) 245.75 लाख (2) 2,45,750/- | 15,000/- + (पोर्टल चार्ज) | 09 माह वर्षाकाल सहित द्वितीय आमंत्रण | लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार |
| **क्र. एवं कार्य का नाम** :– 7. बी.टी. रिन्यूवल वर्क ओल्ड एन.एच.-25 करैरा टाउन पोर्शन लंबाई 5.30 कि.मी. (फोरलेन 2060 मीटर एवं टूलेन 3740 मीटर = 5800 मीटर) जिला शिवपुरी (म.प्र.) | | | | |
| 2023_PWDRB_260327_1 | (1) 268.50 लाख (2) 2,68,500/- | 15,000/- + (पोर्टल चार्ज) | 03 माह वर्षाकाल सहित द्वितीय आमंत्रण | लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार |

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन निविदा जारी व डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | : 15.03.2023 प्रातः 10.30 बजे से। |
| ऑनलाइन निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | : **29.03.2023 सायं 17.30 बजे तक।** |
| ऑनलाइन निविदा दर खुलने की तिथि | : 31.03.2023 प्रातः 11.00 बजे। |

उक्त कार्य की ई.एम.डी. एवं समस्त दस्तावेज जो पूर्व में भौतिक रूप से संभाग कार्यालय में जमा किये जाते थे। उन्हें प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग भोपाल के आदेश क्रमांक/401/सा/ई-टेण्डरिंग/09/1088 दिनांक 05.11.2020 के निर्देशानुसार, ऑनलाइन ही मान्य किये जावेंगे। यदि ई.एम.डी. एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत नहीं किये जाते हैं, तो ऐसी निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं तथा सम्पूर्ण जानकारी पोर्टल पर प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी विलम्ब एवं अन्य समस्याओं के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

**नोट** :– निविदाकारों से आग्रह है, कि Bid Data Sheet की कंडिका 22 का विस्तृत अवलोकन करने के पश्चात् ही निविदा दर का आकलन करें।

कार्यपालन यंत्री

जी-24721/48316/2023 लोक निर्माण विभाग संभाग शिवपुरी (म.प्र.)

## कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक
## महिला एवं बाल विकास, जबलपुर संभाग

**मकान नं. 46 शरद पुंज, गोरखपुर थाने के सामने नर्मदा रोड गोरखपुर जबलपुर-482003, मध्यप्रदेश**

### आवेदन आमंत्रण की सूचना

जबलपुर संभाग के जिलों में 99 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, 207 आंगनवाड़ी सहायिकाओं तथा 03 मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के पूर्णतः अस्थाई एवं मानदेय आधारित पदों के लिए पात्र महिला अभ्यर्थियों से निम्नानुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र. | जिले का नाम | परियोजना का नाम | आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद संख्या | आंगनवाड़ी सहायिका पद संख्या | मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद संख्या | जिला कार्यालय का दूरभाष क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | डिंडोरी | डिंडोरी | 5 | 3 | 0 | 7644-234965 |
| 2. | | अमरपुर | 2 | 3 | 0 | |
| 3. | | समनापुर | 2 | 1 | 0 | |
| 4. | | बजाग | 1 | 0 | 0 | |
| 5. | | करंजिया | 2 | 6 | 0 | |
| 6. | | मेहंदवानी | 1 | 2 | 0 | |
| 7. | | शहपुरा | 1 | 2 | 0 | |
| 8. | नरसिंहपुर | नरसिंहपुर | 6 | 2 | 0 | 7792230512 |
| 9. | | गोटेगांव | 1 | 6 | 0 | |
| 10. | | करेली | 3 | 1 | 0 | |
| 11. | | चॉवरपाठा | 2 | 4 | 0 | |
| 12. | | चीचली | 3 | 1 | 0 | |
| 13. | | सांईखेड़ा | 1 | 1 | 0 | |
| 14. | मंडला | बीजाडांडी | 3 | 2 | 0 | |
| 15. | | घुघरी | 1 | 1 | 0 | |
| 16. | | मंडला | 2 | 0 | 0 | |
| 17. | | मवई | 0 | 4 | 0 | |
| 18. | | मोहगांव | 0 | 0 | 1 | |
| 19. | | नैनपुर | 0 | 4 | 0 | |
| 20. | | नारायणगंज | 0 | 1 | 0 | |
| 21. | | निवास | 0 | 1 | 0 | |
| 22. | कटनी | बहोरीबंद | 3 | 0 | 0 | 7622221232 |
| 23. | | ढीमरखेड़ा | 2 | 3 | 0 | |
| 24. | | कटनी शहरी | 1 | 2 | 0 | |
| 25. | | मुड़वारा | 1 | 1 | 0 | |
| 26. | | रीठी | 1 | 2 | 0 | |
| 27. | | विजयराघवगढ़ | 0 | 0 | 1 | |
| 28. | बालाघाट | बैहर | 3 | 4 | 0 | 07632241637 |
| 29. | | बिरसा | 0 | 6 | 0 | |
| 30. | | परसवाड़ा | 2 | 7 | 0 | |
| 31. | | बालाघाट ग्रामीण | 0 | 4 | 0 | |
| 32. | | किरनापुर | 1 | 7 | 0 | |
| 33. | | लांजी | 1 | 5 | 0 | |
| 34. | | वारासिवनी | 1 | 4 | 0 | |
| 35. | | लालबर्रा | 0 | 1 | 0 | |
| 36. | | कटंगी | 1 | 4 | 0 | |
| 37. | | खैरलांजी | 0 | 4 | 0 | |
| 38. | | बालाघाट शहरी | 0 | 2 | 0 | |
| 39. | सिवनी | सिवनी ग्रामीण 01 | 1 | 0 | 0 | 77692228191 |
| 40. | | सिवनी ग्रामीण 02 | 2 | 1 | 0 | |
| 41. | | केवलारी | 2 | 1 | 0 | |
| 42. | | बरघाट | 1 | 0 | 0 | |
| 43. | | लखनादौन | 2 | 3 | 0 | |
| 44. | | घंसौर | 8 | 11 | 0 | |
| 45. | | धनौरा | 2 | 3 | 0 | |
| 46. | | छपारा | 2 | 3 | 0 | |
| 47. | | कुरई | 1 | 4 | 0 | |
| 48. | | धूमा | 5 | 3 | 0 | |
| 49. | | सिवनी शहरी | 1 | 0 | 0 | |
| 50. | छिंदवाड़ा | अमरवाड़ा | 1 | 4 | 0 | 7162243421 |
| 51. | | बिछुआ | 3 | 4 | 0 | |
| 52. | | चौरई | 0 | 1 | 0 | |
| 53. | | परासिया-1 | 0 | 2 | 0 | |
| 54. | | परासिया-2 | 2 | 2 | 0 | |
| 55. | | पांढुर्णा | 1 | 2 | 0 | |
| 56. | | जुन्नारदेव-1 | 0 | 5 | 0 | |
| 57. | | जामई-2 | 1 | 13 | 0 | |
| 58. | | मोहखेड़ | 0 | 6 | 0 | |
| 59. | | तामिया | 1 | 7 | 0 | |
| 60. | | सौंसर | 1 | 3 | 0 | |
| 61. | | हर्रई | 3 | 5 | 0 | |
| 62. | जबलपुर | जबलपुर शहरी-01 | 0 | 2 | 0 | 7612623810 |
| 63. | | जबलपुर शहरी-02 | 0 | 3 | 0 | |
| 64. | | जबलपुर शहरी-04 | 0 | 4 | 0 | |
| 65. | | जबलपुर शहरी-05 | 0 | 0 | 1 | |
| 66. | | जबलपुर शहरी-06 | 0 | 3 | 0 | |
| 67. | | पाटन | 3 | 0 | 0 | |
| 68. | | कुण्डम | 0 | 3 | 3 | |
| 69. | | पनागर | 1 | 4 | 0 | |
| 70. | | शहपुरा | 0 | 1 | 0 | |
| 71. | | बरगी | 2 | 2 | 0 | |
| 72. | | मझौली | 0 | 1 | 0 | |
| | | योग - | 99 | 207 | 03 | |

उपरोक्त चार्ट अनुसार आंगनवाड़ी केन्द्रों की नामवार सूची एवं नियम निर्देश/शर्तें आवेदन का प्रारूप एवं अन्य अर्हताएं संबंधित जिला कार्यालय एवं संबंधित एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। जिस ग्राम/वार्ड में रिक्त पद की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया है, आवेदिका ग्रामीण क्षेत्र में उसी राजस्व ग्राम, शहरी क्षेत्र में उसी वार्ड की निवासी होना चाहिये। संबंधित महिला आवेदक अपने पूर्णतः भरे आवेदन पत्र मय आवश्यक सहपत्रों सहित संबंधित एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय में कार्यालयीन दिवस एवं समय पूर्वान्ह 10.00 बजे से सायं 06.00 बजे तक में विज्ञापन प्रकाशन होने की **तिथि से 15 दिवस तक जमा कराकर निर्धारित प्रारूप में प्राप्ति** अभिस्वीकृति प्राप्त कर सकते हैं। **संभागीय कार्यालय, महिला एवं बाल विकास, जबलपुर संभाग में आवेदन स्वीकार नहीं किये जावेंगे।**

**संभागीय संयुक्त संचालक**

**जी-24675/48312/2023** **महिला एवं बाल विकास जबलपुर संभाग**

## कार्यालय प्रमुख अभियंता
## जल संसाधन विभाग, भोपाल

**ईमेल - ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन - 0755-2767635, फैक्स - 0755-2552406**

**निविदा सूचना क्रमांक - 972/2022-23/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/** **भोपाल, दिनांक : 14.03.2023**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 06.04.2023 को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | निविदा क्र. | कार्य | जिला | लागत (लाख) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023_WRD_ 260225 | धिनका बैराज में गेट लगाने तथा डाउनस्ट्रीम प्रोटेक्शन का निर्माण कार्य। | शाजापुर | 117.28 |
| 2. | 2023_WRD_ 260226 | **टर्न की पद्धति पर :–** खामोद आंजना बैराज की सुरक्षा दिवार का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | इन्दौर | 59.22 |
| 3. | 2023_WRD_ 260227 | बारना बांध के रेस्ट हाउस, रेडियल गेट एवं सैडल डैम पर केबल प्रदाय एवं बिछाने का कार्य। | रायसेन | 35.83 |
| 4. | 2023_WRD_ 260228 | बारना बांध के रेडियल गेट्स, सैडल डैम, पावर हाउस के पैनल का आधुनिकरण का कार्य। | रायसेन | 23.35 |
| 5. | 2023_WRD_ 260240 | लाछोरा तालाब के डूब क्षेत्र में प्रस्तावित मार्ग, एक बाक्स टाइप कलवर्ट एवं 03 नं. सी.डी. का निर्माण कार्य। | खरगोन | 36.54 |
| 6. | 2023_WRD_ 260241 | एस.डी.एम.एफ. अंतर्गत दतिया सिंचाई नहर (विस्तारित) की 3-आर माइनर की आर.डी. 0 से 2652 मी. तक की सी.सी. लाइनिंग का मरम्मत कार्य। | दतिया | 51.46 |
| 7. | 2023_WRD_ 260242 | एस.डी.एम.एफ. अंतर्गत दतिया सिंचाई नहर परियोजना अंतर्गत सलोन वितरिका का मरम्मत कार्य। | दतिया | 62.01 |
| 8. | 2023_WRD_ 260243 | **टर्न की पद्धति पर :–** गुढ़ा स्टॉप डेम कम कॉजवे का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | दतिया | 344.61 |
| 9. | 2023_WRD_ 260245 | जल विज्ञान प्रयोगशाला हथाईखेड़ा (भोपाल) में केन बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत दौधन बांध, जिला-छतरपुर की स्टडी हेतु 2-डी एवं 3-डी मॉडल निर्माण कार्य। | भोपाल | 36.02 |
| 10. | 2023_WRD_ 260246 | **टर्न की पद्धति पर :–** अदनवारा स्टाप डेम का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | दमोह | 725.13 |
| 11. | 2023_WRD_ 260247 | **टर्न की पद्धति पर :–** तिलावली स्टॉप डेम का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | मुरैना | 421.64 |
| 12. | 2023_WRD_ 260248 | अर्दला बांध का वार्षिक मरम्मत कार्य। | खण्डवा | 39.79 |
| 13. | 2023_WRD_ 260249 | झालड़ा बैराज के समीप घाट निर्माण एवं संरक्षण का कार्य। | शाजापुर | 91.18 |
| 14. | 2023_WRD_ 260250 | भिलखेड़ी बैराज के समीप घाट निर्माण एवं संरक्षण का कार्य। | शाजापुर | 116.19 |
| 15. | 2023_WRD_ 260251 | टंचकेश्वर बैराज के समीप घाट निर्माण एवं डाउनस्ट्रीम प्रोटेक्शन का निर्माण कार्य। | शाजापुर | 430.62 |
| 16. | 2023_WRD_ 260252 | लालाखेड़ी (हरणगांव) बैराज के समीप घाट निर्माण एवं डाउनस्ट्रीम प्रोटेक्शन का निर्माण कार्य। | शाजापुर | 294.24 |
| 17. | 2023_WRD_ 260253 | टर्न की पद्धति पर उमरार जलाशय के फीडर चैनल की खुदाई, मछरार नदी से उमरार नदी के सहायक नाले तक रूपांकित एल-सेक्शन अनुसार हैड स्लूस, एन.पी. 4 ह्यूम पाइप बिछाने का कार्य एवं पूर्व में निर्मित मछरार नदी पर स्टॉप डैम का मरम्मत कार्य तथा संचालन एवं दो वर्ष तक रखरखाव का कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | उमरिया | 640.46 |
| 18. | 2023_WRD_ 260258 | खोरीपुरा जलाशय के बांध का वार्षिक मरम्मत एवं जंगल सफाई का कार्य। | नर्मदापुरम् | 190.09 |
| 19. | 2023_WRD_ 260260 | **टर्न की पद्धति पर :–** रिचिखो बैराज का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | देवास | 232.38 |
| 20. | 2023_WRD_ 260262 | एस.डी.एम.एफ. मद अंतर्गत नर्मदापुरम शहर में नर्मदा नदी के बांये तट पर सर्किट हाउस से कोरीघाट के माध्यम से अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त पिचिंग का सुधारने का कार्य। | नर्मदापुरम् | 671.05 |
| 21. | 2023_WRD_ 260303 | **टर्न की पद्धति पर :–** पटी चरगवां जलाशय योजना का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | जबलपुर | 804.08 |
| 22. | 2023_WRD_ 260304 | वर्धा मध्यम परियोजना के डूब क्षेत्र अंतर्गत चिचण्डा से कोंढर मार्ग में वर्धा नदी पर ब्रिज एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | बैतूल | 249.59 |
| 23. | 2023_WRD_ 260254 | बरखेड़ा मध्यम सिंचाई परियोजना के रेडियल गेट के संचालन हेतु 02 नग, 125 के.व्ही.ए. डीजल जनरेटर सेट के प्रदाय एवं स्थापना का कार्य। | धार | 21.99 |

**जी-24720/48315/2023** **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र.-2, जबलपुर

**AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED OFFICE**

इंदिरा गांधी मार्ग, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर (म.प्र.) पिन-482001

फोन एवं फैक्स नं. : 0761-2622333, ई-मेल : eepwd2jbp@nic.in

**निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 30/व.ले.लि./2022-23** जबलपुर, दिनांक : 16.03.2023

### निविदा आमंत्रण सूचना क्र. - 30

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने पर वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे।

**स.क्र. एवं कार्य का नाम :**– 1. कृषि नगर परिसर, अधारताल स्थित आंतरिक मार्गो में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य।

| टेण्डर आई.डी. | आमंत्रण | ठेके की अनु. राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023_PWDRB_ 260843_pack1 | प्रथम | 197.73 लाख | 197800/- | 12500/- | 2 माह (वर्षाऋतु सहित) |

**स.क्र. एवं कार्य का नाम :**– 2. जबलपुर मण्डला मेन रोड (पिंक सिटी) से कजरवारा स्कूल मार्ग चौड़ीकरण एवं लाइटनिंग का कार्य। (महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड)

| टेण्डर आई.डी. | आमंत्रण | ठेके की अनु. राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023_PWDRB_ 260849_pack1 | प्रथम | 190.59 लाख | 190600/- | 12500/- | 3 माह (वर्षाऋतु सहित) |

**स.क्र. एवं कार्य का नाम :**– 3. गोरा बाजार से भोंगा द्वार मार्ग चौड़ीकरण एवं लाइटनिंग का कार्य। (महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड)

| टेण्डर आई.डी. | आमंत्रण | ठेके की अनु. राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023_PWDRB_ 260851_pack1 | प्रथम | 491.90 लाख | 491900/- | 15000/- | 4 माह (वर्षाऋतु सहित) |

**स.क्र. एवं कार्य का नाम :**– 4. बड़ैयाखेड़ा पहुंच मार्ग लंबाई 0.50 कि.मी. जमुनिया से बगसवाही मार्ग लंबाई 3.15 कि.मी., भरतरी से हरदुआ मार्ग लंबाई 1.35 कि.मी. एवं हिनौता से बीजा मार्ग लंबाई 0.60 कि.मी. का निर्माण कार्य।

| टेण्डर आई.डी. | आमंत्रण | ठेके की अनु. राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023_PWDRB_ 260852_pack1 | प्रथम | 464.82 लाख | 464900/- | 15000/- | 4 माह (वर्षाऋतु सहित) |

**स.क्र. एवं कार्य का नाम :**– 5. नेताजी सुभाष चंद्र बोस, मेडीकल कॉलेज जबलपुर के अंतर्गत एडीशन ऑल्ट्रेशन, एम.ओ.डब्ल्यू. विशेष मरम्मत एवं डिपॉजिट कार्य।

| टेण्डर आई.डी. | आमंत्रण | ठेके की अनु. राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023_PWDRB_ 260853_pack1 | प्रथम | 100.04 लाख | 100100/- | 12500/- | 6 माह (वर्षाऋतु सहित) |

**स.क्र. एवं कार्य का नाम :**– 6. व्ही.आई.पी. बंगलों सिविल लाइन जबलपुर में प्लास्टर रिपेयरिंग एवं अन्य मरम्मत कार्य।

| टेण्डर आई.डी. | आमंत्रण | ठेके की अनु. राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023_PWDRB_ 260855_pack1 | प्रथम | 19.90 लाख | 40000/- | 2000/- | 4 माह (वर्षाऋतु सहित) |

**स.क्र. एवं कार्य का नाम :**– 7. नवोदय स्कूल बरगी नगर में वाटर सप्लाई का कार्य। (डिपॉजिट कार्य)

| टेण्डर आई.डी. | आमंत्रण | ठेके की अनु. राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023_PWDRB_ 260858_pack1 | प्रथम | 16.00 लाख | 32000/- | 2000/- | 4 माह (वर्षाऋतु सहित) |

**स.क्र. एवं कार्य का नाम :**– 8. शंकर शाह नगर उपखण्ड अंतर्गत आवासीय भवनों में विशेष मरम्मत, एम.ओ.डब्ल्यू. एवं अन्य मरम्मत कार्य।

| टेण्डर आई.डी. | आमंत्रण | ठेके की अनु. राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023_PWDRB_ 260864_pack1 | प्रथम | 5.00 लाख | 10000/- | 2000/- | 2 माह (वर्षाऋतु सहित) |

**स.क्र. एवं कार्य का नाम :**– 9. चरगवां नयानगर मुख्य जिला मार्ग में रखरखाव कार्य।

| टेण्डर आई.डी. | आमंत्रण | ठेके की अनु. राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023_PWDRB_ 260865_pack1 | प्रथम | 5.00 लाख | 10000/- | 2000/- | 2 माह (वर्षाऋतु सहित) |

**स.क्र. एवं कार्य का नाम :**– 10. पाटन उपसंभाग के अंतर्गत मार्गो में रखरखाव कार्य।

| टेण्डर आई.डी. | आमंत्रण | ठेके की अनु. राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023_PWDRB_ 260866_pack1 | प्रथम | 5.00 लाख | 10000/- | 2000/- | 2 माह (वर्षाऋतु सहित) |

**स.क्र. एवं कार्य का नाम :**– 11. मुख्य अभियंता (म/क्षे.), लो.नि.वि., जबलपुर कार्यालय कैम्पस में सीवर लाइन, वाटन सप्लाई लाइन एवं अन्य मरम्मत कार्य।

| टेण्डर आई.डी. | आमंत्रण | ठेके की अनु. राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023_PWDRB_ 260864_pack1 | प्रथम | 15.00 लाख | 30000/- | 2000/- | 4 माह (वर्षाऋतु सहित) |

**टीप :**– (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं निविदा ऑनलाइन अपलोड करने की तिथि दिनांक 21.03.2023 समय 10.30 से **दिनांक 05.04.2023** समय 17.30 बजे तक है। इलेक्ट्रॉनिक ई.एम.डी. (RTGS/NEFT) के माध्यम से एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किये जावेंगे। (2) अन्य विस्तृत विवरण एवं संशोधन ऑनलाइन पोर्टल पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुनः प्रकाशन नहीं कराया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**

**जी-24794/48317/2023** **लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र.-2, जबलपुर**

## कार्यालय मुख्य अभियंता
## लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र, भोपाल (म.प्र.)
## निविदा सूचना

**निविदा सूचना क्रमांक 28/मु.अ. (सेतु परिक्षेत्र)/वर्ष 2022-23** भोपाल, दिनांक : 16.03.2023

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**क्र. एवं कार्य का नाम :**– 1. शिवपुरी जिले के बदरवासा-किरौला-नैनागिरी-सनवाड़ा मार्ग के कि.मी. 34/10 में कूनों नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य।

| टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में) | ई.एम.डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु। |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023_PWDRB_ 259857_1 | शिवपुरी | पुल कार्य | प्रथम | 858.11 | केवल ऑनलाइन |
| **क्र. एवं कार्य का नाम :**– 2. रीवा जिले के खड्डा मुड़ियारी मार्ग के कि.मी. 1/8 में बीहर नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य। | | | | | |
| 2023_PWDRB_ 259856_1 | रीवा | पुल कार्य | चतुर्थ | 806.31 | केवल ऑनलाइन |
| | | **कुल योग -** | | **1664.42** | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 06.04.2023 (17.30) बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**मुख्य अभियंता**

**जी-24857/48319/2023** **लो.नि.वि. सेतु निर्माण परिक्षेत्र, भोपाल**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, झाबुआ

**Phone No. : (07392) 244306, E-mail : eephedjha@nic.in**

**निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 20/प्रोक्योरमेंट सेल/22-23** झाबुआ, दिनांक : **17.03.2023**

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं सूचना ई-टेण्डरिंग पद्धति से नवीन केन्द्रियकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत निविदाकारों से पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर झाबुआ जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत रेट्रोफिटिंग कार्यों हेतु निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित हैं :-

| ई-टेन्डर क्रमांक | विकासखण्ड/ग्राम का नाम | ग्रामों की संख्या | ठेके की अनु. लागत लाख में | प्रतिभूति राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2023_PHED_ 261354 | हिर्डी बड़ी, हिम्मतगढ़, कालापान एवं केलझर विकासखण्ड रामा | 4 | 233.56 | 233560/- | 15000/- | 06 माह |
| 2023_PHED_ 261355 | दत्याघाटी, बावड़ी, धावलिया एवं पलासड़ी विकासखण्ड रामा | 4 | 321.74 | 321740/- | 15000/- | 06 माह |
| 2023_PHED_ 261356 | माछलिया, नवापाड़ा एवं फत्तीपुरा विकासखण्ड रामा | 3 | 255.56 | 255560/- | 15000/- | 06 माह |
| 2023_PHED_ 261359 | वलोला बराड, तेजारिया एवं चुडेली विकासखण्ड रामा | 4 | 317.80 | 317800/- | 15000/- | 06 माह |
| 2023_PHED_ 261361 | उमरकोट एवं झिरी विकासखण्ड रामा | 2 | 247.92 | 247920/- | 15000/- | 06 माह |
| 2023_PHED_ 261362 | ढोचका एवं कोकावद विकासखण्ड रामा | 2 | 223.28 | 223280/- | 15000/- | 06 माह |
| 2023_PHED_ 261363 | परतली, डूंगरा, वगईछोटी-नाड विकासखण्ड रानापुर | 4 | 232.55 | 232550/- | 15000/- | 06 माह |
| 2023_PHED_ 261365 | फूलधावडी एवं फूटिया विकासखण्ड झाबुआ | 2 | 314.49 | 314490/- | 15000/- | 06 माह |
| 2023_PHED_ 261367 | कागझर, बडलिया एवं आम्बाखोदरा विकासखण्ड झाबुआ | 3 | 418.49 | 418490/- | 15000/- | 06 माह |
| 2023_PHED_ 261369 | गडवाड़ा एवं सजवानी छोटी विकासखण्ड झाबुआ | 2 | 474.66 | 474660/- | 15000/- | 06 माह |
| 2023_PHED_ 261371 | डूमपाडा, माकनकुई एवं हडमतिया विकासखण्ड झाबुआ | 3 | 433.28 | 433280/- | 15000/- | 06 माह |
| 2023_PHED_ 261374 | छापरी-महूडी फलिया-छायन, रतनपुरा-भूरीघाटी, बिहार-गोपालपुरा एवं रूपारेल विकासखण्ड थान्दला | 8 | 399.11 | 399110/- | 15000/- | 06 माह |
| 2023_PHED_ 261377 | छोटी धामनी, कुशलपुरा एवं आगली विकासखण्ड थान्दला | 3 | 481.16 | 481160/- | 15000/- | 06 माह |
| 2023_PHED_ 261381 | अलीपुरा, गोरियाखादन, उदेपुरिया एवं नाथपाड़ा विकासखण्ड थान्दला | 4 | 490.71 | 490710/- | 15000/- | 06 माह |
| 2023_PHED_ 261383 | चोखवाड़ा विकासखण्ड मेघनगर | 1 | 223.66 | 223660/- | 15000/- | 06 माह |

| | | |
|---|---|---|
| ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की **अंतिम तिथि** | - | **03.04.2023 17:30 बजे तक** |
| ऑनलाइन निविदा दर डालने की **अंतिम तिथि** | - | **03.04.2023 17:30 बजे तक** |
| ऑनलाइन निविदा खोलने की तिथि | - | 05.04.2023 11:00 बजे तक |

**शर्तें :** 1. यह केवल संक्षिप्त निविदा सूचना है एवं विस्तृत निविदा प्रपत्र की समस्त शर्तें बंधनकारक होंगी।
2. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन पर आवश्यक राशि का भुगतान इन्टरनेट बैंकिंग एकाउन्ट के द्वारा क्रय किये जा सकते हैं।

**सदस्य सचिव (DWSM) एवं**
**कार्यपालन यंत्री**

**जी–24907/48320/2023** **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, झाबुआ**

## कार्यालय मुख्य अभियंता
## लोक निर्माण विभाग सागर परिक्षेत्र, सागर

**फोन नं. : 07582-220840, ई-मेल आई.डी. : cepwdsagar@nic.in**

**एनआईटी नं.-28/2022-23/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण** सागर, दिनांक : **19.03.2023**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा नवीन एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रण की जाती है :–

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023_ PWDRB_ 261671_1 | मार्ग उपसंभाग दमोह के अंतर्गत पथरिया किन्द्रोह जेरठ मार्ग का उन्नयन कार्य। कि.मी. 6, 7, 8, 9, 11, 12, 15, 16 = लंबाई 8.00 कि.मी.। | दमोह | 558.56 | 558560/- | 20000/- | 08 माह वर्षाकाल सहित |
| 2. | 2023_ PWDRB_ 261672_1 | हटा उपसंभाग के अंतर्गत हारट बेला रूसन्दो मंगोला मार्ग का उन्नयन कार्य। लं. 12.04 कि.मी. अनुमोदन करने बावत। | दमोह | 936.16 | 936160/- | 20000/- | 12 माह वर्षाकाल सहित |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in/**पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन **दिनांक 21.03.2023 समय 10.30 बजे से दिनांक 03.04.2023 समय 05:30 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य अभियंता**

**जी–24925/48321/2023** **लो.नि.वि. सागर परिक्षेत्र, सागर**

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

**(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)**
**5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal-462 011**
**(GST No. 23AAATM9054A3ZX)**

**No./4645/22/D-12/MPRRDA/2023 Bhopal, Dated : 20.03.2023**

### NOTICE INVITING TENDER N0. 1081 UPG & SM

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below.

- **Table-1: Name of Work : Up-gradation (UPG)**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Jabalpur | 1 | 12869441.00 |

- **Table-2 : Name of Work : State Mandi-BW (SM-BW)**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Narsinghpur | 1 | 32463880.00 |

- **Table-3 : Name of Work : UPG**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Balaghat | 1 | 14574000.00 |
| 2 | Bhind | 1 | 44731000.00 |
| 3 | Shivpuri | 1 | 80609000.00 |
| 4 | Mandsaur | 1 | 21038000.00 |
| 5 | Narmadapuram | 1 | 76431000.00 |

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from **27.03.2023 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document for construction & maintenance of rural roads/Bridges Sept. 2017 on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

M.P. Madhyam/109052/48324/2023

## म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

**कार्यालय परियोजना यंत्री, रीवा (म.प्र.), फोन : 9425601523, 9340714903**

### प्रेस विज्ञप्ति

संभाग रीवा के अंतर्गत उन्नयन एवं विस्तारीकरण कार्य ज्ञानोदय विद्यालय, रीवा जिला रीवा के निर्माण कार्य हेतु निविदा क्रमांक 20/2022-23 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/TENDER No. 2023_MPPHC_262767_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 13.04.2023 समय 17:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण **Portal : http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/109103/2023 R-48330/2023 **परियोजना यंत्री**

## म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

**कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र. 1, भदभदा रोड़, भोपाल**
**क्र. /297/तशा/प.यं./2023 दिनांक : 21.03.2023**

### प्रेस विज्ञप्ति

इस कार्यालय द्वारा शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, थूबोन, जिला अशोक नगर के निर्माण कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा क्रमांक 2023_MPPHC_262305_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 10.04.2023 समय 17.00 बजे तक खरीदे जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/109094/2023 R-48329/2023 **परियोजना यंत्री**

## ESB म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल

**'चयन भवन', मेन रोड नं. 1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल-462011**

### विज्ञप्ति

कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा आयोजित की जा रही समूह-2 उप समूह-4 के अंतर्गत सहायक संपरीक्षक, पटवारी व अन्य पदों हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा-2022 में परीक्षा दिनांक 17.03.2023 की द्वितीय पाली में परीक्षा केन्द्र ज्ञानोदय इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, ग्राम कनावटी, नीमच के परिसर स्थित विद्युत ट्रांसफॉर्मर पर प्राकृतिक आपदा (आकाशीय बिजली गिरने) के कारण उक्त केन्द्र पर परीक्षा का आयोजन नहीं किया जा सका।

परीक्षा केन्द्र ज्ञानोदय इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, ग्राम कनावटी, नीमच में दिनांक 17.03.2023 की द्वितीय पाली में आवंटित अभ्यर्थियों की परीक्षा हेतु संशोधित तिथि, समय एवं परीक्षा केन्द्र म.प्र. कर्मचारी चयन मंडल की वेबसाइट पर प्रदर्शित की गई है, इस हेतु संबंधित अभ्यर्थी मण्डल की वेबसाइट से अपना प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर उक्त परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे।

विज्ञापन क्रमांक- 60/2023

म.प्र. माध्यम/109093/2023 R-48328/2023 **संचालक**

## मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित

**मुख्यालय, टी.टी. नगर, भोपाल**
**Website : www.apexbank.in, Tel. No. : 0755-2674744**

**क्रमांक/मप्र(मुख्या)/3/का.प्रशा/प्रसं/2993 भोपाल, दिनांक 20.03.23**

म.प्र. राज्य सहकारी बैंक मर्या. मुख्यालय, भोपाल (अपेक्स बैंक) में अधिकारी श्रेणी के अन्तर्गत 27 सहायक प्रबंधकों (कुल परिलब्धियां-100013/- प्र.मा.) के रिक्त पदों की पूर्ति आई.बी.पी.एस., मुम्बई के माध्यम से किये जाने हेतु भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रस्तुत करने हेतु कार्यक्रम निम्नवत है :-

| विवरण | तिथि |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रारंभ तिथि | 21.03.2023 |
| ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 20.04.2023 |
| परीक्षा शुल्क | रुपये 1200/- (समस्त सामान्य/ओ.बी.सी./ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी के उम्मीदवारों हेतु) रुपये 900/- (समस्त अ.जा./अ.ज.जा./पी.एच. श्रेणी के उम्मीदवारों हेतु) देय शुल्क पर 18% GST अतिरिक्त (शुल्क वापसी योग्य नहीं) |

2. उपरोक्त परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु पदों का विवरण, श्रेणीवार आरक्षण, आयु सीमा संबंधी प्रावधान, शैक्षणिक अर्हता, अनुभव, एवं परीक्षा से संबंधित विस्तृत विवरण सहित अन्य समस्त निर्धारित शर्तों/निर्देश बैंक की अधिकृत वेबसाइट **www.apexbank.in** पर उपलब्ध हैं। ऑनलाइन प्रारंभिक/मुख्य परीक्षा की तिथि, बैंक की वेबसाइट पर प्रकाशित की जावेगी। जारी विज्ञापन में दर्शित पदों में कमी एवं निहित शर्तो के बदलाव हेतु बैंक प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा।

म.प्र. माध्यम/109056/2023 **प्रभारी प्रबंध संचालक**

R-48325/2023

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

**(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)**
**5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal–462 011**
**(GST No. 23AAATM9054A3ZX)**

**No./4648/22/D-12/MPRRDA/2023 Bhopal, Dated : 20.03.2023**

### NOTICE INVITING TENDER No. 1082 SHO

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below :

- **Name of Work : SHO**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Guna | 4 | 268380000/- |

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from **27.03.2023 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document for construction & maintenance of rural roads/Bridges Sept. 2017 on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

M.P. Madhyam/109061/48326/2023

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

**(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)**
**5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, BHOPAL-462 011**
**(GST No. 23AAATM9054A3ZX)**

### NOTICE INVITING TENDER No. 210/MTN/2023 (Flood Damage-SR)

**No./4651/22/D-12/NIT-Maint./2023 Bhopal, Dated : 20.03.2023**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below.

- **Table-1 : Name of Work -** Special Repair of Roads/ Culverts (Flood Damage)
- **SSR Applicable :** SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority effective from 01.09.2017 and amendments upto issue date of NIT.

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Balaghat | 1 | 958000.00 |
| 2. | Betul | 4 | 15006000.00 |
| 3. | Chhatarpur | 1 | 5032000.00 |
| 4. | Chhindwara | 3 | 11595000.00 |
| 5. | Damoh | 1 | 3315000.00 |
| 6. | Guna | 1 | 8032000.00 |
| 7. | Indore | 1 | 2704000.00 |
| 8. | Narmadapuram | 3 | 1513000.00 |
| 9. | Raisen | 1 | 500000.00 |
| 10. | Rajgarh | 2 | 1186000.00 |
| 11. | Satna | 4 | 2772000.00 |
| 12. | Sehore | 4 | 13428000.00 |
| 13. | Vidisha | 3 | 1208000.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **27.03.2023 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

M.P. Madhyam/109062/48327/2023

## मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

**कार्यालय परियोजना यंत्री, ग्वालियर संभाग क्र.-02, फ्लैट क्र. 303 एवं 304, थर्ड फ्लोर, साक्षी ग्रीन बिल्डिंग, हरदौल गार्डन के फ्रन्ट पर सचिन तेन्दुलकर मार्ग, ग्वालियर पिन-474011**

### निविदा आमंत्रण सूचना-24/2022-23

कार्यालय मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम संभाग, ग्वालियर क्र.-2 द्वारा निर्माण/मरम्मत कार्यो हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 24/2022-23 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदा की कार्यवाही की गई है। जिसके ऑनलाइन निविदा क्र. MPPHC_262841_1 है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 03.04.2023 तक** खरीदे जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।

म.प्र. माध्यम/109111/2023 R-48331/2023 **परियोजना यंत्री**


## श्रम कल्याण मंडल को मिला आई.एस.ओ. सर्टिफिकेट

**श्रमिक साहित्य पुरस्कार योजना में चयनित रचनाकार पुरस्कृत**

**भोपाल,** मध्यप्रदेश श्रम कल्याण मंडल को आई.एस.ओ. 9001:2015 क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। रीवा जिले के मऊगंज में 4 मार्च को हुए कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष श्री भगवानदास गोंडाने ने प्रमाण-पत्र प्राप्त किया। मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष श्री हेमंत तिवारी को भी आई.एस.ओ. प्रमाण पत्र दिया गया। उल्लेखनीय कि मध्यप्रदेश श्रम कल्याण मंडल को यह प्रमाण पत्र संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए संचालित विभिन्न श्रमिक कल्याण योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन तथा प्रदेश की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों एवं स्थापनाओं से प्राप्त होने वाले अभिदाय संग्रहण के लिए प्रदान किया गया है। रीवा जिले के मऊगंज में हुए कार्यक्रम में मध्यप्रदेश श्रम कल्याण मंडल की श्रमिक साहित्य पुरस्कार योजना में चयनित रचनाकारों को पुरस्कृत किया गया है। योजना में चयनित श्रमिकों को 5 हजार रुपये, स्मृति चिन्ह तथा प्रशस्ति-पत्र दिया जाता है।


## केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट)

**सी.एस.टी.एस. भोपाल**

*( रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार )*

जी सेक्टर, गोविन्दपुरा औद्योगिक क्षेत्र, जे.के. रोड, भोपाल 462023 (म.प्र.)

☎ : 0755-4028622/23, ई-मेल : bhopal@cipet.gov.in / cipet.bhopal@gmail.com, वेबसाइट : www.cipet.gov.in

AITCE से मान्यता प्राप्त

### सिपेट प्रवेश परीक्षा (CAT) 2023

उत्कृष्ट प्लेसमेन्ट रिकॉर्ड

ऑनलाइन आवेदन हेतु वेबसाइट : https://cipet23.onlineregistrationform.org/CIPET/ पर उपलब्ध है।

| क्रम सं. | पाठ्यक्रम का नाम | अवधि | प्रवेश याग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड टेक्नोलॉजी ( डी.पी.एम.टी )* | 3 वर्ष | कक्षा 10 उत्तीर्ण। |
| 2. | डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी ( डी.पी.टी )* | 3 वर्ष | कक्षा 10 उत्तीर्ण। |
| 3. | पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग एन्ड टेस्टिंग ( पीजीडी-पीपीटी ) | 2 वर्ष | विज्ञान में 3 वर्ष की डिग्री |
| 4. | पोस्ट डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड डिजाइन विथ कैड / केम ( पीडी-पीएमडी विथ कैड/केम ) | 1½ वर्ष | मैकेनिकल/प्लास्टिक्स/पॉलीमर/टूल/टूल एवं डाई मेकिंग/उत्पादन /मेक्ट्रोनिक्स/ऑटोमोबाइल/पेट्रोकेमिकल्स/औद्योगिक/इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा या डी.पी.एम.टी/डी.पी.टी/या समकक्ष। |

* पाठ्यक्रम ग्वालियर केन्द्र में भी उपलब्ध है।

| सिपेट प्रवेश परीक्षा ( CAT ) की महत्वपूर्ण तिथियाँ | | |
|---|---|---|
| | ऑनलाइन आवेदन करने की प्रारंभ तिथि - | 24.02.2023 |
| | ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि - | 28.05.2023 |
| | सिपेट प्रवेश परीक्षा 2023 की तिथि ( कैट :2023 ) - | 11.06.2023 |
| | पाठ्यक्रमों की शुरूआत तिथि - | अगस्त प्रथम सप्ताह 2023 |

**उम्र की सीमा नहीं। छात्रवृत्ति ( शासन के नियमानुसार )**

★ **प्रवेश योग्यता परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवार भी उपरोक्त सभी पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।**

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें - 9713109460, 9726835057, 8887987463, 7869955238, 9425929097, 9131520467
ग्वालियर - 9478355969, 9893344859

SHARAD

R-48334/2023


## पॉवर जनरेटिंग कंपनी ने इतिहास में सर्वाधिक ताप विद्युत उत्पादन का बनाया रिकॉर्ड

**भोपाल,** मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के ताप विद्युत गृहों द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में 19 मार्च तक 26326.7 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन करने का नया रिकॉर्ड बनाया गया है। कंपनी के ताप गृहों द्वारा किसी एक वित्तीय वर्ष में किए गए विद्युत उत्पादन में यह अभी तक का सर्वाधिक विद्युत उत्पादन है। इसके पूर्व पॉवर जनरेटिंग कंपनी ताप विद्युत गृहों द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 में 26295.86 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया गया था।


## आवश्यकता है

**MPPSC, UPSC, VYAPAM**

परीक्षाओं की पुस्तके प्रकाशन हेतु इंदौर के नाकोड़ा पब्लिकेशन को कंटेंट राइटर (लेखक) की। अंग्रेजी – हिंदी दोनो माध्यम के लेखक आमंत्रित है। दो या दो से अधिक बार MPPSC, Mains इंटरव्यू दिया हो अनुभवी को प्राथमिकता

**mukeshfjain@gmail.com**
**9826290888**
**Call and Whatsapp**

Mehta

R-48333/2023

## विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

# अर्थशास्त्र

**1. बैंक दर के संबंध में निम्न में से कौन-सा कथन असत्य है?**
(अ) केन्द्रीय बैंक द्वारा वाणिज्यिक बैंकों को बिना किसी जमानत पर दिये जाने वाले ऋणों पर ली जाने वाली दर बैंक दर होती है।
(ब) बैंक दर का संबंध वाणिज्यिक बैंकों द्वारा अपनी नकदी की तुरन्त भरपाई करने हेतु उधार से है।
(स) बैंक दर प्रायः रेपो दर से निम्न/नीची होती है।
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं।
**उत्तर- (स) बैंक दर प्रायः रेपो दर से निम्न/नीची होती है।**

**2. रेपो दर के संबंध में असत्य कथन बताइये -**
(अ) रेपो दर ऐसे ऋणों पर ली जाने वाली दर है, जो केन्द्रीय बैंक द्वारा वाणिज्यिक बैंकों को बिना जमानत के नहीं दिये जाते हैं।
(ब) रेपो दर, प्रतिभूतियों की पुनः खरीद की अनुमति देती है।
(स) यह दर दीर्घकालीन ऋणों के लिये होती है।
(द) उपरोक्त सभी।
**उत्तर- (स) यह दर दीर्घकालीन ऋणों के लिये होती है।**

**3. भारतीय रिज़र्व बैंक का राष्ट्रीयकरण किस वर्ष हुआ?**
(अ) 1949 (ब) 1950
(स) 1935 (द) 1955
**उत्तर- (अ) 1949**
**व्याख्या-** 1949 को रिज़र्व बैंक का राष्ट्रीयकरण हुआ। 1 अप्रैल 1935 से इसने अपना कार्य आरम्भ किया था।

**4. वित्त बाजार के विनियमन के लिये मौद्रिक नीति कौन बनाता है?**
(अ) वित्त मंत्रालय
(ब) रिज़र्व बैंक
(स) व्यापारिक बैंक
(द) वित्त मंत्री
**उत्तर- (ब) रिज़र्व बैंक**

**5. यदि मौद्रिक नीति वित्त प्रणाली में वित्त की मात्रा को घटाने के उद्देश्य से बनाई गई हो तो यह कौन-सी मौद्रिक नीति कहलाती है?**
(अ) संकुचनकारी
(ब) प्रसारकारी
(स) सस्ती
(द) महंगी
**उत्तर- (अ) संकुचनकारी**
**व्याख्या-** यदि नकद आरक्षित अनुपात (CRR) तथा सांविधिक तरलता अनुपात (SLR) में कमी की जाये तो यह प्रसारकारी मौद्रिक नीति होती है और यदि उक्त दोनों अनुपातों में वृद्धि की जाये तो यह संकुचनकारी मौद्रिक नीति होती है।

**6. निम्न में से असत्य कथन बनाइये?**
(अ) सिक्कों की ढलाई भारत सरकार करती है, तथा वितरण का कार्य भारतीय रिज़र्व बैंक करता है।
(ब) बैंक नोट भारत में किसी भी स्थान पर भुगतान के लिये असीमित विधि ग्रह्य मुद्रा है।
(स) रिज़र्व बैंक दस हजार रुपये तक के मूल्य के नोट जारी करने का अधिकार रखता है।
(द) उपरोक्त सभी कथन सत्य है।
**उत्तर- (द) उपरोक्त सभी कथन सत्य हैं।**
**व्याख्या-** भारत में सिक्कों की ढलाई के लिये मुम्बई, नोएडा, कोलकाता तथा हैदराबाद में टकसालें हैं।
नोट मुद्रण के लिये देवास, नासिक, मैसूर और सालबोनी (पश्चिम बंगाल) में मुद्रणालय हैं।

**7. भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 की कौन-सी अनुसूची में सम्मिलित वाणिज्यिक बैंक अनुसूचित बैंक कहलाते हैं?**
(अ) दूसरी (ब) पहली
(स) तीसरी (द) दसवीं
**उत्तर- (अ) दूसरी**
**व्याख्या-** इन बैंकों की भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करना होता है।

**8. भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थापना किस आयोग की सिफारिश पर हुई?**
(अ) कीन्स आयोग
(ब) शाही आयोग
(स) किंगस्टन आयोग
(द) मेनन आयोग
**उत्तर- (ब) शाही आयोग**
**व्याख्या-** 1925 में भारतीय मुद्रा एवं वित्त पर शाही आयोग का गठन किया गया था और हिल्टन यंग इसके अध्यक्ष बने थे। इसकी सिफारिश पर ब्रिटिश संसद ने RBI Act 1934 पारित किया और 1 अप्रैल 1935 को भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थापना हुई।

**9. देश में कृषि एवं ग्रामीण विकास हेतु वित्त उपलब्ध कराने वाली शीर्ष संस्था नाबार्ड की स्थापना कब हुई?**
(अ) 1950 (ब) 1982
(स) 1991 (द) 2005
**उत्तर- (ब) 1982**
**व्याख्या-** नाबार्ड एक शीर्ष संस्था के रूप में अनेक वित्तीय संस्थाओं जैसे क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, राज्य सहकारी बैंकों तथा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों तथा गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं को पुनः वित्त की सुविधा प्रदान करता है। इसका मुख्यालय मुम्बई में है।

**10. कम ब्याज दर पर ग्रामीण समाज के केवल कमजोर वर्गों को ऋण देने के लिये क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की स्थापना कब की गई?**
(अ) 1975 (ब) 1995
(स) 2000 (द) 2005
**उत्तर- (अ) 1975**
**व्याख्या-** अक्टूबर 1975 को इसकी स्थापना की गई। 1989 में खुसरों समिति तथा 1990 में नरसिंहम समिति ने घाटों को देखते हुये इनके एकीकरण की सिफारिश की थी।

**11. एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट बैंक ऑफ इंडिया अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिये स्थापित किया गया था। इसका स्थापना वर्ष है?**
(अ) 1975 (ब) 1982
(स) 1995 (द) 2000
उत्तर- (ब) 1982
**व्याख्या-** यह बैंक भारतीय कंपनियों को विदेशों में उत्पादन इकाइयों को स्थापित करने तथा विदेशी बाजार, प्रौद्योगिकी, कच्चे माल के लिये वित्त पोषण के कार्य कारता है।

**12. मुद्रा बैंक सार्वजनिक क्षेत्र की वित्तीय संस्था है। इसकी स्थापना हुई थी?**
(अ) 2015-16 (ब) 2016-17
(स) 2017-18 (द) 2018-19
उत्तर- (अ) 2015-16
**व्याख्या-** छोटे कारोबारियों को ऋण की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से इसकी स्थापना की गई थी। इस बैंक के तहत 10 लाख रुपये तक का ऋण प्रदान किया जाता है।

**13. दो या दो से अधिक ऋणदाताओं या बैंकों में अस्थायी आपसी समझौते के आधार पर दिये गये ऋण को कहते हैं?**
(अ) सिंडिकेट ऋण
(ब) कंसोर्टियम ऋण
(स) अग्रिम ऋण
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
**उत्तर- (ब) कंसोर्टियम ऋण**

**14. दो या दो से अधिक बैंकों द्वारा आपसी स्थायी समझौतों के अनुसार दिये गये ऋण को कहते हैं?**
(अ) कंसोर्टियम ऋण
(ब) सिंडिकेट ऋण
(स) अग्रिम ऋण
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
**उत्तर- (ब) सिंडिकेट ऋण**

**15. किसान क्रेडिट कार्ड कब से प्रारम्भ किया गया?**
(अ) 2002 (ब) 1998
(स) 1995 (द) 2000
**उत्तर- (ब) 1998**
**व्याख्या-** किसान क्रेडिट कार्ड कार्यक्रम का उद्देश्य प्राकृतिक आपदा, बीमारी या कीटों द्वारा फसल खराब होने की स्थिति में किसानों की वित्तीय मदद के साथ-साथ उन्हें बीमा उपलब्ध करवाना है।

**16. कृषि ऋण पुनर्गठन कार्यक्रम किस समिति की सिफारिश पर लागू किया गया?**
(अ) माला घोष
(ब) जयती घोष
(स) अनिरुद्धम समिति
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
**उत्तर- (ब) जयती घोष**
**व्याख्या-** सरकार द्वारा 2008 में जयती घोष समिति की सिफारिशों के आधार पर इसका गठन किया गया था। सरकार का निर्णय था कि सीमांत कृषकों की बकाया राशि पूर्णतः माफ कर दी जाये और अन्य कृषकों की बकाया राशि का 25% माफ कर दिया जाये बशर्ते वे शेष 75% का भुगतान कर दें।

**17. स्वरोज़गार क्रेडिट कार्ड योजना कब प्रारम्भ की गई?**
(अ) 2003 (ब) 2005
(स) 2010 (द) 2014
**उत्तर- (अ) 2003**
**व्याख्या-** मूलतः कारीगरों, रिक्शा चालकों, बुनकरों, मछुआरों को 25 हजार रुपये तक का ऋण देने के लिये यह प्रारम्भ किया गया था।

**18. वैकल्पिक निवेश कोष के बारे में निम्न में से असत्य कथन बताइये?**
(अ) यह निवेश के लिये भारतीय और विदेशी निवेशकों से पूंजी एकत्र करने के उद्देश्य से भारत में स्थापित एक फंड है।
(ब) इसमें सेबी विनियम 1996 के तहत आने वाले फंड सम्मिलित है।
(स) वेंचर कैपिटल फंड (एंजेल फंड्स सहित), सोशल वेंचर फंड्स तथा इंफ्रास्ट्रक्चर फंड्स इसमें सम्मिलित हैं।
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं।
**उत्तर- (ब) इसमें सेबी विनियम 1996 के तहत आने वाले फंड सम्मिलित हैं।**

**19. बहुआयामी गरीबी सूचकांक किसके द्वारा जारी किया जाता है?**
(अ) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम
(ब) ऑक्सफोर्ड पॉवर्टी एण्ड ह्यूमन डेवलपमेंट इनिशिएटिव
(स) उपरोक्त दोनों
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
**उत्तर- (स) उपरोक्त दोनों**
**व्याख्या-** इसे पहली बार 2010 में प्रारम्भ किया गया था। यह सूचकांक देशों में गरीबी के रुझान के अध्ययन पर आधारित है।

**20. 'कृषि को पूरक एवं आधुनिक बनाना तथा मौजूदा खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों का विस्तार करना' निम्न में से किस योजना का उद्देश्य है?**
(अ) पीएम किसान योजना
(ब) पीएम किसान संपदा योजना
(स) पीएम फसल बीमा योजना
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
**उत्तर- (ब) पीएम किसान संपदा योजना**

**21. राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) का प्रारम्भ कब हुई थी?**
(अ) जनवरी 2004
(ब) जनवरी 2015
(स) जनवरी 2020
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
**उत्तर- (अ) जनवरी 2004**
**व्याख्या-** यह एक योगदान आधारित पेंशन योजना है, जो केन्द्र सरकार और उसके स्वायत्त निकायों (सशस्त्र बलों को छोड़कर) के कर्मचारियों के लिये अनिवार्य है। NPS को पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण द्वारा विनियमित किया जाता है।

**22. लोगों के पास नकदी के रूप में रखी मुद्रा तथा लोगों की बैंकों में मांग जमाओं के रूप में रखी मुद्रा के अनुपात को कहते हैं?**
(अ) वैधानिक तरलता अनुपात
(ब) करेंसी जमा अनुपात
(स) नकद आरक्षित अनुपात
(द) उपरोक्त सभी
**उत्तर- (ब) करेंसी जमा अनुपात**
**व्याख्या-** यह अनुपात जितना अधिक होगा तरलता के लिये अधिमान उतना ही अधिक होगा।

**23. सांविधिक तरलता अनुपात किसके द्वारा निर्धारित किया जाता है?**
(अ) वाणिज्यिक बैंकों के द्वारा
(ब) केंद्रीय बैंक द्वारा
(स) केन्द्र सरकार के द्वारा
(द) राज्य सरकार के द्वारा
**उत्तर- (ब) केंद्रीय बैंक द्वारा**
**व्याख्या-** केन्द्रीय बैंक वाणिज्यिक बैंकों द्वारा मुद्रा सृजन को प्रभावित करने के लिये इसका उपयोग एक नीति उपकरण के रूप में करता है।

**- डॉ. माया राठी**
(लेखिका, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय, भोपाल में अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका हैं।)

# विकास कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जायेगी

**भोपाल,** विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता उच्च हो और समय-सीमा में सभी कार्य पूर्ण हों। चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने नरेला विधानसभा में हो रहे विभिन्न विकास कार्यों के सोशल ऑडिट के दौरान नगर निगम और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को यह निर्देश दिये। श्री सारंग नरेला विधानसभा में हो रहे विकास कार्यों के औचक निरीक्षण के लिये पहुंचे। इस दौरान उन्होंने रहवासियों से विकास कार्यों की गुणवत्ता का फीडबैक भी लिया।

श्री सारंग ने नरेला विधानसभा अंतर्गत द्वारका नगर, राजीव नगर, चांदबड़, स्टेशन 80 फीट रोड, अशोका गार्डन, प्रभात चौराहा, गौतम नगर, रचना नगर, कस्तूरबा नगर सहित विभिन्न स्थानों पर चल रहे विकास कार्यों का रहवासियों के साथ सोशल ऑडिट किया। उन्होंने बताया कि नरेला विधानसभा में सोशल ऑडिट के जरिये नई परंपरा की शुरुआत की गई है। इससे क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता की जांच शासकीय अधिकारी-कर्मचारी के साथ ही अब रहवासी भी करेंगे। सोशल ऑडिट के लिये हर क्षेत्र में वार्ड स्तर पर समितियों का गठन किया गया है। यह समिति ठेकेदार द्वारा किये गये कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करेगी।

**चांदबड़ में सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर जताई नाराजगी**

नरेला विधानसभा के वार्ड 36 चांदबड़ में निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री सारंग ने सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की। श्री सारंग ने स्वयं इंचीटेप से सड़क की नपाई की। उन्होंने पाया कि सीसी सड़क की मोटाई 4 इंच के स्थान पर 3 इंच है। इस पर श्री सारंग ने उपस्थित अधिकारियों को निर्माण कार्य में सुधार करने के लिये निर्देशित किया।

**श्री खेड़ापति हनुमान मिनी कॉरडोर के विस्तार को लेकर अधिकारियों से की चर्चा**

श्री सारंग ने वार्ड 76 के छोला दशहरा मैदान के समीप स्थित समस्त भोपालवासियों के आस्था के केंद्र श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार एवं मिनी कॉरिडोर निर्माण संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा की। श्री खेड़ापति कॉरिडोर में हनुमान चालीसा की चौपाईयों का चित्रण भी किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने मंदिर के कायाकल्प के साथ ही मन्दिर के समीप मार्केट को भी व्यवस्थित रूप से विकसित किये जाने के निर्देश दिये। श्री सारंग ने छोला दशहरा मैदान के रिंग रोड निर्माण के प्लान को लेकर भी अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि रिंग रोड के निर्माण से नागरिकों को आवागमन में सुगमता होगी।

**नरेला विधानसभा में इन स्थानों पर हुआ सोशल ऑडिट**

श्री सारंग ने नरेला विधानसभा क्षेत्र की उड़िया बस्ती में शिव-पार्वती मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य, कृष्णा नगर में सीसी नाला निर्माण, चांदबड़ में सीसी नाली एवं सड़क निर्माण, गौतम नगर में सड़क निर्माण, कस्तूरबा नगर में पार्क निर्माण, करोंद चौराहा में स्मार्ट सड़क निर्माण सहित संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र के 17 वार्डों में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को तय समयावधि और गुणवत्तापूर्ण कार्य को पूर्ण करने के लिये निर्देशित किया।

**हर अवकाश पर क्षेत्र में किया जायेगा सोशल ऑडिट**

श्री सारंग ने कहा कि रविवार के साथ हर अवकाश के दिन नरेला विधानसभा में सोशल ऑडिट किया जाएगा। साथ ही सुधार कार्य के बाद संबंधित शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में लापरवाही या गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# मध्यप्रदेश ने सभी दिशाओं में स्थापित किये नए मापदण्ड - मुख्यमंत्री

**भोपाल,** हमारी सरकार के तीन साल परीक्षा की कठिन घड़ी के साल थे। पहले और दूसरे साल में हमने कोविड के संकट का सामना किया। कोविड के संकट से प्रदेश को निकालने के लिए सारी व्यवस्थाएं करने का दायित्व था। इस दायित्व को पूरा किया और हमने मध्यप्रदेश के विकास की गति को भी रुकने नहीं दिया। साथ ही हमने केवल मध्यप्रदेश के भाई-बहनों की सेवा ही नहीं की अपितु जो मजदूर पैदल आ रहे थे, उन्हें भी हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई। मध्यप्रदेश, देश का पहला राज्य था, जिसने तय किया कि कोई भी मजदूर प्रदेश में पैदल नहीं चलेगा। अपने प्रदेश की सीमा पर हम उन्हें बस में बैठाते और दूसरे राज्य की सीमा तक छोड़ कर आते। साथ ही मजदूरों के चाय, नाश्ते, भोजन, दवाई और जूते-चप्पल की व्यवस्था जनसहयोग से की गई। प्रदेश में बनी क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी देश में मिसाल बनी। प्रशासन, जनता और सरकार ने जन-प्रतिनिधियों के साथ मिल कर कोविड की चुनौती का मुकाबला किया। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अपनी सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के संबंध में मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुये कहीं।

**किसानों के खातों में डाली गई 2 लाख 25 करोड़ से ज्यादा की राशि**

मुख्यमंत्री ने कहा कि संकट के इस दौर में भी राज्य सरकार ने किसानों के फसल बीमा प्रीमियम की 200 करोड़ रुपये की राशि जमा की। पिछले 3 साल में 2 लाख 25 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि अलग-अलग योजनाओं में किसानों के खातों में डालने में हम सफल रहे। किसान-कल्याण के लिए सक्रिय रहने के साथ हमने आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का सपना देखा और इसके लिए अधोसंरचना, सड़कों का जाल फैलाने तथा राजमार्गों के अंतर्गत अटल एक्सप्रेस-वे, नर्मदा एक्सप्रेस-वे की योजना बनी। इसी क्रम में विंध्य एक्सप्रेस-वे की योजना भी शामिल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश में सिंचाई की अनेक परियोजनाओं का शुभारंभ किया। प्रदेश में 45 लाख हेक्टेयर सिंचाई की व्यवस्था करने के बाद अब हमारे कदम 65 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था स्थापित करने की ओर अग्रसर हैं। बिजली के उत्पादन को बढ़ाकर हमने 28 हजार मेगावॉट की उपलब्धता कर दी है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी हम तेजी से काम कर रहे हैं। अधो-संरचना और मेट्रो का काम भी तेजी से चल रहा है।

**प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का बिछ रहा है जाल**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में भी क्रांति करने का फैसला किया। सीएम राइज स्कूल के रूप में गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चों को उत्कृष्ट विद्यालय देने का हमारा अभियान चला। इनके भवनों का निर्माण तेजी से चल रहा है। शिक्षा की गुणवत्ता ठीक करने के लिए नई शिक्षा नीति लागू की गई। साथ ही उच्च शिक्षा की गुणवत्ता ठीक करने की दिशा में भी प्रयास किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती पर मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में कराने का ऐतिहासिक फैसला लिया गया। शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में एक के बाद एक मेडिकल कॉलेज आरंभ हो रहे हैं। उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का जाल बिछ रहा है।

**शहरी-ग्रामीण विकास और पर्यटन के क्षेत्र में अर्जित की उपलब्धियां**

श्री चौहान ने कहा कि शिक्षा हो या स्वास्थ्य या सुशासन, हर क्षेत्र में मध्यप्रदेश आगे बढ़ा है। शहरी विकास, ग्रामीण विकास और पर्यटन के क्षेत्र में भी हमने उपलब्धियां अर्जित की हैं। टाइगर, लेपर्ड, वल्चर और घड़ियाल स्टेट होने का गौरव तो हमें पहले से ही प्राप्त था। मध्यप्रदेश अब चीता स्टेट भी बन गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अर्थव्यवस्था की दृष्टि से देखें तो हमने नए रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। लगभग 1 लाख 24 हजार शासकीय नौकरियां निकली हैं, जिनमें भर्ती का अभियान लगातार चल रहा है।

# महिला सशक्तिकरण के लिए प्रदेश में हो रही है सामाजिक क्रांति - मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान बालाघाट में आयोजित लाड़ली बहना सम्मेलन में हितलाभ वितरित करते हुये।

**बालाघाट,** मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिए सामाजिक क्रांति हो रही है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, स्थानीय निर्वाचन में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण, पुलिस भर्ती में आरक्षण, आजीविका मिशन और संबल जैसी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हो रहा है। अब लाड़ली बहना योजना शुरू की गई है, जिससे न केवल महिलाओं का समग्र विकास होगा, अपितु समाज में उनका मान-सम्मान और आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बालाघाट जिले के लांजी में लाड़ली बहना सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरी जिंदगी का उद्देश्य बहनों का कल्याण है। बहनों के होठों पर हंसी हो, तो भाई की जिंदगी सफल है। मध्यप्रदेश में नारियों का सम्मान सर्वोच्च है। बहनें किसी भी प्रकार का अन्याय सहन न करें, तुम्हारा भाई हमेशा तुम्हारे साथ है। बहन-बेटियों की शादी की चिंता न करें, शिवराज मामा उनकी शादी कराएगा।

श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने से पहले मैं और मेरी पत्नी मिलकर गरीब बेटियों की शादी करवाते थे। जब मैं मुख्यमंत्री बना तो मैंने सबसे पहले मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना शुरू की। पिछली सरकार ने इस योजना का लाभ किसी को

- **मध्यप्रदेश में पंचायतों में महिलाओं के लिये आरक्षित की गईं 50 प्रतिशत सीटें।**
- **पुलिस भर्ती में भी महिलाओं को मिल रहा है आरक्षण।**

नहीं दिया। अब हमने निर्णय लिया है कि इस योजना में 50 हजार की राशि का चेक बेटियों को और 6 हजार रुपये आयोजक संस्था को दिये जायेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में बेटियों को अभिशाप के स्थान पर वरदान बनाया गया है। लाड़ली लक्ष्मी योजना में बेटी के जन्म लेते ही उसके नाम पर 30 हजार रुपये जमा करवा दिए जाते हैं, जिससे समय-समय पर उसे पढ़ाई आदि के लिए राशि मिलती रहे। आज मध्यप्रदेश में 44 लाख 50 हजार लाड़ली लक्ष्मी बेटियां हैं। बेटियों की पढ़ाई और उच्च शिक्षा की फीस भी मामा भरवाता है।

श्री चौहान ने कहा कि पंचायतों में बड़ी संख्या में बहनें प्रतिनिधित्व कर रही हैं। उनका राजनीतिक सशक्तिकरण हुआ है। ग्रामीण और शहरी आजीविका मिशन द्वारा महिलाओं के स्व-सहायता समूह बनाए जाकर उन्हें विभिन्न गतिविधियों के लिए वित्तीय और अन्य सहायता प्रदान की जाती है। इससे उनका आर्थिक, सामाजिक सशक्तिकरण हो रहा है। साथ ही उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हो रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार जब मुख्यमंत्री बना, तब से ही उनके मन में निरंतर यह विचार आ रहा था कि वह बहनों को क्या उपहार दें। मैंने सोचा कि एक बार नहीं प्रतिमाह बहनों को उपहार दिया जाए। गत 28 जनवरी को सुबह 4 बजे मेरे मन में लाड़ली बहना योजना की संकल्पना आई और मैंने निर्णय लिया कि हर माह गरीब और निम्न मध्यम वर्गीय बहनों के खाते में एक हजार रुपये डालूंगा। लाड़ली बहना योजना का लाभ उन सब बहनों को मिलेगा जिनके परिवार की वार्षिक आय ढाई लाख रुपये से कम है।

# मध्यप्रदेश में स्वर्णकला बोर्ड का किया जायेगा गठन - मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में आयोजित सोनी महापंचायत को संबोधित करते हुये।

**भोपाल,** सोनी समाज के बिना सामाजिक कार्य नहीं चल सकते हैं। भारतीय संस्कृति को बनाये रखने में सोनी समाज का अहम योगदान है। सोनी समाज आभूषणों का निर्माता है। आभूषण हजारों सालों से लोग पहनते आ रहे हैं। सोनी समाज अपनी कला के लिए जाना जाता है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में सोनी महापंचायत में सोनी समाज के लोगों को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं हर बेटी और बहन में देवी माँ के दर्शन करता हूं। माँ, बहन, बेटी आगे बढ़ें इसके लिए मैं हमेशा कोशिश करता हूँ। उन्होंने कहा कि सोनी समाज की कला जीवित रहे और इससे रोज़गार मिले, इसके लिए लगातार प्रयास करूंगा। समाज की कला आगे बढ़ती रहे इसके लिए प्रदेश में स्वर्णकला बोर्ड का गठन करेंगे। एक हफ्ते के अंदर आदेश जारी हो जायेंगे।

श्री चौहान ने सोनी समाज के आराध्य देव महाराज अजमीढ़देवजी की मूर्ति भोपाल में स्थापित करने की बात कही। उन्होंने समाज के लोगों को प्रशिक्षण की व्यवस्था और 8 हजार रुपये महीना मानदेय प्रदान करने की घोषणा की।

सोनी महापंचायत में राज्यसभा सांसद श्री कैलाश सोनी ने कहा कि प्रदेश में सोनी समाज बहुत प्रभावशाली समाज है। मनुष्यों और मातृ शक्ति को सजाने का कार्य सोनी समाज करता है।

**ईट राइट चैलेंज प्रतियोगिता**

# भोपाल, ग्वालियर और उज्जैन देश के प्रथम दस जिलों में शामिल

**भोपाल,** केंद्र सरकार द्वारा गत वर्ष देश में चलाये गये ईट राइट चैलेंज का परिणाम प्रकाशित हुआ। प्रतियोगिता में शामिल 260 जिलों में भोपाल को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। साथ ही ग्वालियर पांचवें तथा उज्जैन आठवें स्थान पर है। सूची के प्रथम 50 जिलों में मध्यप्रदेश के 10 जिले शामिल हैं। आगामी 7 जून को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा प्रतियोगिता के अग्रणी जिलों के नोडल अधिकारियों को पुरस्कृत किया जायेगा।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इस उपलब्धि पर बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि 'मिलावट से मुक्ति' अभियान से प्रदेश में अधिक संख्या में नमूना संग्रहण, खाद्य अनुज्ञप्ति की संख्या में वृद्धि के लिये शिविर लगाना, खाद्य सुरक्षा के लिये जागरूकता अभियान जैसे कार्य निरंतर किये जा रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप ईट राइट चैलेंज प्रतियोगिता में जिलों ने सराहनीय उपलब्धि प्राप्त की है। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने भी प्रतियोगिता में मिली उपलब्धि पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी प्रतियोगी जिलों द्वारा सराहनीय कार्य कर खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में प्रदेश को गौरवान्वित किया है।

आमजन के खान-पान की आदतों में सकारात्मक बदलाव तथा खाद्य प्रतिष्ठानों में आत्म-अनुपालन की प्रवृत्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक मई 2022 से 15 नवम्बर 2022 तक चलाये गये देशव्यापी ईट राइट चैलेंज की विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया गया।

प्रतियोगिता में अनुज्ञप्ति/पंजीयन की संख्या बढ़ाना, नमूना संग्रहण, मिलेट रेसिपी एवं फोर्टिफिकेशन प्रदर्शन, ईट राइट केम्पस/स्टेशन प्रमाणन, भोग प्रमाणन, हाईजीन रेटिंग एवं नवाचारी गतिविधियों को पृथक-पृथक अंक प्रदान किये गये। चैलेंज के अंतर्गत कलेक्टर भोपाल द्वारा प्रारंभ किये गये 'न्यूज पेपर में दे खाना, तो बोलो ना-ना', उज्जैन जिले के 'दोने में दो ना' जैसे नवाचारों को भारतीय खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा सराहा गया। इस दौरान देश में प्रथम ईट राइट मिलेट मेला भी भोपाल में किया गया। अंतर्राष्ट्रीय मिलेट (श्री अन्न) वर्ष के दौरान प्रदेश में अनेक स्थानों पर मिलेट मेले लगाये जा रहे हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

# वीरांगना रानी अवंतिबाई ने मातृ-भूमि के लिए बलिदान दिया - मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जबलपुर में वीरांगना रानी अवंतिबाई के बलिदान दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

**जबलपुर,** वीरांगना रानी अवंतिबाई ने अपने अस्तित्व के लिए संपूर्ण क्षमता से लड़ते हुए मातृ-भूमि के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग किया। उन्होंने वर्ष 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के विरुद्ध निरंतर संघर्ष कर युद्ध कौशल, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र प्रेम का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने जबलपुर के बरगी के मनकेड़ी में वीरांगना रानी अवंतिबाई के बलिदान दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने रानी अवंतिबाई द्वारा जबलपुर, मण्डला और डिंडोरी क्षेत्रों में किए गए युद्धों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी रानी अवंतिबाई, राजा शंकरशाह-रघुनाथ शाह और जनजातीय जननायकों को याद रखे, इसके लिए पाठ्यक्रमों में भी इनकी वीरगाथाएं शामिल की जाएंगी। साथ ही वीरांगना रानी के प्रतिमा स्थल मनकेड़ी में उनका भव्य स्मारक और पार्क बनाया जाएगा। स्मारक में रानी अवंतिबाई की वीरगाथाएं भी उकेरी जाएंगी।

श्री चौहान ने कहा कि मैं वीरांगना अवंतिबाई की जन्म-स्थली पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मुख्यमंत्री ने वीरांगना की शौर्य गाथा का वर्णन करते हुए कहा कि अंग्रेज अधिकारी और प्रमुख इतिहासकार भी उनके रणनीतिक कौशल की प्रशंसा करते थे। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में मनाये जा रहे आजादी के अमृत उत्सव में वीर शहीदों और जनजातीय जननायकों के स्मारक बनाये जा रहे हैं। साथ ही मध्यप्रदेश में भी स्मारक बनाने का क्रम जारी है।

श्री चौहान ने कहा कि रानी अवंतिबाई सागर परियोजना में ज्यादा से ज्यादा गांव तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने का हरसंभव प्रयास किया जायेगा। इसके लिये प्रोजेक्ट बनाकर तत्काल सर्वे के निर्देश जारी किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सिंचाई का रकबा निरन्तर बढ़ रहा है। एक समय मात्र साढ़े 7 लाख हेक्टेयर में सिंचाई होती थी, जिसे बढ़ाकर 45 हजार हेक्टेयर तक ला दिया गया है। आगामी 2 सालों में यह बढ़कर 65 लाख कर दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के खेतों की प्यास बुझाने के लिये राज्य सरकार चौतरफा प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता है कि आपने महाविद्यालय का नाम राजा रघुनाथ शाह-शंकर शाह के नाम पर रखने की बात कही है। इसके पूर्व हम छिंदवाड़ा यूनिवर्सिटी का नाम राजा रघुनाथ शाह-शंकर शाह के नाम पर कर चुके हैं।

# मुख्यमंत्री ने जेल विभाग के चयनित 34 अभ्यर्थियों को वितरित किए नियुक्ति-पत्र

**भोपाल,** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में एक लाख 24 हजार पदों की नियुक्ति का अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश में 132 जेलें हैं और उनमें 50 हजार से अधिक कैदी हैं। उन्होंने कहा कि हम कैदियों को आपराधिक दृष्टि से नहीं देखकर उन्हें सुधारने की कोशिश करते हैं। उनके स्वास्थ्य और उपचार की व्यवस्था की जिम्मेदारी सरकार की है। इसलिए पैरामेडिकल स्टॉफ में चयन कर कैदियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जेल विभाग के 34 नव नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र वितरित किये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चयनित अभ्यार्थी काम करने का दृष्टिकोण हमेशा अच्छा रखें। सकारात्मक भावना, प्रसन्नता और आनंद से कार्य करें। उन्होंने एक कहानी का प्रसंग देखते हुए नवनियुक्त अभ्यर्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जो कार्य हमें मिला है उसे पूरी प्रामाणिकता, मेहनत और ईमानदारी से करें। कार्य ही भगवान की पूजा है। नवनियुक्त अभ्यर्थियों को शासकीय सेवा में चयन होने से जनता की सेवा करने का अवसर मिला है।

पुलिस महानिदेशक श्री अरविंद कुमार ने बताया कि जेल विभाग में रिक्त पदों की पूर्ति में 34 अभ्यर्थी योग्य पाए गए थे। अब जेलों में स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर हो सकेंगी।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण

**भोपाल,** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल और प्रभावी क्रियान्वयन में शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। शिक्षक राष्ट्र के भावी कर्णधारों में श्रेष्ठ मूल्य, संवेदन शीलता का निर्माण करने के भाव, मानसिकता और दृष्टिकोण के साथ कार्य करेंगे तो राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों की पूर्ति हो पाएगी। यह बात स्कूल शिक्षा एवं सामान्य प्रशासन राज्यमंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने विज्ञान भवन भोपाल में भारतीय नववर्ष उत्सव-सृजन 2023 के अवसर पर नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति (स्व-शिक्षा) की आवश्यकता, प्रावधान एवं क्रियान्वयन की समीक्षा के परिप्रेक्ष्य में 'स्वावलंबन से रोज़गार ही आत्मनिर्भर स्वर्णिम भारत का आधार' विषयक एक दिवसीय परिचर्चा के समापन सत्र में कही।

स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार, समाज और शिक्षक तीनों मिल कर ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति अनुरूप शिक्षा को अभिप्रायपूर्ण बना सकते हैं। इसके लिए समाज में शिक्षकों के सम्मान को स्थापित करने की जिम्मेदारी समाज की है। उन्होंने कहा कि जन्म से 3 वर्ष तक शिशु के स्वभाव, आदत एवं रुचि को उसके घर-परिवार के लोग बेहतर समझते हैं। शिक्षकों को अभिभावकों के साथ समन्वय कर बच्चे के समग्र विकास में सहजता होगी।

## मंत्रिपरिषद के निर्णय

# दमोह के कुंडलपुर सिद्ध क्षेत्र और श्री जागेश्वर नाथ तीर्थ क्षेत्र पवित्र घोषित

**भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में जिला दमोह के कुंडलपुर सिद्ध क्षेत्र और श्री जागेश्वर नाथ तीर्थ क्षेत्र को पवित्र घोषित करने का निर्णय लिया गया। कुंडलपुर सिद्ध क्षेत्र के लिए ग्राम पंचायत कुंडलपुर और श्री जागेश्वर नाथ तीर्थ क्षेत्र के लिए ग्राम पंचायत बांदकपुर के क्षेत्र को पवित्र क्षेत्र घोषित किया गया है। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं-**

- मंत्रिपरिषद ने कलाओं से समृद्ध शिक्षा 'अनुगूंज' अंतर्गत विद्यार्थियों की सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए 10 करोड़ रुपये व्यय करने एवं योजना की स्वीकृति दी। 'अनुगूंज' के प्रभाव को देखते हुए इसे प्रदेश स्तर, जिला स्तर एवं हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रारूप जारी किया गया था। इसमें शिक्षा की गुणवत्ता और पाठ्य सहगामी गतिविधियों (Extra-Curricular Activities) पर बहुत अधिक बल दिया गया है। स्टीम (S.T.E.A.M.) शिक्षा पद्धति के (Way Forward) के रूप में तथा शिक्षा को कला के माध्यम से समृद्ध करने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22 में भोपाल स्तर पर एक उच्च गुणवत्तायुक्त सांस्कृतिक एवं थियेटर कार्यक्रम 'अनुगूंज' आयोजित किया गया था।
- मंत्रिपरिषद ने संस्कृति विभाग द्वारा कलेक्टर ग्वालियर के माध्यम से मध्य भारतीय हिंदी साहित्य सभा को हिंदी भवन के निर्माण कार्य के लिए 7 करोड़ रुपये का अनुदान दिए जाने का निर्णय लिया।
- वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्रथम अनुपूरक अनुमान अंतर्गत नवीन योजना '9904-हिंदी भवन निर्माण हेतु सहायता' के लिये बजटीय प्रावधान 2 करोड़ रुपये मध्य भारतीय हिंदी साहित्य सभा को दिए जायेंगे।
- मंत्रिपरिषद ने जिला निवाड़ी में नवीन अनुविभाग पृथ्वीपुर बनाने की स्वीकृति दी। नवीन अनुभाग में तहसील पृथ्वीपुर का सम्पूर्ण क्षेत्र समाविष्ट होगा। साथ ही मूल अनुविभाग निवाड़ी में तहसील निवाड़ी एवं तहसील ओरछा का सम्पूर्ण क्षेत्र समाविष्ट होगा।
- अनुभाग पृथ्वीपुर के कुशल संचालन के लिए स्टेनो-टाइपिस्ट का 1, सहायक ग्रेड-2 के 2, सहायक ग्रेड-3 के 3, वाहन चालक का 1 और भृत्य के 4 पद, इस प्रकार कुल 11 पद स्वीकृत किए गए हैं।
- मंत्रिपरिषद ने जिला भिण्ड में नवीन तहसील अमायन के गठन का निर्णय लिया। वर्तमान तहसील मेहगांव के पटवारी हल्का नम्बर 39 से 66 तक कुल 28 पटवारी हल्कों के 64 ग्राम का अपवर्जन कर नवीन प्रस्तावित तहसील अमायन में समाविष्ट करते हुए नई तहसील बनेगी।
- नवीन तहसील अमायन के कुशल संचालन के लिए तहसीलदार का 1, सहायक ग्रेड 2 के 2, सहायक ग्रेड 3 के 3, सहायक ग्रेड-3 (प्रवाचक) के 02, जमादार/दफ्तरी/ बस्तावरदार का 1, वाहन चालक का 1 और भृत्य के 4 इस प्रकार कुल 14 पद स्वीकृत किए गए हैं।
- मंत्रिपरिषद ने जिला सिंगरौली में नवीन तहसील दुधमनिया गठित करने का निर्णय लिया। नवीन तहसील में तहसील चितरंगी के पटवारी हल्का क्रमांक 79 से 112 इस प्रकार कुल 34 पटवारी हल्के समाविष्ट होंगे। तहसील दुधमनिया के गठन उपरांत, शेष चितरंगी तहसील में राजस्व निरीक्षक मण्डल कोरावल के हल्का क्रमांक 01 से 21, राजस्व निरीक्षक मण्डल मोहरिया के हल्का क्रमांक 22 से 48 तथा राजस्व निरीक्षक मण्डल चितरंगी के हल्का क्रमांक 49 से 78, इस प्रकार कुल 78 पटवारी हल्के शेष रहेंगे।
- नवीन तहसील दुधमनिया के कुशल संचालन के लिए तहसीलदार का 1, नायब तहसीलदार का 1, सहायक ग्रेड 2 के 2, सहायक ग्रेड 3 के 3, सहायक ग्रेड-3 (प्रवाचक) के 3, जमादार/ दफ्तरी/बस्तावरदार का 1, वाहन चालक का 1 और भृत्य के 5, इस प्रकार कुल 17 पद स्वीकृत किए गए हैं।
- मंत्रिपरिषद ने जिला सागर में नवीन तहसील बांदरी के गठन की स्वीकृति दी। नवीन तहसील मे तहसील मालथौन के पटवारी हल्का नंबर 21, पटवारी हल्का क्रमांक 32 से 34 व हल्का क्रमांक 39 से 62 तक, कुल 28 हल्के समाविष्ट होंगे। नवीन तहसील बांदरी के गठन पश्चात शेष मालथौन तहसील में वर्तमान तहसील मालथौन के हल्का क्रमांक 01 अटाकर्नेलगढ़ से 20 दुगाहाकला तक, हल्का क्रमांक 22 गौधा से हल्का क्रमांक 31 नौनिया तक, हल्का क्रमांक 35 रजवांस से हल्का क्रमांक 38 बनखिरिया तक, कुल 34 पटवारी हल्के समाविष्ट होंगे।
- नवीन तहसील बांदरी के कुशल संचालन के लिए तहसीलदार का 1, सहायक ग्रेड 2 के 2, सहायक ग्रेड 3 के 3, सहायक ग्रेड-3 (प्रवाचक) के 2, जमादार/दफ्तरी/बस्तावरदार का 1, वाहन चालक का 1 और भृत्य के 4, इस प्रकार कुल 14 पद स्वीकृत किए गए हैं।
- मंत्रिपरिषद द्वारा प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 184 स्वास्थ्य संस्थाओं (10 सिविल अस्पताल, 6 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 11 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 157 उप स्वास्थ्य केंद्र) की स्थापना/उन्नयन का अनुमोदन प्रदान किया गया।
- मंत्रिपरिषद द्वारा मध्यप्रदेश जल निगम द्वारा 9 नवीन परियोजना क्रियान्वयन इकाइयों के गठन की स्वीकृति दी गई है। साथ ही वर्तमान में कार्यरत 15 एवं गठित होने वाली 9 नवीन परियोजना क्रियान्वयन इकाइयों के लिए विभिन्न पदों की भी स्वीकृति दी गई। जिला मुख्यालय रीवा, सागर, बड़वानी, छिंदवाड़ा, सीहोर, अलीराजपुर, छतरपुर, कटनी एवं मण्डला के लिए नवीन परियोजना क्रियान्वयन इकाइयों के गठन की स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही जल निगम के कार्यों के विस्तार तथा क्रियान्वित की जा रही परियोजनाओं के वृहद स्वरूप को देखते हुए जल निगम के लिए 463 नवीन पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान की गई।
- मंत्रिपरिषद ने जिला सागर की राजस्व विभाग की वार्ड क्र. 47, खसरा क्रमांक 184/2, ग्राम तिलिमाफी, पार्सल क्र. 2 स्थित भूमि परिसम्पत्ति कुल रकबा 10481 वर्गमीटर के निर्वर्तन के लिए H-1 निविदाकार की उच्चतम निविदा राशि 18 करोड़ 56 लाख 25 हजार रुपये की संस्तुति करते हुए उसे विक्रय करने एवं H-I निविदाकार द्वारा निविदा राशि का 100 प्रतिशत जमा करने के उपरांत अनुबंध/रजिस्ट्री की कार्यवाही जिला कलेक्टर द्वारा किये जाने का निर्णय लिया।
- मंत्रिपरिषद ने जिला मुरैना में मध्यप्रदेश सड़क परिवहन विभाग की मुरैना शहरी क्षेत्र के मुख्य मार्ग वार्ड क्र. 13, डॉ. राममनोहर लोहिया वार्ड, ग्राम जौरा खुर्द स्थित मुरैना बस डिपो एवं बस स्टैंड की ब्लॉक-ए भूमि परिसम्पत्ति के H-1 निविदाकार को न्यायालयीन प्रकरण के दृष्टिगत निविदा राशि की तृतीय एवं अंतिम किश्त के अंतिम देय दिनांक 8 जून 2022 से लेकर समस्त न्यायालयीन प्रकरण समाप्त होने की तिथि 5 दिसंबर 2022 तक अधिरोपित अर्थदण्ड ब्याज राशि माफ की जाकर परिसम्पत्ति के निर्वर्तन के लिए अनुबंध/रजिस्ट्री के निष्पादन की कार्यवाही जिला कलेक्टर द्वारा किए जाने का निर्णय लिया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

## औषधीय पौधों की पैदावार बढ़ाने के लिए संयुक्त प्रयास जरूरी

**भोपाल,** वैश्विक बाजार में औषधीय उत्पादों की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। इसको देखते हुए प्रदेश में औषधीय पौधों की पैदावार बढ़ाने के लिए संयुक्त प्रयास किये जाने होंगे। ये बातें प्रमुख सचिव आयुष श्री प्रतीक हजेला ने भोपाल के पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद संस्थान के ऑडिटोरियम में एक दिवसीय दक्षता निर्माण कार्यशाला को संबोधित करते हुये कहीं। उन्होंने औषधीय पौधों के उचित विपणन की व्यवस्था पर भी जोर दिया।

प्रमुख सचिव ने कहा कि कोरोना काल में आयुर्वेद के साथ आयुष की विभिन्न पद्धतियों के महत्व को जन-सामान्य ने समझा है। उन्होंने 'आयुष क्योर एप' की बढ़ती लोकप्रियता के बारे में जानकारी दी। प्रमुख सचिव ने बताया कि देवारण्य योजना में किसानों को औषधीय पौधों की खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में कमेटी भी गठित की गई है। उन्होंने बताया कि औषधीय पौधों की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए किसानों को प्रशिक्षण दिये जाने की आवश्यकता है। प्रमुख सचिव ने बताया कि 52 औषधीय पौधों की खेती को मनरेगा में शामिल किया गया है।

आयुक्त आयुष श्रीमती सोनाली पोंक्षे वायंगणकर ने कहा कि देवारण्य योजना का क्रियान्वयन राज्य सरकार की विभिन्न एजेंसियां मिल कर कर रही हैं। इसकी सफलता के लिए एजेंसियों के बीच समन्वय होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में समृद्ध वन संपदा है। यहां अति उपयोगी जड़ी-बूटी मिलने की ज्यादा संभावनाएं हैं। कार्यक्रम के प्रारंभ में राज्य औषधीय पादप बोर्ड मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सिंह ने कार्यशाला के बारे में जानकारी दी।

# तीन लोक से न्यारी नगरी है अवन्तिका - मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान उज्जैन में गौरव दिवस और एकाग्र विक्रमोत्सव कार्यक्रम में नागरिकजनों को सम्मानित करते हुये।

**उज्जैन,** अवन्तिका नगरी तीन लोक से न्यारी और प्यारी है। उज्जयिनी नगरी अलौकिक और अद्भुत नगरी है, जो अपनी संस्कृति और परम्परा को सहेजे हुए है। यहां आकर हमेशा एक अद्भुत और दिव्य अनुभव होता है। उज्जैन का शुद्ध एवं सात्विक वातावरण सबका मन मोहता है। ये अद्भुत है कि गुड़ी पड़वा के दिन विक्रम संवत् का प्रारम्भ हुआ। सम्राट विक्रमादित्य ने उस काल में शको और हुणों को पराजित कर विजयी भारत की नींव रखी। हमें यह याद रखना चाहिये कि हमारी संस्कृति हजारों वर्ष पुरानी है। सनातन नया वर्ष प्रारम्भ हो रहा है और इसी दिन वर्ष 2005 से हमने विक्रमोत्सव मनाना शुरू किया था। इसी दिन अवन्तिका का गौरव दिवस मनाया जा रहा है। उज्जैन का गौरव सबको गौरवान्वित करता है। उज्जैन की अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान है जो युगों से पल्लवित होती रही है। सृष्टि के आरम्भ से ही उज्जयिनी का अस्तित्व माना जाता है। युग बदलते गये और उज्जैन को उज्जयिनी, अवन्तिका, कनकश्रृंगा आदि नामों से जाना जाता रहा है। गरुड़ पुराण में उज्जैन को सर्वश्रेष्ठ नगरी बताया गया है। वहीं अग्निपुराण में उज्जयिनी को मोक्षदा कहा गया है। पार्वती माँ के कहने पर भगवान शिव ने उज्जयिनी नगरी बसाई थी। इसीलिये उज्जयिनी नगरी को विशाला भी कहते हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने उज्जैन के गौरव दिवस तथा भारत उत्कर्ष नवजागरण और वृहत्तर भारत की सांस्कृतिक चेतना पर एकाग्र विक्रमोत्सव को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन में श्रीमहाकाल लोक के निर्माण से न केवल मध्यप्रदेश अपितु देश में उज्जैन का नाम गौरवांवित हुआ है। पूरे विश्व में भारत और श्रीमहाकाल लोक छाये हुए हैं। विदेशी पर्यटक भी उज्जैन आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जुलाई माह तक श्रीमहाकाल लोक का दूसरा भाग तैयार हो जायेगा। मध्यप्रदेश आगे और भी नये आयाम स्थापित करेगा। यह नया मध्यप्रदेश है। श्रीमहाकाल लोक के बाद ओरछा में श्रीराम लोक, चित्रकूट में वनवासी लोक और सलकनपुर धाम में देवी लोक बनायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अपनी संस्कृति और परम्परा न भूलें।

**मुख्यमंत्री ने उज्जयिनी गौरव रत्न सम्मान प्रदान किया**

मुख्यमंत्री ने गौरव दिवस विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विख्यात विभूतियों को उज्जयिनी गौरव रत्न सम्मान प्रदान किया। सम्मान में शाल एवं प्रशंसा-पत्र प्रदान किये। चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर डॉ. सी.एम. पौराणिक को, शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. रामराजेश मिश्र, साहित्य के क्षेत्र में श्री शिव चौरसिया को, विधि के क्षेत्र में श्री कुलदीप भार्गव को, अभियांत्रिकी के क्षेत्र में श्री श्रीकान्त वैशंपायन, ज्योतिष के क्षेत्र में श्री शिवेंद्र चंद्र द्विवेदी, उद्योग एवं व्यवसाय के क्षेत्र में श्री मुकेश रांका तथा खगोलशास्त्र के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिये श्री घनश्याम रत्नानी को सम्मान प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने संस्कृति विभाग द्वारा स्थापित वेदव्यास सम्मान, वर्ष 2019-20 के लिये अंकुर एजुकेशन अल्टरनेटिव सोसायटी के श्री प्रभात कुमार झा और श्रीमती सुशीला को प्रदान किया। वर्ष 2020-21 का वेदव्यास सम्मान श्री आर. बालाशंकर नई दिल्ली और अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद सम्मान बालगोकुलम संस्था केरल के श्री बाबूलाल जी एवं श्री टी. शिवकुमार को प्रदान किया।

**प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक नये भारत का उदय हुआ है**

श्री चौहान ने कहा कि हम हर वर्ष अंग्रेजी कैलेण्डर के अनुसार नया साल मनाते हैं। हम अपने वर्ष प्रतिपदा, गुड़ी पड़वा एवं विक्रम संवत को भूल चुके थे। यह दर्द मुझे हमेशा रहता था कि हम प्राचीन इतिहास को भूलने लगे हैं। इसलिये मैंने तय किया कि हर वर्ष गुड़ी पड़वा एवं नव संवत्सर पर्व को पूरी परम्परा के साथ मनाया जायेगा और प्राचीन भारत के गौरव को पुन: स्थापित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में नये भारत का उदय हुआ है। भारत की कीर्ति चहुंओर फैल रही है। उन्होंने कहा कि हमने अपने गौरव को पुन: स्मरण करने के लिये गुड़ी पड़वा पर अवकाश भी घोषित किया हुआ है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नागरिकों का आह्वान किया कि वे उज्जयिनी को स्वच्छ एवं साफ बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दें। उन्होंने उज्जैनवासियों को संकल्प दिलाया कि वे इस वर्ष उज्जैन को स्वच्छता में नम्बर एक जिला बनायेंगे। उन्होंने स्वच्छ प्रतियोगिता आयोजित करने के भी निर्देश दिये। महापौर श्री मुकेश टटवाल ने कहा कि नगर निगम हर वर्ष गौरव दिवस पर सवा लाख रुपये का स्वच्छता गौरव पुरस्कार प्रदान करेगा।

# जल और वन संपदा को सहेजने की आवश्यकता - डॉ. भरत शरण सिंह

**भोपाल,** भारत विकासशील से विकसित देश बनने की ओर अग्रसर है, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अगले 25 वर्षों को अमृतकाल का वर्ष कहा है। हमारी कोशिश होना चाहिए कि हम अपनी प्राचीन विरासत को संवारें। हमारी प्राचीन विरासत में मूलरूप से जल संपदा, वन संपदा शामिल है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि पर्यावरण और जैवविविधता संरक्षण के क्षेत्र में हम सभी सामूहिक रूप से कार्य करें। यह विचार मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष डॉ. भरत शरण सिंह ने मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद में शुरू हुई तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए।

इस दौरान डॉ. भरत शरण सिंह ने कहा कि नदियां, हिमालय और वन यह सभी प्रकृति की देन हैं वहीं, भवन, बिल्डिंग आदि भौतिक वस्तुएं हैं। हमारी कोशिश होनी चाहिए कि हमें जो पूर्वजों से मिला उसे समाप्त करने के बजाय हम उसे संरक्षित करके रखें। देश में 30 प्रतिशत वन अच्छादित हैं। ऐसे में अगर हमें अच्छी और शुद्ध वायु मिल रही है तो इसके कारण ही। ऐसे में हमें इस भू-भाग को सुरक्षित रखना होगा। यह विचार करने योग्य बात है कि आप करोड़ों रुपये खर्च करके प्लांटेशन तो लगा सकते हैं लेकिन वन तैयार नहीं किये जा सकते। वनों में हर वो महत्वपूर्ण चीज की उपलब्धता है जो जैवविविधता के लिए आवश्यक है इसलिए जरूरी है कि हम इसे संरक्षित करके रखें। 93 प्रतिशत पानी समुद्र में है, 4 प्रतिशत साउथ पोल में। 2 प्रतिशत पानी अंडरग्राउंड है। जबकि एक प्रतिशत पानी नदियां, झीलों, कुएं जैसे जलाशयों में समाया है। ऐसे में हमारे शरीर को तैयार करने में महज एक प्रतिशत पानी की मुख्य भूमिका होती है।

**युवाओं में दिखाई देता है प्रकृति प्रेम**

इस दौरान डॉ. भरत शरण सिंह ने कहा कि युवाओं में प्रकृति प्रेम बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में शुभ संकेत हैं। 10 में से 8 विद्यार्थी प्रकृति प्रेमी, नेचर लवर हैं। युवाओं में पर्यावरण के लिए बढ़ती यह भावना उन्हें पुरानी विरासत को संजोने और सहेजने में मददगार साबित होगी। विश्व में 12 ऐसे देश हैं जो जैवविविधिता संपन्न हैं। यह खुशी की बात है कि उसमें भारत भी शामिल हैं। इसका कारण है कि हमारे यहां की छह ऋतुएं। भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां समय-समय पर जैवविविधिता में परिवर्तन होता है जिसमें हमें सहेजकर रखने की आवश्यकता होती है।

इस अवसर पर नर्मदा समग्र के कार्तिक सप्रे ने कहा कि हम सभी अपने अपने क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम कर रहे हैं। वनों में औषधीय पौधे हैं जिन्हें सहेज कर रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि देश की 95 प्रतिशत नदियां पहाड़ों से निकलकर वनों के रास्ते होते हुए आती हैं। इसलिए वनों का होना पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति और सभ्यता का विकास नदी से हुआ है। हमें पानी के स्वास्थ्य पर काम करने की आवश्यकता है। अगर हम दवाईयों का छीड़कांव, वनकटाव, जंगलों को जलाने आदि का कार्य बंद कर दें तो निश्चित ही यह समस्या पूरी तरह से समाप्त हो जायेगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एमपीसीएसटी के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि पर्यावरण, वनों पर काम करके इन्हें संरक्षित करने की दिशा में काम किया जाये। पर्यावरण संरक्षण के लिए हम क्या बेहतर कर सकते हैं इस पर हम कार्य कर रहे हैं।

पर्यावरण और विधि विशेषज्ञ ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन की स्थिति, पर्यावरण एवं जैवविविधता का संरक्षण करने की आवश्यकता, उपाय और नियम पर चर्चा करते हुए प्रतिभागियों के साथ महत्वपूर्ण चर्चा की।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

**एजेंसी देना है**

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में शहडोल, कटनी, बैतूल, सागर, दमोह, खण्डवा, हरदा एवं विदिशा जिलों में एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006, 9424442725, 9424444174

प्रमुख आकर्षण

- कॅरियर की खबरें
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध




सुरेखा यादव

## वंदे भारत ट्रेन चलाने वाली पहली महिला

एशिया की पहली महिला लोको पायलट सुरेखा यादव के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। वह सेमी-हाईस्पीड 'वंदे भारत एक्सप्रेस' ट्रेन को चलाने वाली पहली महिला बन गई हैं।



उन्होंने सोलापुर और मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल (सीएसएमटी) के बीच इस सेमी-हाईस्पीड ट्रेन का संचालन किया। ट्रेन सोलापुर से रवाना हुई और सीएसएमटी में निर्धारित समय से पांच मिनट पहले पहुंची।

युगांडा में

## झील के कचरे को रिसाइकिल कर पर्यटकों के लिए बनाई अनूठी नाव

युगांडा के लुजिरा स्थित विक्टोरिया झील पर तैरती नाव चर्चा का विषय बन गई है। लकड़ी की इस नाव की खासियत इसकी हरियाली है। इसमें भी अलग बात यह है कि झील में कचरे को रिसाइकल करके इसमें प्लांट्स लगाए गए हैं। झील से निकाली गई प्लास्टिक की बोतलों को गमले की तरह इस्तेमाल करके यह हरियाली लाई गई है।



रवि चौधरी

## अमेरिका के सहायक रक्षा मंत्री बने

भारतीय-अमेरिकी फ्लाइट टेस्ट इंजीनियर रवि चौधरी को अमेरिकी एयरफोर्स का सहायक रक्षा मंत्री चुना गया है। इससे पहले वे एफएए में ऑफिस ऑफ कमर्शियल स्पेस के एडवांस्ड प्रोग्राम्स और इनोवेशन के निदेशक थे।



निक स्टोएबर्ल ने

## जेंगा ब्लॉक को तेजी से निगलने का रिकॉर्ड बनाया

अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत के निक स्टोएबर्ल दुनिया में सबसे लंबी जीभ वाले शख्स हैं। उन्होंने जीभ से पांच जेंगा ब्लॉक को सबसे तेजी से निगलने का नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। निक की जीभ 3.97 इंच की है, जो अपने आप में एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है। निक ने कहा कि गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक होने से इनका जीवन बदल गया है।



नीदरलैंड

## समुद्र तल में मिली सैकड़ों वर्ष पुरानी रेशमी पोशाक

नीदरलैंड के समुद्र तल में एक जहाज के अवशेषों में मिली पूरी तरह संरक्षित पोशाक पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बन गई है। गोताखोरों ने इस पोशाक को ढूंढ़ा। शोधकर्ताओं के अनुसार यह जहाज 1650 में डूबा था, जो एक अत्यधिक महंगी रेशमी साटन पोशाक के साथ महिला प्रसाधन से जुड़े कई सामान लेकर जा रहा था। शोधकर्ताओं के अनुसार यह पोशाक महिला की है और इसे लगभग 1620 में बनाया गया होगा।



नील मौदगल

## भारतवंशी किशोर ने जीता अमेरिकी साइंस प्राइज

भारतीय मूल के किशोर नील मौदगल ने आरएनए मोलक्यूल की संरचना को लेकर कंप्यूटर मॉडल डेवलप करने के लिए 250000 डॉलर का प्रतिष्ठित अमेरिकी हाईस्कूलर्स साइंस प्राइज जीता है। यह मॉडल रोगों का शीघ्र निदान करने में सहायता कर सकता है। 17 वर्षीय नील के साथ ही 2 हजार हाईस्कूलर्स विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। रीजेनरॉन फार्मास्यूटिकल्स द्वारा प्रायोजित सोसायटी फॉर साइंस के अनुसार नील का कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी और बायोइनफॉर्मेटिक्स प्रोजेक्ट कैंसर, ऑटोइम्यून और अन्य बीमारियों के लिए आसानी से उपचार विकसित करने में मदद कर सकता है।



राम सहाय यादव

## नेपाल के तीसरे उपराष्ट्रपति बने

नेपाल के मधेस क्षेत्र के 52 वर्षीय नेता राम सहाय यादव को देश का तीसरा उपराष्ट्रपति चुन लिया गया। राम सहाय को नेपाल के आठ दलीय सत्तारूढ़ गठबंधन का समर्थन प्राप्त था और उन्होंने सीपीएन-यूएमएल की आस्था लक्ष्मी शाक्य और जनमत पार्टी की ममता झा को हराया था।



कोहिनूर

## टॉवर ऑफ लंदन में लगेगी प्रदर्शनी

ब्रिटेन में कोहिनूर हीरे को 'विजय के प्रतीक' के तौर पर टॉवर ऑफ लंदन में प्रदर्शित किया जाएगा। इसे 26 मई से आम लोगों के देखने के लिए खोला जाएगा। ब्रिटेन में राजघराने के बाकी क्राउन ज्वेल्स के साथ कोहिनूर को शामिल किया जाएगा। ब्रिटेन में पैलेस को मैनेज करने वाली चैरिटी हिस्टॉरिक रॉयल पैलेसेज ने कहा की कोहिनूर की जर्नी को दिखलाया जाएगा। ज्ञात रहे कि ब्रिटेन के नए किंग चार्ल्स की ताजपोशी 6 मई को होनी है। टॉवर ऑफ लंदन भी इसमें अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार है।



फ्रांस में

## पेंशन बिल पास

फ्रांस में मैक्रों सरकार का पेंशन सुधार बिल पास हुआ। इसके तहत रिटायरमेंट उम्र 62 से बढ़ाकर 64 कर दी गई है। फ्रांस की नेशनल असेंबली में प्रधानमंत्री एजिलाबेथ बॉर्न ने संवैधानिक ताकत का इस्तेमाल करते हुए बिना वोटिंग के ही बिल पास करवा दिया। इसके बाद पूरे देश में बिल के खिलाफ सैंकड़ों लोग सड़क पर उतर आए। विपक्षी नेता मरीन ले पेन ने इमानुएल मैक्रों की सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की बात कही।



ऑस्ट्रेलिया में

## सर्फिंग से मेंटल हेल्थ पीड़ितों के लिए धन जुटाया

ऑस्ट्रेलिया के ब्लेक जॉनसन ने 30 घंटे लगातार सर्फिंग कर वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा। वे सर्फिंग करने समुद्र में गए और फिर 30 घंटे बाद समुद्र से थोड़ी देर के लिए जमीन पर आए। इस अवधि में उन्होंने सबसे लंबे समय तक सर्फिंग करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। 40 वर्षीय ब्लेक ने मेंटल हेल्थ पीड़ितों की मदद के लिए इवेंट से 2 करोड़ रुपए जुटाए हैं।



एरिक गार्सेटी

## भारत में अमेरिका के नए राजदूत

लॉस एंजिल्स के पूर्व मेयर एरिक गार्सेटी का भारत में अमेरिकी राजदूत बनना तय हो गया है। अमेरिकी सीनेट ने एरिक गार्सेटी के नामांकन पर मुहर लगा दी है। भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में उनके नामांकन को सीनेट में 52-42 से मंजूरी मिली। ज्ञात रहे कि जनवरी 2021 के बाद से अभी तक भारत में अमेरिका का कोई स्थायी राजदूत नहीं है।



किंग चार्ल्स

## पहली बार स्पेशल डाक टिकट में नजर आए

ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय इस साल मई में अधिकारिक तौर पर ब्रिटेन की गद्दी संभालेंगे। इससे पहले किंग चार्ल्स पहली बार स्पेशल डाक टिकट में नजर आ रहे हैं। रॉयल मेल द्वारा किंग चार्ल्स के सिर वाले स्पेशल डाक टिकट जारी किए गए हैं। जिसमें सिल्हूट (छायाचित्र) बगीचे में लगाए जाने वाले लोकप्रिय फूलों के एक सेट में है। यह पहला स्टॉम्प हो सकता है, जो राजा के प्रोफाइल को दर्शाता है।




रुड़की आईआईटी के

## छात्रों ने नए जीवाणुरोधी छोटे अणु को खोजा

उत्तराखंड के रुड़की स्थित आईआईटी के शोधकर्ताओं ने एक जीवाणुरोधी छोटे अणु (आईआईटी-आर00693) की खोज की है जो दवा प्रतिरोधी संक्रमणों से लड़ने में मदद कर सकता है। इस शोध का नेतृत्व रंजना पठानिया ने किया है। इसमें बायोसाइंसेस और बायोइंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी रुड़की ऋषिकेश एम्स के भी शोधार्थी शामिल थे।

टेरान

## 3डी प्रिंटिंग से बना दुनिया का पहला रॉकेट हुआ असफल

वर्तमान में 3डी प्रिंटेड तकनीक से बने रॉकेट टेरान की चर्चा दुनियाभर में है। अपनी उड़ान से पहले ही इंजन के बंद हो जाने के कारण यह फिर चर्चा में आ गया। उड़ान के लिए जैसे ही इसे स्टार्ट किया तो इंजन कुछ ही सेकंड में बंद हो गया और रॉकेट लॉन्चिंग पैड पर ही खड़ा रह गया। इस रॉकेट को अमेरिका में रिलेटिविटी स्पेस कंपनी ने तैयार किया था। यह 110 फीट का था। इंजन समेत रॉकेट का 85 प्रतिशत हिस्सा कैलिफोर्निया के लॉन्ग बीच में कंपनी के मुख्यालय में रखे बड़े 3 डी प्रिंटरों से बनाया गया था।



रेवती अद्वैती और मनीष बाफना

## यूएस राष्ट्रपति ने भारतवंशियों को अहम जिम्मेदारी सौंपी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भारतीय मूल के दो सीईओ को अपनी सलाहकार टीम में शामिल किया है और उन्हें अहम जिम्मेदारी सौंपी है। राष्ट्रपति बाइडेन ने फ्लेक्स की सीईओ रेवती अद्वैती और नेचुरल रिर्सोसेज डिफेंस काउंसिल के सीईओ मनीष बाफना को यह जिम्मेदारी सौंपी है। इन दोनों को व्यापार नीति और वार्ता के लिए सलाहकार समिति में शामिल किया गया है। ये समिति किसी भी व्यापार समझौते पर प्रवेश करने से पहले की बातचीत और व्यापारिक और सौदेबाजी की स्थिति, ट्रेड एग्रीमेंट्स के समझौते और उनका क्रियान्वयन और प्रशासन के मामलों में बाइडेन प्रशासन को सलाह देगी।



नासा का

## स्पेसएक्स क्रू-5 पृथ्वी पर लौटा

नासा का स्पेसएक्स क्रू-5 अंतरिक्ष यात्री स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्षयान फ्लोरिडा प्रांत के तट पर सुरक्षित नीचे उतर आया है। फ्लोरिडा के टाम्पा के तट से मैक्सिको की खाड़ी में पैराशूट-सहायक स्पलैशडाउन के जरिए नीचे उतरा। इसमें नासा के दो अंतरिक्ष यात्री निकोल मैन और जोश कसाडा, जापान एयरस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के अंतरिक्ष यात्री कोइची वकाटा और रोस्कोस्मॉस के अंतरिक्ष यात्री एना किकिना शामिल हैं।



प्राणवी गुप्ता

## दुनिया की सबसे छोटी योगा ट्रेनर

सतना मध्यप्रदेश की 7 साल 165 दिन की प्राणवी गुप्ता ने सबसे कम उम्र की योग प्रशिक्षक (महिला) के रूप में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया है। प्राणवी अभी परिवार सहित दुबई में रहती हैं। प्राणवी ने 2020 से 2023 के बीच 3 बड़े रिकॉर्ड्स बनाए हैं। 2020 में उन्होंने 4.23 मिनट में 195 देशों के नाम और उनकी राजधानी बताकर रिकॉर्ड बनाया था। 2021 में 81 सेकंड में अंग्रेजी के 10 सबसे बड़े शब्द बोलकर कीर्तिमान रचा है।



राफेल ग्रासी

## दोबारा आईएईए के महानिदेशक बने

वियना स्थित अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स ने राफेल ग्रॉसी को चार साल के दूसरे कार्यकाल के लिए परमाणु निगरानी संस्था के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया है।



### स्मृति शेष

## टेलीविजन सीरियल सीआईडी के प्रोड्यूसर प्रदीप का निधन

सोनी टेलीविजन के फेमस टेलीविजन सीरियल सीआईडी के प्रोड्यूसर प्रदीप उप्पूर का निधन हो गया है। टेलीविजन सीरियल्स के अलावा प्रदीप ने बतौर निर्माता कई फिल्मों को प्रोड्यूस किया। प्रदीप लंबे समय से कैंसर से पीड़ित थे।



*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

## OBJECTIVE QUESTIONS FOR COMPETITIVE EXAMINATION

# Subject : GENERAL ENGLISH

- **Fill in the blanks with suitable articles. (Question Nos. 1 to 5)**

**1. The teacher asks ……. easy question.**
(a) a (b) an
(c) the (d) No article

**2. This is …… unique way of teaching English.**
(a) a (b) an
(c) the (d) No article

**3. My brother is going to ……… wedding reception.**
(a) a (b) an
(c) the (d) No article

**4. A customer wants ….. earphone.**
(a) a (b) an
(c) the (d) No article

**5. Amar is …… kindest person I have ever seen.**
(a) a (b) an
(c) the (d) No article

- **Fill in the blank spaces with suitable prepositions. (Question Nos. 6 to 12)**

**6. The supermarket is open ….. midnight.**
(a) to (b) for
(c) by (d) until

**7. Can you come ……. some time?**
(a) of (b) by
(c) to (d) after

**8. 18 is the age ……. which a person is allowed to cast a vote in India.**
(a) from (b) at
(c) with (d) by

**9. His poems are noted …….. the simplicity of language.**
(a) of (b) for
(c) by (d) in

**10. His statement confused me …….. a moment.**
(a) to (b) with
(c) for (d) about

**11. Rajiv attended the meeting on behalf …… his principal.**
(a) in (b) of
(c) off (d) at

**12. He is in search ……. job.**
(a) by (b) of
(c) on (d) at

- **Fill in the blanks with suitable form of the verb. (Question Nos. 13 to 18)**

**13. She ……… for the country since 2008.**
(a) is played
(b) is being playing
(c) has been playing
(d) is playing

**14. A bike knocked him down when he ……. the road.**
(a) has been crossing
(b) is crossed
(c) is crossing
(d) was crossing

**15. Ranjan ……. tiles for his home last day.**
(a) has purchased
(b) purchased
(c) was purchased
(d) is purchasing

**16. Birds ……. their eggs in nest.**
(a) have been laying
(b) were laying
(c) lay
(d) lays

**17. If I …….. to school, I shall become wise.**
(a) went (b) go
(c) have gone (d) going

**18. He ………. his new clock last week.**
(a) repair
(b) repaired
(c) has repaired
(d) had been repaired

- **Change the Voice. (Question Nos. 19 to 25)**

**19. You are requested to call the police.**
(a) You should call the police.
(b) Call the police.
(c) Call the police, please.
(d) You must call the police.

**20. She is preparing synopsis for Ph.D. registration.**
(a) Ph.D. synopsis for registration is being prepared by her.
(b) Ph.D. registration is being prepared by her with synopsis.
(c) Synopsis is being prepared by her for Ph.D. registration.
(d) Synopsis is prepared for Ph.D registration by her.

**21. This school follows gender equality.**
(a) Equality of gender was followed by this school.
(b) Gender equality is followed by this school.
(c) Gender equality has been followed by this school.
(d) Gender equality follow this school.

**22. Manish has left the locker open.**
(a) The locker has opened left by Manish.
(b) The locker has been left open by Manish.
(c) The locker open has left by Manish.
(d) The open locker had left by Manish.

**23. He spends a lot of money on food items.**
(a) Food items are spent a lot of money by him.
(b) A lot of money is spent on food items by him.
(c) A lot of money has spent on food items by him.
(d) Money on food items was spent by him.

**24. Give food and medicines to patients.**
(a) Food and medicines be given to patients.
(b) Patients be given food and medicines.
(c) Let food and medicines be given to patients.
(d) You should give food and medicines to patients.

**25. Will the rising water flood the fields?**
(a) Will the flooded field be watered by rising water?
(b) Will the fields be watered rising by flood?
(c) Will the water be flooded by the fields?
(d) Will the fields be flooded by rising water?

- **Idioms and phrases. (Question Nos. 26 to 30)**

**26. Penny for your thought.**
(a) Pay amount for something.
(b) Request to help.
(c) Ask for advice.
(d) The thoughts which are priceless.

**27. Add insult to injury.**
(a) Insult someone.
(b) Light the candle.
(c) Worsen an unfavorable situation.
(d) Someone is made favorable in all situation.

**28. All ears.**
(a) Speaking carefully.
(b) Heed no one.
(c) Listen carefully.
(d) Make a speech.

**29. Behind the bar.**
(a) Be a casual person.
(b) Be an honest person.
(c) Let someone scot-free.
(d) Be in the prison.

**30. Beast of burden.**
(a) Take the burden.
(b) Someone who is animal in behavior.
(c) The person who is beast.
(d) Someone carries others problems.

- **Choose the word opposite to the meaning of the given word. (Question Nos. 31 to 35)**

**31. Murky**
(a) Approve (b) Clap
(c) Shining (d) Support

**32. Repel**
(a) Eliminate (b) Lure
(c) Destroy (d) Remove

**33. Veteran**
(a) Expert (b) Novice
(c) Old hand (d) Minor

**34. Wreck**
(a) Care (b) Fracture
(c) Concern
(d) Benevolent

**35. Lend**
(a) Borrow (b) Debt
(c) Expense (d) Cost

- **Synonym (Question Nos. 36 to 40)**

**36. Artful**
(a) Honest (b) Frank
(c) Original (d) Crafty

**37. Annul**
(a) Validate (b) Abolish
(c) Confirm (d) Extol

**38. Carnal**
(a) Heavenly (b) Harsh
(c) Earthly (d) Canibal

**39. Follower**
(a) Callous (b) Leader
(c) Adherent (d) Chief

**40. Dignity**
(a) Disrespect (b) Restrict
(c) Disregard (d) Glory

- **One word substitution (Question Nos. 41 to 45)**

**41. One who feeds on human flesh.**
(a) Ornithology
(b) Cannibal
(c) Herbivorous
(d) Omnivorous

**42. Group of worshippers.**
(a) Crowd
(b) Congregation
(c) Pilgrimage
(d) Religious

**43. One who makes an official examination of accounts.**
(a) Conductor
(b) Checker
(c) Auditor
(d) Examinor

**44. A person who is controlled by wife.**
(a) Vamp (b) Erudite
(c) Wicked woman
(d) Henpeck

**45. One who lives in solitude.**
(a) Austere (b) Monk
(c) Priest (d) Recluse

- **In each of the following questions, find out the correctly spelt word. (Questions 46 to 50)**

**46.** (a) Academician
(b) Acedimician
(c) Acadamician
(d) Acadimecian

**47.** (a) Scholar (b) Scholer
(c) Scholor (d) Schalor

**48.** (a) Parleament
(b) Parliament
(c) Parliamant
(d) Perliament

**49.** (a) Queastionaire
(b) Questioneire
(c) Questionaere
(d) Constitution

**50.** (a) Onomotopoaea
(b) Onomotapoeia
(c) Onamatopoeia
(d) Library

### ANSWERS

1. b, 2. a, 3. a, 4. b, 5. c, 6. d, 7. d, 8. b, 9. b, 10. c, 11. b, 12. b, 13. c, 14. d, 15. b, 16. c, 17. b, 18. b, 19. c, 20. c, 21. b, 22. b, 23. b, 24. c, 25. d, 26. c, 27. c, 28. c, 29. d, 30. d, 31. c, 32. b, 33. b, 34. b, 35. A, 36. d, 37. b, 38. c, 39. c, 40. d, 41. b, 42. b, 43. c, 44. d, 45. d, 46. a, 47. a, 48. b, 49. d, 50. d.

### EXPLANATION

2. Article 'a' is placed before a singular noun which begins with vowel but pronounced as a consonant.
5. Article 'the' is placed before an adjective in the superlative degree.

**- Prafulkumar Prakash Vaidhya**
(Assistant Professor in English
Sardar Patel Mahavidyalaya,
Chandrapur)

## बीमार पशुओं तक पहुंचेगा अस्पताल

**भोपाल,** बीमार पशुओं तक चिकित्सा सुविधा पहुंचाने के लिए भोपाल में 406 पशु चिकित्सा इकाई (पशु एंबुलेंस) तैयार करने की कार्यवाही जारी है। इन वाहनों में जीपीएस, माइक, माइक्रोस्कोप, रक्त जाँच किट, बैटरी चलित छोटा फ्रिज, दवाइयां, डिस्पोजेबल, सिरिंज, ग्लव्ज, कृत्रिम गर्भाधान किट और छोटे-मोटे ऑपरेशन की सुविधा रहेगी। गांव में पहुंचने के बाद यह अस्पताल माइक से ग्रामीणों को अपने पहुंचने की सूचना भी देगा।

पशुपालन मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल ने बताया कि अप्रैल से यह व्यवस्था शुरू करने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीमार होने पर मनुष्य तो अस्पताल पहुंच जाता है पर पशु नहीं। इसलिए प्रदेश में यह व्यवस्था शुरू की जा रही है। केंद्र सरकार से प्रदेश के लिए स्वीकृत 406 पशु एंबुलेंस प्राप्त हो चुकी हैं। प्रति चलित पशु चिकित्सा इकाई में एक-एक पशु चिकित्सक, पैरावेट और वाहन चालक सह सहायक की व्यवस्था की जा रही है। इसके संचालन के लिए कॉल सेंटर की स्थापना भी की जाएगी, जिसमें 5 पशु चिकित्सक और 15 कॉल एक्जिक्यूटिव को आउटसोर्स से नियोजित किया जा रहा है।

जिला पशु कल्याण समिति को पूर्णत: फेब्रिकेटेड वाहन उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान किया गया है। पशु औषधि, ईंधन और रख-रखाव के लिए प्रति वाहन 68 हजार रुपये प्रति माह दिये जायेंगे।

## सरल है मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में आवेदन की प्रक्रिया

**भोपाल,** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, बहनों के सशक्तिकरण के लिए बनाई गई है। सशक्तिकरण में सबसे अधिक जरूरी आर्थिक सशक्तिकरण है। बहनों के पास पैसा हो, तो उनमें आत्मविश्वास भी होता है और स्वाभिमान का भाव भी जागृत होता है। इसलिए हमने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में हर पात्र बहन के खाते में हर महीने 1000 रुपये डालने का निर्णय लिया है। योजना में वे बहने पात्र होंगी, जिनकी आयु 23 से 60 वर्ष के बीच हो, विवाहित हो, परिवार की आय ढाई लाख रुपये वार्षिक से कम हो और ऐसे परिवार जिनके पास 5 एकड़ से कम जमीन हो। परिवार का मतलब पति, पत्नी और उनके बच्चे हैं। ऐसी पात्र बहनों के खाते में हर महीने एक हजार रुपये आएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरी बहनों को कोई दिक्कत न हो, यह मेरा कर्तव्य है। इसलिए योजना में आवेदन प्रक्रिया को बहुत सरल बनाया गया है। योजना के फॉर्म आपके गांव और शहर के वार्डों में भरवाए जाएंगे। बहनों को लोक सेवा केंद्र या कहीं और जाने की जरूरत नहीं है।

श्री चौहान ने बताया कि आवेदन में अपना नाम, पति का नाम, मोबाइल नंबर आदि दर्ज कराने के अलावा तीन जरूरी जानकारी बहनों के पास होनी चाहिए। पहला- आपकी या आपके परिवार की समग्र आईडी, दूसरा- आपका आधार नंबर और तीसरा- समग्र में दर्ज आपका मोबाइल नंबर। यह जानकारी यदि बहनों के पास है तो उनको कोई दिक्कत नहीं होगी। आवेदन भरा जाएगा और उसके बाद ई-केवायसी करवाई जाएगी। इसके लिए बहनों को कहीं जाने की जरूरत नहीं है। गांव और शहर के वार्ड में ही ई-केवायसी प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी। जहाँ कनेक्टिविटी नहीं है, वहां दूसरे गांव या कॉमन सर्विस सेंटर में बहनों को ले जाने की आवश्यकता पड़ती है तो उनके लिए वाहन की व्यवस्था शासन द्वारा की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ई-केवायसी के लिए कोई शुल्क नहीं लगेगा। शासन द्वारा एक ई-केवायसी के लिए 15 रुपये का भुगतान संबंधित कॉमन सर्विस सेंटर्स को किया जाएगा। यदि किसी बहन से कोई ई-केवायसी के लिए पैसा मांगता है तो सीएम हेल्पलाइन नंबर 181 पर फोन कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। ऐसे लोगों को जेल भिजवाया जाएगा। बहनों को एक भी पैसा देने की जरूरत नहीं है। यदि मेरी बहनों को परेशानी होती है, तो मेरे भाई होने का मतलब ही क्या है। इसलिए निश्चिंत रहिए- परेशान मत होइए। अपने गांव, शहर में ही रहें। हमारी टीम आपसे संपर्क करेगी, शिविर में लाएगी और सारी औपचारिकता पूरी करवाएगी।

# प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

## हिन्दी

**1. बैसवाड़ी का संबंध किस बोली से है?**
(A) अवधी (B) मैथिली
(C) भोजपुरी (D) छत्तीसगढ़ी
उत्तर- (A) अवधी

**2. 'टक्क' अपभ्रंश से विकसित भाषा है?**
(A) सिंधी (B) पंजाबी
(C) गुजराती (D) लहदा
उत्तर- (B) पंजाबी

**3. रचनाकाल के आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए?**
(A) चन्दायन, मधुमालती, मृगावती, पद्मावत
(B) मधुमालती, पद्मावत, चन्दायन, मृगावती
(C) चन्दायन, मृगावती, पद्मावत, मधुमालती
(D) मृगावती, पद्मावत, मधुमालती, चन्दायन
उत्तर- (C) चन्दायन, मृगावती, पद्मावत, मधुमालती

**4. मोई, तोओ, अकोख, तुमाओ सर्वनाम किस बोली में प्रयुक्त होते हैं?**
(A) ब्रजभाषा (B) कन्नौजी
(C) अवधी (D) बुन्देली
उत्तर- (D) बुन्देली

**5. निम्न सूचियों को सुमेलित कर सही विकल्प का चयन करें -**

| व्यंजन | व्यंजन का प्रकार |
|---|---|
| a. द | 1. तालव्य |
| b. ज | 2. कंठ्य |
| c. ब | 3. दंत्य |
| d. घ | 4. ओष्ठ्य |

| कूट- | a. | b. | c. | d. |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (B) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (C) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (D) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| उत्तर- (B) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**6. 'प्रार्थना समाज' की स्थापना इनमें से किसने की थी?**
(A) राजा राम मोहन राय (B) देवेन्द्रनाथ ठाकुर
(C) आत्माराम पांडुरंग (D) एनी बेसेन्ट
उत्तर- (A) आत्माराम पांडुरंग

**7. 'लक्ष्मीपुरा' नामक रिपोर्ताज के लेखक हैं?**
(A) रांगेय राघव (B) शिवदान सिंह चौहान
(C) शमशेर बहादुर सिंह (D) धर्मवीर भारती
उत्तर- (B) शिवदान सिंह चौहान

**8. 'नए साहित्य का सौन्दर्य शास्त्र' कृति के लेखक कौन हैं?**
(A) डॉ. नामवर सिंह
(B) डॉ. गणपति चन्द्रगुप्त
(C) गजानन माधव मुक्तिबोध
(D) अज्ञेय
उत्तर- (C) गजानन माधव मुक्तिबोध

**9. 'बीजक' संकलन में कबीर की रचनाएं किसने संकलित की हैं?**
(A) कबीर (B) रैदास
(C) सुन्दरदास (D) धर्मदास
उत्तर- (D) धर्मदास

**10. ''भारतीय जनता का प्रतिनिधि कवि यदि किसी को कह सकते हैं तो तुलसीदास को'' उक्त कथन किस आलोचक का है?**
(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(C) डॉ. नामवर सिंह
(D) डॉ. रामविलास शर्मा
उत्तर- (B) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

**11. निम्न सूचियों को सुमेलित कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए?**

| ग्रंथ का नाम | कृतिकार |
|---|---|
| a. चौरासी वैष्णव की वार्ता | 1. यदुनाथ |
| b. भक्तमाल | 2. हरिराय |
| c. भाव प्रकाश | 3. गोकुलनाथ |
| d. वल्लभ दिग्विजय | 4. नाभादास |

| कूट- | a. | b. | c. | d. |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (D) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| उत्तर- (A) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**12. 'अवध विलास' नामक कृति के रचयिता हैं?**
(A) तुलसीदास (B) केशवदास
(C) लालदास (D) ईश्वरदास
उत्तर- (C) लालदास

**13. 'दूल्ह राम सीय दुल्हीरी' यह पंक्ति तुलसीदास के किस काव्य ग्रंथ की है?**
(A) कवितावली (B) गीतावली
(C) बरवै रामायण (D) रामचरितमानस
उत्तर- (B) गीतावली

**14. बिहारी किस वर्ग के कवि हैं?**
(A) रीतिबद्ध (B) रीतिमुक्त
(C) रीतिसिद्ध (D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (C) रीतिसिद्ध

**15. कौनसी रचना केशवदास की नहीं है?**
(A) विज्ञान गीता (B) रतन बावनी
(C) रसविलास (D) वीरसिंह देवचरित
उत्तर- (C) रसविलास

**16. निम्नलिखित सूचियों को सुमेलित कर सही विकल्प का चयन कीजिए?**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| a. जगद्विनोद | 1. मतिराम |
| b. रामचन्द्रा शरण | 2. जसवंत सिंह |
| c. ललित ललाम | 3. पद्माकर |
| d. भाषा भूषण | 4. गोप |

| कूट- | a. | b. | c. | d. |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| उत्तर- (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**17. 'प्रजा हितैषी' पत्र का सम्पादक थे?**
(A) राजा शिवप्रसाद सितारे हिंद
(B) ईश्वरचन्द्र विद्यासागर
(C) लल्लूलाल
(D) राजा लक्ष्मण सिंह
उत्तर- (D) राजा लक्ष्मण सिंह

**18. इन सूचियों को सुमेलित कर सही विकल्प चुनिए?**

| पत्र का नाम | संपादक का नाम |
|---|---|
| a. भारतेंदु | 1. पं. बालकृष्ण भट्ट |
| b. ब्राह्मण | 2. बदरी नारायण चौधरी 'प्रेमधन' |
| c. हिन्दी प्रदीप | 3. प्रताप नारायण मिश्र |
| d. आनंद कादम्बिनी | 4. राधाचरण गोस्वामी |

| कूट- | a. | b. | c. | d. |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (B) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (C) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (D) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| उत्तर- (C) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**19. इनमें से कौनसा नाटक भारतेन्दु जी का मौलिक नाटक है?**
(A) प्रेम जोगिनी (B) मुद्राराक्षस
(C) दुर्लभ बंधु (D) सत्य हरिश्चन्द्र
उत्तर- (A) प्रेम जोगिनी

**20. किस कवि का वास्तविक नाम वैद्यनाथ मिश्र है?**
(A) धूमिल (B) नागार्जुन
(C) त्रिलोचन (D) अंचल
उत्तर- (B) नागार्जुन

**21. कुंवर नारायण की कविताएं किस सप्तक में संकलित हैं?**
(A) तार सप्तक (B) दूसरा सप्तक
(C) तीसरा सप्तक (D) चौथा सप्तक
उत्तर- (C) तीसरा सप्तक

**22. ''प्रयोगवादी कविता में भावना है, किन्तु हर भावना के सामने एक प्रश्न चिन्ह लगा हुआ है। इस प्रश्न चिन्ह को आप बौद्धिकता कह सकते हैं।'' यह कथन किस आलोचक का है?**
(A) डॉ. नागेन्द्र
(B) डॉ. जगदीश शरण गुप्त
(C) धर्मवीर भारती
(D) रामस्वरूप चतुर्वेदी
उत्तर- (C) धर्मवीर भारती

**23. मैथलीशरण गुप्त की निम्न रचनाओं को रचनाकाल के आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए?**
(A) भारत भारती - यशोधरा - साकेत - द्वापर
(B) यशोधरा - साकेत - भारत भारती - द्वापर
(C) द्वापर - यशोधरा - भारत भारती - साकेत
(D) भारत भारती - साकेत - यशोधरा - द्वापर
उत्तर- (D) भारत भारती - साकेत - यशोधरा - द्वापर

**24. प्रेमचन्द्र के उस उपन्यास का नाम बताइए जिसमें अनमेल विवाह के दुष्परिणाम बताए गए हैं?**
(A) कायाकल्प (B) सेवासदन
(C) प्रेमाश्रम (D) निर्मला
उत्तर- (D) निर्मला

**25. सचेतन कहानी के प्रवर्तक का नाम है?**
(A) कमलेश्वर (B) रवीन्द्र कालिया
(C) महीप सिंह (D) निर्मल वर्मा
उत्तर- (C) महीप सिंह

**26. जिंदगी और जोंक कहानी के लेखक हैं?**
(A) जैनेन्द्र (B) धर्मवीर भारती
(C) कमलेश्वर (D) अमरकांत
उत्तर- (D) अमरकांत

**27. इनमें से कौन व्यभिचारी भाव नहीं है?**
(A) अपस्मार (B) अवहित्या
(C) वैवर्ण्य (D) वितर्क
उत्तर- (C) वैवर्ण्य

**28. मुक्तिवाद किस आचार्य का मत है?**
(A) आचार्य मम्मट (B) आचार्य विश्वनाथ
(C) आचार्य अभिनव गुप्त (D) भट्ट नायक
उत्तर- (D) भट्ट नायक

**29. ध्वनि को काव्य की आत्मा किस आचार्य ने माना है?**
(A) अभिनव गुप्त (B) विश्वनाथ
(C) मम्मट (D) आनन्दवर्धन
उत्तर- (D) आनन्दवर्धन

**30. प्रेमचंद के किस उपन्यास में स्त्रियों की आभूषण प्रियता के दुष्परिणाम दिखाए गए हैं?**
(A) गबन (B) निर्मला
(C) गोदान (D) सेवासदन
उत्तर- (A) गबन

**31. निम्नलिखित सूचियों को सुमेलित कीजिए एवं सही विकल्प का चयन कीजिए?**

| कृति | कृतिकार |
|---|---|
| a. कुरू कुरू स्वाहा | 1. उषा प्रियम्वदि |
| b. पचपन खम्बेलाल दिवारें | 2. पुष्पा मैत्रेयी |
| c. चाक | 3. मन्नू भंडारी |
| d. महाभोज | 4. मनोहर श्याम जोशी |

| कूट- | a. | b. | c. | d. |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (B) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (C) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (D) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| उत्तर- (B) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**32. अशोक के शिलालेख किस लिपि में उपलब्ध होते हैं?**
(A) देवनागरी (B) ब्राह्मी
(C) खरोष्ठी (D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (B) ब्राह्मी लिपि

**33. 'परीक्षा गुरू' उपन्यास के लेखक कौन हैं?**
(A) श्रद्धा राम फुल्लौरी
(B) लाला निवासदास
(C) बालकृष्ण भट्ट
(D) अयोध्यासिंह उपाध्याय
उत्तर- (B) लाला निवासदास

**34. 'अंधायुग' किस विधा की पुस्तक है?**
(A) नाटक (B) गीतिनाट्य
(C) कविता (D) उपन्यास
उत्तर- (B) गीतिनाट्य

**35. शेक्सपीयर के नाटक 'मर्चेन्ट ऑफ वेनिस' का अनुवाद भारतेन्दु ने किस नाम से किया?**
(A) वेनिस का व्यापारी (B) दुर्लभ बंधु
(C) विद्या सुन्दर (D) पाखण्ड विडम्बन
उत्तर- (B) दुर्लभ बंधु

**36. साधारणीकरण सिद्धांत का अविण्कर्ता किसे माना जाता है?**
(A) भट्टलोलक (B) भट्टनायक
(C) मम्मट (D) आचार्य विश्वनाथ
उत्तर- (B) भट्टनायक

**37. शिवप्रसाद सितारे हिंद की किस पुस्तक की भाषा संस्कृतनिष्ठ हिन्दी है?**
(A) मानव धर्मसार (B) उपनिषद्सार
(C) राजा भोज का सपना
(D) इतिहास तिमिरनाशक
उत्तर- (A) मानव धर्मसार

**38. रसों एवं स्थायी भावों की सूचियों को सुमेलित कीजिए?**

| सूची I (रस) | सूची II (स्थायी भाव) |
|---|---|
| 1. करुण | a. विस्मय |
| 2. वीभत्स | b. क्रोध |
| 3. रौद्र | c. जुगुप्सा |
| 4. अद्भुत | d. शोक |

| कूट- | 1. | 2. | 3. | 4. |
|---|---|---|---|---|
| (A) | b | c | d | a |
| (B) | d | c | b | a |
| (C) | c | d | a | b |
| (D) | a | b | d | c |
| उत्तर- (B) | d | c | b | a |

**39. 'झरना' को छायावाद की प्रयोगशाला किस आलोचक ने माना है?**
(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(B) डॉ. नामवरसिंह
(C) डॉ. नागेन्द्र
(D) आचार्य नंददुलारे वाजपेयी
उत्तर- (A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

**40. पहला यथार्थवादी उपन्यास 'मैडम बोवेरी' कब प्रकाशित हुआ?**
(A) 1860 ई. (B) 1855 ई.
(C) 1856 ई. (D) 1903 ई.
उत्तर- (C) 1856 ई. में मैडम बोवेरी यथार्थवादी उपन्यास का प्रकाशन हुआ।

**41. प्रेमचंद के अधिकांश उपन्यास हैं?**
(A) यथार्थवाद (B) आदर्शवादी
(C) आदर्शोन्मुखी यथार्थवादी
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (C) आदर्शोन्मुखी यथार्थवादी

**42. मूर्तिदेवी पुरस्कार प्राप्तकर्ता इनमें से कौन नहीं है?**
(A) कुबेरनाथ (B) विष्णु प्रभाकर
(C) निर्मल वर्मा (D) जयशंकर प्रसाद
उत्तर- (D) जयशंकर प्रसाद

**43. इनमें से किस रचना को ज्ञानपीठ पुरस्कार नहीं मिला है?**
(A) कामायनी (B) उर्वशी
(C) भामा (D) चिदम्बरा
उत्तर- (A) कामायनी

**44. ''भूषण बिनु न विराजई कविता वनिता मित्त'' यह कथन किसका है?**
(A) बिहारीलाल (B) मतिराम
(C) केशवदास (D) रहीमदास
उत्तर- (C) केशवदास

**45. 'काव्य शोभाकरान् धर्मान् अलंकारान् प्रचक्षते' यह परिभाषा किस आचार्य ने दी है?**
(A) भामह (B) दण्डी
(C) रुद्रट (D) मम्मट
उत्तर- (B) दण्डी

**46. 'हिन्दी साहित्य की भूमिका' के लेखक कौन हैं?**
(A) डॉ. नागेन्द्र (B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) राहुल सांकृत्यायन (D) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
उत्तर- (B) हजारी प्रसाद द्विवेदी

**47. नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित हिन्दी साहित्य के वृहत इतिहास के कुल कितने खण्ड हैं?**
(A) 12 (B) 15
(C) 16 (D) 22
उत्तर- (C) 16

**48. धार्मिक मासिक पत्र 'कल्याण' का प्रकाशन किस नगर से होता है?**
(A) बनारस (B) कानपुर
(C) लखनऊ (D) गोरखपुर
उत्तर- (D) गोरखपुर

- डॉ. राममनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं।)

## विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

# सामान्य ज्ञान, अंग्रेजी और गणित

**1. मृगेन्द्रनाथ की गुफा किस स्थान पर अवस्थित है -**
(अ) रायसेन (ब) होशंगाबाद
(स) सागर (द) विदिशा
उत्तर- (अ) रायसेन

**2. देश का प्रथम गौ अभयारण्य मध्यप्रदेश में कहां स्थापित किया गया है -**
(अ) बैतूल (ब) महू
(स) आगर-मालवा (द) सीधी
उत्तर- (स) आगर-मालवा

**3. ग्राफिकल यूजर इंटरफेस में प्रोग्रामों को दर्शाने के लिए छोटी-छोटी तस्वीरों का प्रयोग किया जाता है। ये कहलाती हैं -**
(अ) फीगर (ब) आइकन
(स) फाइल (द) फोल्डर
उत्तर- (ब) आइकन

**4. एक निश्चित पते पर किसी एक यूजर द्वारा बार-बार एक ही ई-मेल संदेश भेजना क्या कहलाता है -**
(अ) ई-मेल स्पूफिंग (ब) ई-मेल स्पैमिंग
(स) ई-मेल बाम्बिंग (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (ब) ई-मेल स्पैमिंग

**5. भारत की किस नदी के अपवाह क्षेत्र को 'दक्षिण भारत का चावल का कटोरा' कहा जाता है -**
(अ) कृष्णा (ब) पेन्नार
(स) कावेरी (द) तुंगभद्रा
उत्तर- (स) कावेरी नदी

**6. संविधान निर्माण से संबंधित प्रांतीय संविधान समिति के अध्यक्ष कौन थे -**
(अ) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर (ब) सरदार पटेल
(स) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (द) एच.सी. मुखर्जी
उत्तर- (ब) सरदार पटेल

**7. संविधान सभा जब बतौर विधायिका कार्य करती थी, तब संविधान सभा की अध्यक्षता किसके द्वारा की जाती थी -**
(अ) जी.वी. मावलंकर (ब) राजेन्द्र प्रसाद
(स) एच.सी. मुखर्जी (द) वी.टी. कृष्णामाचारी
उत्तर- (अ) जी.वी. मावलंकर

**8. पंचायतों की करारोपण की शक्ति किस अनुच्छेद में वर्णित है -**
(अ) 243 ए (ब) 243 जी
(स) 243 एच (द) 243 ओ
उत्तर- (स) 243 एच

**9. MS-Word में प्रिंट से पहले डॉक्यूमेंट का स्वरूप देखने के लिए किस 'शॉर्टकट-की' का प्रयोग होता है -**
(अ) ctrl+F2 (ब) F7
(स) ctrl+P (द) ctrl+z
उत्तर- (अ) ctrl+F2

**10. वर्ड डॉक्यूमेंट में किसी भी फाइल के प्रकार को पहचानने के लिए दिया गया फाइल एक्सटेंशन नाम क्या होता है -**
(अ) .WRD (ब) . DOC
(स) . TXT (द) . PPT
उत्तर- (ब) . DOC

**11. वह डाटा फाइल जिसे कम्प्यूटर द्वारा परिवर्तित (Alter), कम्प्रेश (compress) या मैन्यूपुलेट नहीं किया गया है, कहलाती है -**
(अ) रॉ फाइल (ब) न्यू फाइल
(स) फाइल टाइम (द) डाक्यूमेंट
उत्तर- (अ) रॉ फाइल

**12. इंटरनेट पर भेजे गए डाटा पैकेट्स को अपने गंतव्य तक पहुंचने से पहले ही उसे पहचानकर उसे रिकॉर्ड कर लेना क्या कहलाता है -**
(अ) पैच (ब) स्केअर वेयर
(स) पैकेट स्निफिंग (द) ट्रोजन हार्स
उत्तर- (स) पैकेट स्निफिंग

**13. 'हैवर्सियन नलिकाएं' मानव शरीर के किस अंग से संबंधित हैं -**
(अ) मैमेलियन अस्थि (ब) कोंड्रिम से
(स) उपकला ऊतक (द) मास्ट कोशिकाओं
उत्तर- (अ) मैमेलियन अस्थि

**14. एक चालक तार का प्रतिरोध किन पर निर्भर करता है -**
(अ) तार की लंबाई, तार के अनुप्रस्थ परिच्छेद क्षेत्र तथा तार के पदार्थ पर
(ब) तार की लंबाई एवं तार के अनुप्रस्थ परिच्छेद क्षेत्र पर किन्तु तार के पदार्थ पर नहीं
(स) केवल तार के पदार्थ पर
(द) केवल तार की लंबाई पर
उत्तर- (स) केवल तार के पदार्थ पर (तार की लंबाई एवं अनुप्रस्थ परिच्छेद क्षेत्र पर नहीं)

**15. गोस्वामी तुलसीदास की रचना 'कवितावली' किस भाषा की रचना है -**
(अ) अवधी (ब) भोजपुरी
(स) ब्रजभाषा (द) मैथिली
उत्तर- (स) ब्रजभाषा

**16. निम्न में से कौनसा कथन सत्य है -**
(अ) दीवार बहुत ऊंची है
(ब) दिवार बहुत ऊंची है
(स) दिवाल बहुत ऊंची है
(द) दीवाल बहुत ऊंची है
उत्तर- (अ) दीवार बहुत ऊंची है

**17. पंचामृत में कौनसा समास है -**
(अ) तत्पुरुष (ब) द्वन्द्व
(स) कर्मधारय (द) द्विगु
उत्तर- (द) द्विगु समास

**18. निः+कलंक का सही संधि शब्द कौनसा है -**
(अ) निस्कलंक (ब) निश्कलंक
(स) निष्कालंक (द) निष्कलंक
उत्तर- (द) निष्कलंक

**19. 'जुगुप्सा' किस रस का स्थायी भाव है -**
(अ) अद्भुद (ब) भयानक
(स) वीभत्स (स) रौद्र
उत्तर- (स) वीभत्स

**20. 'अभ्यागत' का सही संधि-विच्छेद क्या होगा -**
(अ) अभि+आगत (ब) अभिः+आगत
(स) अभ+थागत (द) अभ+आगत
उत्तर- (अ) अभि+आगत

**21. किसी वस्तु के बिक्री मूल्य में 162 रु. की वृद्धि कर देने पर, उसकी 19% हानि, 17% लाभ में बदल जाती है, उस वस्तु का लागत मूल्य कितना है -**
(अ) 450 रु. (ब) 600 रु.
(स) 360 रु. (द) 540 रु.
उत्तर- (अ) 450 रु.
हल- $\text{वस्तु का लागत मूल्य} = \frac{\text{बिक्री मूल्यों में वृद्धि x100}}{\text{\% हानि + \% लाभ}}$
$\frac{162 \text{ x } 100}{19+17} = \frac{162 \text{ x } 100}{36} = 450$ रु.

**22. $1+\frac{1}{10}+\frac{2}{10^2}+\frac{2}{10^3}+\frac{2}{10^4}+......$ का मान है -**
(अ) 1.12 (ब) 1.21
(स) $1.2\bar{1}$ (द) $1.1\bar{2}$
उत्तर- (द) $1.1\bar{2}$
हल- $1+\frac{1}{10}+\frac{2}{10^2}\left[1+\frac{1}{10}+\frac{1}{10^2}.........\right]$
$=\frac{11}{10}+\frac{2}{100}[1+0.1+0.01+.........]$
$1.1+\frac{2}{100}[1.1111.....]$
$=1.1+\frac{2.2222....}{100}=1.1\bar{2}$

**23. निम्नलिखित में से कौनसी भिन्न सबसे छोटी है -**
(अ) 11/13 (ब) 9/10
(स) 3/4 (द) 5/7
उत्तर- (द) 5/7

**24. कोई धनराशि A,B,C में 3:5:7 के अनुपात में बांटी गई। यदि B का भाग 1500 रु. हो तो A और C के भागों में अंतर ज्ञात करो -**
(अ) 1200 रु. (ब) 1400 रु.
(स) 1600 रु. (द) 1000 रु.
उत्तर- (अ) 1200 रु.
हल- B का हिस्सा 5 = 1500 तो 1 = 300
अनुपात में C और A का अंतर 7 - 3 = 4
1 अनुपात = 300 तो 4 अनुपात = 1200

**25. एक थैली में एक रु., 50 पैसे, 25 पैसे के सिक्कों की संख्या 1:4:4 की अनुपात में है। यदि उनका कुल मूल्य 200 रु. है तो 25 पैसे के सिक्कों की संख्या ज्ञात कीजिए -**
(अ) 300 (ब) 380
(स) 200 (द) 240
उत्तर- (स) 200
हल- माना एक रु., 50 पैसे, 25 पैसे के सिक्कों की संख्या क्रमशः $x$, $4x$, $4x$ है।
थैले की कुल कीमत $= x + \frac{4x}{2} + \frac{4x}{4}$
$= x + 2x + x = 4x$
$4x = 200$ या $x = 50$
$\therefore$ 25 पैसे के सिक्कों की संख्या $4x = 200$

**26. यदि $\sqrt{6084}=78$ हो, तो**
**$\sqrt{60.84}+\sqrt{0.6084}+\sqrt{0.006084}+\sqrt{0.00006084}$ का मान क्या होगा -**
(अ) 8.9668 (ब) 8.6658
(स) 9.1678 (द) 8.7898
उत्तर- (ब) 8.6658
हल- $\sqrt{60.84}+\sqrt{0.6084}+\sqrt{0.006084}+\sqrt{0.00006084}$
$= 7.8 + 0.78 + 0.078 + 0.0078 = 8.6658$

**27. $(0.00032)^{0.6}$ का मान क्या होगा -**
(अ) 0.8 (ब) 0.08
(स) 0.008 (द) 0.064
उत्तर- (स) 0.008
हल- $(0.00032)^{0.6}=\left(\frac{32}{100000}\right)^{0.6}=\left[\left(\frac{2}{10}\right)^5\right]^{0.6}$
$=\left(\frac{2}{10}\right)^{3.0}=(0.2)^3=0.008$

**28. चिली शीरा किसका सामान्य नाम है -**
(अ) पोटेशियम नाइट्रेट (ब) सोडियम नाइट्रेट
(स) सोडियम नाइट्राइट (द) पोटेशियम नाइट्राइट
उत्तर- (ब) सोडियम नाइट्रेट

**29. रक्तस्राव को रोकने के लिए आमतौर पर किस एल्युमिनियम लवण का प्रयोग किया जाता है -**
(अ) एल्युमिनियम क्लोराइड
(ब) एल्युमिनियम नाइट्रेट
(स) पोटाश ऐलम
(द) एल्युमिनियम सल्फेट
उत्तर- (स) पोटाश ऐलम

**30. गहरे समुद्र के गोताखोरों की ऑक्सीजन आपूर्ति में हीलियम गैस नाइट्रोजन के स्थान पर मिलायी जाती है क्योंकि -**
(अ) यह नाइट्रोजन से कम जहरीली है
(ब) यह नाइट्रोजन से हल्की है
(स) यह ऑक्सीजन के साथ जल्दी मिश्रित हो जाती है
(द) यह उच्च दाब पर नाइट्रोजन की अपेक्षा खून में कम घुलनशील है
उत्तर- (द) यह उच्च दाब पर नाइट्रोजन की अपेक्षा खून में कम घुलनशील है

**31. वृक्क की भीतरी अवतल सतह को क्या कहा जाता है -**
(अ) हाइलम (ब) कॉर्टेक्स
(स) हेनले लूप (द) पेरिटोनियम
उत्तर- (अ) हाइलम

**32. 'पटाऊ सिन्ट्रोम' नामक बीमारी कौन से गुणसूत्रों की जोड़ी में अनियमितता के कारण होता है -**
(अ) 23वीं जोड़ी (ब) 18वीं जोड़ी
(स) 13वीं जोड़ी (द) 21वीं जोड़ी
उत्तर- (स) 13वीं जोड़ी

**33. वैज्ञानिक प्रबंध के जन्मदाता कौन थे -**
(अ) एच.एस. पर्सन (ब) डाइमर
(स) एफ.डब्ल्यू. टेलर (द) हेनरी फेयोल
उत्तर- (स) एफ.डब्ल्यू. टेलर

**34. TQM का विस्तारित रूप क्या होगा -**
(अ) Total Quantity Management
(ब) Total Quality Manager
(स) Total Quality Management
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (स) Total Quality Management

**35. SWOT अप्रोच किसी संगठन के किन तत्वों का आकलन करता है -**
(अ) Strengths, weaknesses, Opportunities, Threats
(ब) Studies, Workflows, Opportunities, Trials
(स) Speed, Wants, Order, Timing
(द) Sings, Worries, Objectives, Techniques
उत्तर- (अ) Strengths, weaknesses, Opportunities, Threats

**36. 'न्यूनतम लागत' के साथ कार्य करना प्रबंधन से संबंधित शब्द का नाम बताइए -**
(अ) दक्षता (ब) प्रभावशीलता
(स) (अ) और (ब) (द) नियोजन
उत्तर- (अ) दक्षता

**37. प्रबंधन के अंतर्गत निम्नलिखित में से क्या नियोजन को परिसीमित करता है -**
(अ) लागत की प्रभावशीलता
(ब) धीमी गति से परिवर्तन
(स) परिवर्तन का प्रतिरोध
(द) दक्षता
उत्तर- (स) परिवर्तन का प्रतिरोध

**38. प्रोत्साहन की विधियों में से किसमें कर्मचारियों को कंपनी के लाभ का एक हिस्सा प्राप्त होता है जिसकी सामान्य रूप में स्थानीय लाभ के एक प्रतिशत के रूप में गणना होती है -**
(अ) गैर-मौद्रिक प्रोत्साहन (ब) लाभ सहभाजन
(स) वार्षिक पारितोषिक (द) कर सहभाजन
उत्तर- (ब) लाभ सहभाजन

**39. Choose the correctly spelt word.**
(A) Financialy (B) Financially
(C) Finantially (D) Finencially
उत्तर- (B) Financially

**40. Select the most appropriate synonym of the given word - PITFALL**
(A) hazard (B) refuge
(C) retreat (D) haven
उत्तर- (A) hazard

**41. Select the correct passive form of the given sentence I will have finished my work before 6.00 pm.**
(A) My work will have finished before 6.00 pm.
(B) My work will have been finished before 6.00 pm.
(C) My work will be finished before 6.00 pm.
(D) My work will finished before 6.00 pm.
उत्तर- (B) My work will have been finished before 6.00 pm.

**42. Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**Ram made a working model of a Car..........When he was sixteen.**
(A) itself (B) himself
(C) oneself (D) herself
उत्तर- (B) himself

- कृतिका जावरिया
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करती हैं)

## विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए

# सामान्य ज्ञान, अंग्रेजी और गणित

**प्र. 1 निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है ?**
(A) हिरण्यकश्यपु (B) हिरण्यकशिपु
(C) हिरण्यकश्यप (D) हिरण्यकस्यप
**उत्तर- (B) हिरण्यकशिपु**

**प्र. 2 निम्न में से 'वृद्धिस्वर संधि' कौन सी है ?**
(A) पावन (B) यद्यपि
(C) महेन्द्र (D) महौषध
**उत्तर- (D) महौषध**

**प्र. 3 तद्भव शब्द है ?**
(A) शकट (B) घात
(C) काँच (D) गोपाल
**उत्तर- (C) काँच**

**प्र. 4 स्वप्न का विलोम है ?**
(A) दिवास्वप्न (B) खुमारी
(C) निद्रा (D) जागरण
**उत्तर- (D) जागरण**

**प्र. 5 कौन सा शब्द 'अनीक' का पर्यायवाची है ?**
(A) अर्जुन (B) सेना
(C) अग्नि (D) घोड़ा
**उत्तर- (B) सेना**

**प्र. 6 किसी विषय की पूरी छान-बीन करना ?**
(A) विवेचन (B) विश्लेषण
(C) मीमांसा (D) समीक्षा
**उत्तर- (A) विवेचन**

**प्र. 7 सारंग शब्द का अर्थ है ?**
(A) पपीहा (B) कामदेव
(C) राजहंस (D) उपरोक्त सभी
**उत्तर- (D) उपरोक्त सभी**

**प्र. 8 'निरुत्तर होना' के लिए उपयुक्त मुहावरा है ?**
(A) उत्तर नहीं देना
(B) मौन रहना
(C) जबान बन्द होना
(D) उत्तर नहीं सूझना
**उत्तर- (D) उत्तर नहीं सूझना**

**प्र. 9 राष्ट्र की भाववाचक संज्ञा है ?**
(A) राष्ट्र (B) राष्ट्रीय
(C) सौराष्ट्र (D) राष्ट्रीयता
**उत्तर- (D) राष्ट्रीयता**

**प्र. 10 पुल्लिंग शब्द है ?**
(A) गंगा (B) चमक
(C) पापड़ (D) संसद
**उत्तर- (C) पापड़**

**प्र. 11 इनमें से कौन सा शब्द सदैव बहुवचन में प्रयुक्त होता है ?**
(A) प्राण (B) भक्ति
(C) शिशु (D) पुस्तक
**उत्तर- (A) प्राण**

**प्र. 12 'राम सीता से सुंदर है' इस वाक्य में कौन सा कारक है ?**
(A) करण कारक
(B) अपादान कारक
(C) सम्प्रदान कारक
(D) सम्बन्ध कारक
**उत्तर- (B) अपादान कारक**

**प्र. 13 निम्नलिखित में कौन सा शब्द विशेषण है ?**
(A) कुटिलता (B) जटिलता
(C) कौटिल्य (D) कुरूपता
**उत्तर- (C) कौटिल्य**

**प्र. 14 निम्न में से कौन सी सकर्मक क्रिया है ?**
(A) आना (B) जाना
(C) लेना (D) मरना
**उत्तर- (C) लेना**

**प्र. 15 दो इकाई बिंदु द्रव्यमानों के बीच एक इकाई दूरी द्वारा अलग किए गए आकर्षण बल को कहा जाता है ?**
(A) गुरुत्वाकर्षण क्षमता
(B) गुरुत्वीय कर्षण
(C) गुरुत्वाकर्षण
(D) सार्वभौमिक गुरुत्वाकर्षण स्थिरांक
**उत्तर- (D) सार्वभौमिक गुरुत्वाकर्षण स्थिरांक**

**प्र. 16 अंतरिक्ष यान में अनुभव की गई भारहीनता का कारण है ?**
(A) जड़ता का अभाव
(B) गुरुत्वाकर्षण का अभाव
(C) त्वरण बल का अभाव
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं
**उत्तर- (B) गुरुत्वाकर्षण का अभाव**

**प्र. 17 सबसे कम तरंगदैर्ध्य वाली तरंगें होती हैं ?**
(A) रेडियो तरंगें (B) गामा किरणें
(C) पराबैंगिनी (D) इन्फ्रारेड
**उत्तर- (B) गामा किरणें**

**प्र. 18 जटिल खाद्य पदार्थों को सरल अवशोषित करने योग्य रूपों में बदलने की प्रक्रिया कहलाती है ?**
(A) पाचन (B) उत्सर्जन
(C) श्वसन (D) परिसंचरण
**उत्तर- (A) पाचन**

**प्र. 19 मलेरिया का संक्रमण एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में होता है ?**
(A) एडीज मच्छर
(B) क्यूलेक्स मच्छर
(C) एनाफिलीज मच्छर
(D) इनमें से कोई नहीं
**उत्तर- (C) एनाफिलीज मच्छर**

**प्र. 20 पादप कोशिका तथा जन्तु कोशिका किसकी उपस्थिति के कारण भिन्न हैं ?**
(A) कोशिका भित्ति
(B) हरितलवक
(C) केन्द्रक
(D) कोशिका झिल्ली
**उत्तर- (B) हरितलवक**

**प्र. 21 एड्स विषाणु नष्ट करता है ?**
(A) लिम्फोसाइट्स (B) मोनोसाइट्स
(C) न्यूट्रोफिल्स (D) बेसोफिल्स
**उत्तर- (A) लिम्फोसाइट्स**

**प्र. 22 प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया में सबसे कम प्रभावी कौन सा प्रकाश है ?**
(A) नीला प्रकाश (B) हरा प्रकाश
(C) लाल प्रकाश (D) सूर्य प्रकाश
**उत्तर- (B) हरा प्रकाश**

**प्र. 23 क्वार्ट्ज बना है ?**
(A) कैल्शियम सल्फेट
(B) कैल्शियम सिलिकेट
(C) सोडियम सल्फेट
(D) सोडियम सिलिकेट
**उत्तर- (B) कैल्शियम सिलिकेट**

**प्र. 24 कार बैटरी में कार्यरत इलेक्ट्रोलाइट है ?**
(A) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
(B) सल्फ्यूरिक अम्ल
(C) नाइट्रिक अम्ल
(D) उपरोक्त सभी
**उत्तर- (B) सल्फ्यूरिक अम्ल**

**प्र. 25 कौन सा विटामिन आमतौर पर मानवमूत्र द्वारा उत्सर्जित होता है ?**
(A) विटामिन A
(B) विटामिन C
(C) विटामिन D
(D) विटामिन K
**उत्तर- (B) विटामिन C**

**प्र. 26 फोटोग्राफी में प्राथमिक रंग है ?**
(A) लाल, नीला, पीला
(B) लाल, पीला, हरा
(C) लाल, नीला, हरा
(D) नीला, पीला, हरा
**उत्तर- (C) लाल, नीला, हरा**

**प्र. 27 Arunima, Uma & Ravi are fighting with**
(A) everybody
(B) themselves
(C) one another
(D) among themselves
**उत्तर- (C) one another**

**Fill in the blank with correct preposition.**

**Q. 28 There was a small table _________ the bed, on which there was a book.**
(A) into (B) in
(C) besides (D) beside
**Ans. (D) beside**

**Q. 29 Which of the following sentence is Correct ?**
(A) I am working now, I will call your later.
(B) I am working now, I will call your after some time.
(C) I will working now, I will call you later.
(D) I am working now, I would call your later.
**Ans. (A) I am working now, I will call your later.**

**Choose the correct form of adjective for the given sentence**

**Q. 30 She cannot use her ______ hand.**
(A) deformed (B) useless
(C) sick (D) hopeless
**Ans. (A) deformed**

**Q. 31 She is the woman _____ I met in hyderabad.**
(A) which (B) whom
(C) whose (D) that
**Ans. (B) whom**

**Q. 32 Which of the following sentence is wrong?**
(A) They know a lot of people.
(B) They have known me for a very long time.
(C) They are knowing me for a very long time.
(D) They are known to many people.
**Ans. (C) They are knowing me for a very long time.**

**Q. 33 Either side of the road ______ linked by toy shops?**
(A) Is (B) Has
(C) Have (D) Are
**Ans. (A) Is**

**Select the most appropiate option to fill in the blank.**

**Q. 34 The policeman stopped me ___ let me go after I showed him my pass.**
(A) Because (B) So
(C) But (D) Or
**Ans. (C) But**

**Q. 35 Poverty was staring her _____ the face.**
(A) To (B) On
(C) In (D) At
**Ans. (D) At**

**Q. 36 Meaning of RETAIN is**
(A) Maintain (B) Convey
(C) Gain (D) Destroy
**Ans. (C) Gain**

**Q. 37 सरलीकरण**
$25 \div 5 + 3 \times 60 - (17 \times 200 \div 40)$
(A) 80 (B) 100
(C) 120 (D) 150
**उत्तर- (B) 100**
व्याख्या - $25 \div 5 + 3 \times 60 - (17 \times 200 \div 40)$
$= 5 + 180 - (17 \times 5)$
$= 185 - 85 = 100$

**Q. 38 एक टीवी (TV) 14,500 Rs. में उपलब्ध थी। दीवाली सेल के दौरान मूल्य घटाकर 11,890 Rs. हो गया। प्रतिशत छूट क्या है ?**
(A) 19.56% (B) 19%
(C) 18% (D) 17.6%
**उत्तर- (C) 18%**
व्याख्या - TV का वास्तविक मूल्य = 14500
दीवाली ऑफर मूल्य = 11890/-
छूट = 14500 - 11890
= 2610/-
$छूट\% = \frac{2610}{14500} \times 100 = 18\%$

**Q. 39 एक 725 मीटर लंबी ट्रेन 48 सेकेण्ड में 235 मीटर लंबी सुरंग को पार करती है। ट्रेन की गति ज्ञात कीजिए ?**
(A) 42 km/hr (B) 72 km/hr
(C) 36 km/hr (D) 100 km/hr
**उत्तर- (B) 72 km/hr**
व्याख्या - ट्रेन ने दूरी तय की = 725 + 235
= 960 मी.
ट्रेन की गति = $\frac{960}{48} = 20$
गति (km/hr) $= 20 \times \frac{18}{5} = 72$km/hr

**Q. 40 एक पंचभुज के 4 कोणों के माप क्रमश: $130^o, 85^o, 108^o, 82^o$ है, पाँचवे कोण का मान क्या होगा ?**
(A) $75^o$ (B) $115^o$
(C) $125^o$ (D) $135^o$
**उत्तर- (D) $135^o$**
व्याख्या - पंचभुज के 5 कणों का योग = 540
माना पाँचवा कोण = $x$
$130^o + 85^o + 108^o + 82^o + x^o = 540^o$
$x^o = 540^o - 405^o$
$x^o = 135^o$

**Q. 41 यदि $2\cos 3\theta = 1$ हो तो $\theta = $ ?**
(A) $10^o$ (B) $15^o$
(C) $20^o$ (D) $35^o$
**उत्तर- (C) $20^o$**
व्याख्या - $2\cos 3\theta = 1$
$\cos 3\theta = 1/2 \left(\cos 60^\circ = \frac{1}{2}\right)$
$\cos 3\theta = \cos 60^\circ$
$3\theta = 60^\circ$
$\theta = 20^\circ$

**Q. 42 एक नल एक टंकी को 16 घंटे में भरता है लेकिन टंकी की तली में एक छेद होने के कारण टंकी 24 घंटे में भरती है, यदि टंकी पूरी भरी हो, तो छेद के कारण कितनी देर में खाली हो जाएगी ?**
(A) 24 घंटे (B) 48 घंटे
(C) 50 घंटे (D) 36 घंटे
**उत्तर- (B) 48 घंटे**
व्याख्या- नल द्वारा 1 घंटे में भरी टंकी = $\frac{1}{16}$
(नल + छेद) द्वारा 1 घंटे में कार्य = $\frac{1}{24}$
छेद द्वारा 1 घंटे का कार्य = $\frac{1}{16} - \frac{1}{24}$
$= \frac{3-2}{48} = \frac{1}{48}$
टंकी को खाली होने में लगा समय = 48 घंटे

**Q. 43 यदि $\left(\frac{3}{5}\right)^3 \cdot \left(\frac{3}{5}\right)^{-6} = \left(\frac{3}{5}\right)^{2x-1}$ हो तो $x$ = ?**
(A) -2 (B) 2
(C) -1 (D) 1
**उत्तर- (C) -1**
व्याख्या- $x^a \cdot x^b = x^{a+b}$
$\left(\frac{3}{5}\right)^{3-6} = \left(\frac{3}{5}\right)^{2x-1}$
-3 = 2$x$ - 1
-3 + 1 = 2$x$
-2 = 2$x$
$x$ = -1

- सुजय जैन
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं)

परम वीर चक्र विजेताओं के नाम पर द्वीपों का नामकरण

# आजादी के अमृतकाल में वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पराक्रम दिवस के अवसर पर अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के 21 द्वीपों का नामकरण किया था। 'रोज़गार और निर्माण' में हम उन 21 परम वीर चक्र विजेताओं की संक्षिप्त जानकारी प्रकाशित कर रहे हैं, जिनके नाम पर द्वीपों का नामकरण किया गया है। पिछले अंक में हम 10 विजेताओं की जानकारी प्रकाशित कर चुके हैं, इस अंक में शेष 11 विजेताओं की जानकारी आपसे साझा कर रहे हैं। आइये जानते हैं इन वीर सपूतों के संघर्ष और उनके बलिदान के बारे में...

**1. फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों :** 14 दिसंबर, 1971 को भारत-पाक युद्ध के दौरान दुश्मन के छह सेबर वायुयानों ने श्रीनगर एयरफील्ड पर भारी गोलाबारी की। आक्रमण के दौरान उड़ान भरने के प्रयास में अपनी जान जोखिम में डालकर अठारहवीं स्क्वॉड्रन के फ्लाइंग अफसर निर्मल जीत सिंह सेखों, जो एक लड़ाकू विमान पायलट थे, ने उड़ान भरी और दो आक्रमणकारी सेबर लड़ाकू जहाजों से भिड़ गए। उन्होंने एक विमान पर अविश्वसनीय कुशलता दिखाते हुए प्रहार किया और दूसरे विमान को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस समय तक पाक वायुसेना के चार सेबर विमान अपने साथियों के बचाव में आ गए। इस हवाई लड़ाई के दौरान उनके वायुयान को एक सेबर ने मार गिराया और वे वीरगति को प्राप्त हुए।

**2. कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह :** 18 जुलाई 1948 को 6 राजपूताना राइफल्स के सी.एच.एम. पीरू सिंह को जम्मू-कश्मीर के तिथवाल में शत्रुओं द्वारा अधिकृत एक पहाड़ी पर आक्रमण कर उस पर कब्जा करने का काम सौंपा गया। हमले के दौरान उन पर एम.एम.जी. से भारी गोलीबारी की गई और हथगोले फेंके गए। उनकी टुकड़ी के आधे से अधिक सैनिक मारे गए या घायल हो गए। सी.एच.एम. पीरू सिंह ने अपने बचे हुए जवानों को लड़ाई जारी रखने के लिए प्रेरित किया और घायल होने के बावजूद दुश्मन के एम.एम.जी. युक्त दो बंकरों को बर्बाद कर दिया। जब दुश्मनों ने उन पर एक और हथगोला फेंका, वे लहुलुहान चेहरे के साथ रेंगते हुए आगे बढ़े और अंतिम सांस लेने से पहले उन्होंने दुश्मन के ठिकाने को नष्ट कर दिया।

**3. सूबेदार जोगिंदर सिंह :** 23 अक्टूबर, 1962 भारत-चीन युद्ध के दौरान सूबेदार जोगिन्दर सिंह की 1 सिख बटालियन की प्लाटून ने बूमला, अरुणाचल प्रदेश में चीनी सैनिकों के दो आक्रमणों को विफल कर दिया जिसमें शत्रु को भारी क्षति पहुचीं। उनके अदम्य शौर्य, प्रेरणादायी नेतृत्व, अद्भुत साहस और सर्वोच्च बलिदान के लिए सूबेदार जोगिंदर सिंह को मरणोपरांत परम वीर चक्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**4. मेजर रामास्वामी परमेश्वरन :** 25 नवंबर, 1987 को ऑपरेशन पवन के दौरान जब महार रेजिमेंट की आठवीं बटालियन के मेजर रामास्वामी परमेश्वरन श्रीलंका में एक तलाशी अभियान से लौट रहे थे, तब उनके सैन्य दल पर आतंकवादियों के समूह द्वारा घात लगाकर आक्रमण किया गया। धैर्य और सूझ-बूझ से उन्होंने आतंकवादियों को पीछे से घेरा और उन पर हमला कर दिया जिससे आतंकी पूरी तरह से स्तब्ध रह गए। आमने-सामने के समाघात में एक आतंकवादी ने उनके सीने में गोली मार दी। निडर होकर मेजर परमेश्वरन ने आतंकवादी से राइफल छीन ली और उसे मौत के घाट उतार दिया।

**5. कैप्टन जीएस सलारिया :** 05 दिसंबर, 1961 को 3/1 गोरखा राइफल्स को संयुक्त राष्ट्र मिशन कार्य के दौरान एलिजाबेथविले में कटंगी सैनिकों द्वारा लगाए गए सड़क के अवरोधों को हटाने का आदेश मिला। जब कैप्टन सलारिया ने गोरखा कंपनी के साथ मिलकर अवरोध को हटाने का प्रयास किया तो उन्हें दुश्मन के भारी प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। दुश्मन ने उनके दल पर स्वचालित हथियारों से भारी गोलाबारी की। कैप्टन सलारिया के सैनिकों ने दुश्मन पर संगीनों, खुखरी और हथगोलों से आक्रमण कर 40 दुश्मनों को मार डाला और उनकी दो कारों को नष्ट कर दिया। कैप्टन सलारिया ने गर्दन पर गंभीर जख्म होते हुए भी तब तक लड़ाई जारी रखी जब तक कि वे अपने जख्मों के कारण वीरगति को प्राप्त नहीं हो गए।

**6. सेकेंड लेफ्टिनेंट राम राघोबा राणे :** 08 अप्रैल, 1948 को बॉम्बे सैपर्स के सेकेंड लेफ्टिनेंट राम राघोबा राणे नौशेरा-राजौरी रोड के माइल 26 पर बारूदी सुरंगों और सड़क के अवरोधों को हटाने वाले दल की कमान संभाले हुए थे। दुश्मन ने उस क्षेत्र में भारी गोलाबारी शुरू कर दी, जिसके कारण बारूदी सुरंग हटाने वाले दल के दो सदस्य वीरगति को प्राप्त हुए और पांच घायल हो गए। घायल होने के बावजूद सेकेंड लेफ्टिनेंट राणे कुशलतापूर्वक एक विशालकाय स्टूअर्ट टैंक के नीचे गए और उसके साथ-साथ रेंगने लगे। वे टैंक के खतरनाक पहियों के अनुरूप रेंगते रहे और टैंक के ड्राइवर को एक रस्सी द्वारा संकेत देते हुए उसे बारूदी सुरंगों से सुरक्षित निकाल ले गए। इस तरह उन्होंने आगे बढ़ते भारतीय टैंकों को एक सुरक्षित रास्ता प्रदान किया। दुश्मनों के सामने अदम्य साहस और उच्च कोटि की वीरता प्रदर्शित करने के लिए सेकेंड लेफ्टिनेंट राम राघोबा राणे को परम वीर चक्र से सम्मानित किया गया।

**7. कैप्टन विक्रम बत्रा :** ऑपरेशन विजय के दौरान 13 जैक राइफल्स के कैप्टन विक्रम बत्रा को प्वाइंट 5140 पर कब्जा करने का कार्य सौंपा गया। दस्ते का नेतृत्व करते हुए उन्होंने निडरतापूर्वक आमने-सामने की लड़ाई में चार शत्रु सैनिकों को मार गिराया। गंभीर रूप से जख्मी हो जाने के बावजूद, उन्होंने जवाबी आक्रमण में अपने सैनिकों का नेतृत्व किया और वीरगति प्राप्त करने से पहले दुश्मनों की भीषण गोलाबारी के बीच सैन्य दृष्टि से असंभव कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। उनके इस निडरतापूर्ण कार्य से प्रेरित होकर उनके जवानों ने शत्रु का सफाया करते हुए प्वाइंट 4875 पर कब्जा कर लिया। उत्कृष्ट वीरता, प्रेरणादायक नेतृत्व, अदम्य साहस तथा सर्वोच्च बलिदान के लिए कैप्टन विक्रम बत्रा को मरणोपरांत परम वीर चक्र से सम्मानित किया गया।

**8. सूबेदार मेजर संजय कुमार :** सूबेदार संजय कुमार एक भारतीय सिपाही हैं, जिन्होंने कारगिल युद्ध में एरिया फ्लैट टॉप पर कब्ज़ा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी इस बहादुरी के लिए उन्हें परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

**9. धन सिंह थापा :** 1/8 गोरखा राइफल्स के मेजर धन सिंह थापा लद्दाख में एक अग्रवर्ती चौकी की कमान संभाले हुए थे। 20 अक्टूबर, 1962 को चीन के सैनिकों ने उनकी चौकी पर तोपों और मोर्टारों से बमबारी शुरू करने के बाद भारी सैन्यबल के साथ आक्रमण कर दिया। उनके नेतृत्व में, शत्रुओं की तुलना में बहुत कम संख्या में होते हुए भी भारतीय सैनिकों ने आक्रमण को नाकाम कर दिया और शत्रुओं को भारी क्षति पहुंचाई। मेजर थापा के अद्भुत साहस, अदम्य शौर्य तथा नेतृत्व सेना की उच्चतम परंपराओं के अनुरूप था जिसके लिए उन्हें परम वीर चक्र से सम्मानित किया गया।

**10. हवलदार अब्दुल हमीद :** 10 सितम्बर, 1965 को पाकिस्तानी सेना ने पैटन टैंकों के साथ खेम करन सेक्टर पर हमला कर दिया। एक जीप पर लगी आर.सी.एल. गन टुकड़ी की कमान संभाले सी.क्यू.एम.एच. अब्दुल हमीद बगल में पोजिशन लेने के लिए बढ़े। दुश्मनों की भीषण गोलाबारी और टैंकों की बमबारी के बीच उन्होंने दुश्मन के अग्रवर्ती टैंक को ध्वस्त कर दिया और फुर्ती से अपनी पोजिशन बदलते हुए दूसरे टैंक को भी नष्ट कर दिया। तब तक वे दुश्मन के टैंकों की नजर में आ चुके थे और उनकी जीप पर भीषण गोलीबारी होने लगी। सी.क्यू.एम.एच. अब्दुल हमीद बिना किसी डर के अपने स्थान पर डटे रहे और गोलाबारी करते रहे तथा अपनी टुकड़ी को प्रेरित करते रहे। गंभीर रूप से घायल होने से पहले उन्होंने सात पाकिस्तानी टैंकों को ध्वस्त कर दिया। असाधारण वीरता, प्रेरक नेतृत्व और सर्वोच्च बलिदान के लिए सी.क्यू.एम.एच. अब्दुल हमीद को मरणोपरांत परम वीर चक्र से सम्मानित किया गया।

**11. लेफ्टिनेंट कर्नल अर्देशिर बुरजोरजी तारापोर :** लेफ्टिनेंट कर्नल अर्देशीर बुरजोरजी तारापोर 1965 में भारत-पाक युद्ध के दौरान स्यालकोट सेक्टर में पूना हॉर्स रेजिमेंट के कमांडिंग ऑफिसर थे। 11 सितम्बर, 1965 को 17 पूना हॉर्स पर शत्रु के बख्तरबंद टैंकों द्वारा भारी जवाबी हमला किया गया। रेजिमेंट ने शत्रु के हमले को नाकाम कर दिया और अपनी जगह डटे रहकर वीरतापूर्वक फिल्लौरा पर आक्रमण कर दिया। घायल होने के बावजूद लेफ्टिनेंट कर्नल तारापोर ने सुरक्षित स्थान पर ले जाए जाने से मना कर दिया और वजीरवाली, जसोरन तथा बुतुर-डोगरांडी पर कब्जा करने में अपनी रेजिमेंट का नेतृत्व किया। उनके नेतृत्व से प्रेरित होकर पूना हॉर्स ने 60 पाकिस्तानी टैंकों को ध्वस्त कर दिया।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक विषयों पर लेखन करती हैं।)

## विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

## सामान्य ज्ञान-खेल

**1. वर्ष 2016 में किस देश में ओलिंपिक खेलों का आयोजन किया गया था?**
(अ) ब्राजील (ब) इटली
(स) जर्मनी (द) रूस

**2. वर्ष 2021 में किस शहर में विश्व टेबल टेनिस चैम्पियनशिप आयोजित की गई थी?**
(अ) बुडापेस्ट (ब) ह्यूस्टन
(स) हैम्बर्ग (द) बर्न

**3. इनमें से किस राज्य का राजकीय खेल मलखंब है?**
(अ) हरियाणा (ब) छत्तीसगढ़
(स) मध्यप्रदेश (द) उत्तरप्रदेश

**4. कर्नाटक ने कितने बार रणजी ट्रॉफी का खिताब जीता है?**
(अ) तीन बार (ब) पांच बार
(स) सात बार (द) आठ बार

**5. इनमें से कौन इंग्लैंड की वन-डे और टी-20 टीम के वर्तमान कप्तान हैं?**
(अ) बेन स्टोक्स (ब) मोइन अली
(स) जोस बटलर (द) जो रूट

**6. अर्जेंटीना ने कितनी बार फीफा वर्ल्डकप का खिताब जीता है?**
(अ) दो बार (ब) तीन बार
(स) चार बार (द) इनमें से कोई नहीं

**7. वर्ष 2020 में पेरिस मास्टर्स टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के विजेता बने थे?**
(अ) डेनिल मेदवेदेव
(ब) होल्गर रूने
(स) एलेक्जेंडर ज्वेरेव
(द) कारेन खाचनोव

**8. इनमें से कौन-सा शब्द शतरंज खेल में प्रयुक्त होता है?**
(अ) ड्यूस (ब) स्ट्रोक
(स) स्विंग (द) चेक मेट

**9. इनमें से किसने कुछ दिन पहले भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता पद से इस्तीफा दिया है?**
(अ) चेतन शर्मा
(ब) संदीप पाटिल
(स) ऋषिकेश कानितकर
(द) इनमें से कोई नहीं

**10. इनमें से कौन-सा देश कॉमनवेल्थ खेलों में भाग नहीं लेता है?**
(अ) कनाडा (ब) चीन
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) पाकिस्तान

**11. वर्ष 2018 में किस पुरुष खिलाड़ी ने एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार जीता है?**
(अ) जैक हार्वी
(ब) बैरी मिडलटन
(स) ऑर्थर वैन डोरेन
(द) ब्लैक गोवर्स

**12. इनमें से कौन-सा टूर्नामेंट टेनिस के ग्रैंडस्लैम में शामिल नहीं है?**
(अ) यूएस ओपन
(ब) मैक्सिको ओपन
(स) फ्रेंच ओपन
(द) विम्बलडन

**13. किस खिलाड़ी के नाम टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक बनाने का रिकॉर्ड है?**
(अ) वीरेन्द्र सहवाग
(ब) बेन स्टोक्स
(स) नाथन एस्टल
(द) हर्शल गिब्स

**14. रिचर्ड गैस्केट किस देश के टेनिस खिलाड़ी हैं?**
(अ) ब्रिटेन (ब) कनाडा
(स) सर्बिया (द) फ्रांस

**15. ओलिंपिक खेलों में वॉटर पोलो खेल को पहली बार कब शामिल किया गया था?**
(अ) वर्ष 1900 (ब) वर्ष 1908
(स) वर्ष 1920 (द) वर्ष 1928

**16. अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का मुख्यालय किस शहर में है?**
(अ) लंदन (ब) मेलबर्न
(स) डरबन (द) दुबई

**17. वर्ष 2022 में ब्रिटिश ओपन गोल्फ चैम्पियनशिप के विजेता बने हैं?**
(अ) कोलिन मॉरिकावा
(ब) फिल मिकेलसन
(स) कैमरन स्मिथ
(द) टाइगर वुड्स

**18. विश्वनाथन आनंद किस खेल में भारत के महान खिलाड़ी रह चुके हैं?**
(अ) निशानेबाजी
(ब) शतरंज
(स) एथेलेटिक्स
(द) इनमें से कोई नहीं

**19. कुमार संगाकारा ने टेस्ट क्रिकेट में कितने दोहरे शतक बनाये हैं?**
(अ) 6 (ब) 8
(स) 10 (द) 11

**20. बास्केटबॉल खेल में प्रत्येक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?**
(अ) पांच (ब) सात
(स) आठ (द) दस

**21. भारत के किस शहर में सॉल्ट लेक फुटबॉल स्टेडियम है?**
(अ) गोवा
(ब) विशाखापट्टनम
(स) कोलकाता
(द) कोच्चि

**22. नोवाक जोकोविच ने अब तक कितने एटीपी खिताब जीते हैं?**
(अ) 90 (ब) 93
(स) 95 (द) 98

**23. टोक्यो ओलिंपिक-2020 में किस देश ने सबसे ज्यादा पदक जीते हैं?**
(अ) चीन (ब) जापान
(स) अमेरिका (द) ब्रिटेन

**24. आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल कहां खेला जायेगा?**
(अ) मुंबई (ब) मेलबर्न
(स) लंदन (द) डरबन

**25. वर्ष 2016 में किस देश ने एशियन हॉकी चैम्पियंस ट्रॉफी जीती है?**
(अ) भारत (ब) पाकिस्तान
(स) द. कोरिया (द) मलेशिया

### उत्तर

1. (अ), 2. (ब), 3. (स), 4. (द), 5. (स), 6. (ब), 7. (अ), 8. (द), 9. (अ), 10. (ब), 11. (स), 12. (ब), 13. (स), 14. (द), 15. (अ), 16. (द), 17. (स), 18. (ब), 19. (द), 20. (अ), 21. (स), 22. (ब), 23. (स), 24. (स), 25. (अ)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

# खेल चर्चा

### गियानी इंफेंटिनो फिर चुने गये फीफा के अध्यक्ष

**किगाली,** गियानी इंफेंटिनो एक बार फिर फीफा के अध्यक्ष चुने गये हैं। फीफा अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में इंफेंटिनो को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। 211 सदस्यीय महासंघों के प्रतिनिधियों ने लगातार तीसरी बार इंफेंटिनो को अध्यक्ष चुना है। इंफेंटिनो वर्ष 2016 में सैप ब्लैटर की जगह फीफा के अध्यक्ष बने थे। इंफेंटिनो का नया कार्यकाल वर्ष 2027 तक रहेगा। इंफेंटिनो ने रवांडा की राजधानी किगाली में आयोजित एक समारोह में प्रतिनिधियों को धन्यवाद कहा। फीफा के नियमों के अनुसार कोई भी व्यक्ति लगातार तीन से ज्यादा बार फीफा का अध्यक्ष नहीं चुना जा सकता है।

### हार्दिक और सविता बने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी

**नई दिल्ली,** हॉकी इंडिया ने वर्ष 2022 के लिए हॉकी पुरस्कार घोषित कर दिये हैं। हार्दिक सिंह को पुरुष वर्ग और सविता पूनिया को महिला वर्ग में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया है। हार्दिक सिंह भारतीय पुरुष टीम के बेहतरीन खिलाड़ी हैं। हार्दिक ने अनुभवी खिलाड़ी मनप्रीत सिंह और हरमनप्रीत सिंह को पीछे छोड़कर यह पुरस्कार जीता है। हार्दिक सिंह ने इस वर्ष भारत में खेले गए एफआईएच हॉकी विश्वकप में शानदार प्रदर्शन किया था। हार्दिक विश्वकप के दौरान चोटिल होकर विश्वकप से बाहर हो गए थे। वहीं सविता पूनिया की कप्तानी में भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच नेशंस लीग का खिताब जीतकर एफआईएच महिला प्रो लीग में जगह बनाई है।

### काउंटी क्रिकेट में कैंट के लिए खेलेंगे अर्शदीप

**नई दिल्ली,** भारत के उभरते युवा गेंदबाज अर्शदीप सिंह काउंटी चैम्पियनशिप में खेलते हुए नजर आयेंगे। अर्शदीप काउंटी टीम कैंट के लिए खेलेंगे। कैंट ने सोशल मीडिया पर अर्शदीप सिंह को टीम से जोड़ने की घोषणा की। कैंट ने कहा कि अर्शदीप सिंह सीमित ओवर क्रिकेट के बेहतरीन गेंदबाज हैं, हमें आशा है कि वे रेड बॉल क्रिकेट में भी शानदार प्रदर्शन करेंगे। अर्शदीप जून और जुलाई माह के बीच काउंटी चैम्पियनशिप के पांच मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। वहीं अर्शदीप सिंह ने कहा कि मैं इंग्लैंड में रेड बॉल क्रिकेट खेलने के लिए उत्साहित हूं और प्रथम श्रेणी क्रिकेट के खेल में अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहता हूं।

### टिम पेन ने लिया क्रिकेट से संन्यास

**होबार्ट,** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन ने क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। पेन ने शेफील्ड शील्ड प्रतियोगिता में तस्मानिया के लिए खेलते हुए क्वींसलैंड के साथ अपना आखिरी मैच खेला। टिम पेन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 35 टेस्ट, 35 वन-डे और 12 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। पेन ने वर्ष 2018 से 2021 तक 23 मैचों में ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम की कमान संभाली है। पेन ने 28 अगस्त 2009 में स्कॉटलैंड के खिलाफ वन-डे मैच से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था।

वर्ल्डकप शूटिंग प्रतियोगिता

# भोपाल को बनाया जायेगा खेल हब




**भोपाल,** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में वर्ल्ड शूटिंग प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुये कहा है कि खेलों के बिना जिंदगी अधूरी है, बल्कि जिंदगी ही खेल है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बनाने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आनंद विभाग बना है, लोग प्रसन्न रहें इसका ध्यान रखा जा रहा है। भोपाल को खेल का हब बनाकर रहेंगे। हम जो कहते हैं वह करेंगे। खेलों के लिए पैसे की कमी नहीं रहेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिथि देवो भव: हमारे देश की परम्परा है। भारत के हृदय प्रदेश में सभी अतिथियों और खिलाड़ियों को कोई असुविधा नहीं होगी। उन्होंने कहा कि हम सब एक हैं। विश्व के कल्याण की परम्परा है। आप सब सुखी और निरोगी हों। श्री चौहान ने कहा कि खेल केवल जीतने के लिए नहीं सीखने के लिए भी खेला जाता है। खेल तनाव दूर कर हमें प्रसन्न और स्वस्थ रखता है और प्रतिस्पर्धा बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश खेलों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। अभी हम इससे संतुष्ट नहीं हैं, हमें और आगे बढ़ना है। मुख्यमंत्री ने कहा

- **मुख्यमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की।**
- **मुख्यमंत्री ने भोपाल शूटिंग कॉम्पलेक्स का भूमि-पूजन भी किया।**

कि ऐसी प्रतियोगिताएं उत्कृष्ट खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर देती हैं। उन्होंने कहा कि खूबसूरत प्रदेश में आपका स्वागत है। भीमबैठका विश्व विरासत है, विश्व प्रसिद्ध सांची है और देश की स्वच्छतम राजधानी भोपाल की झील अति सुंदर है।

खेल एवं युवक कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी खेलों को बढ़ावा देने के अनेक प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश को खेलों का उत्कृष्ट राज्य बनाने और भोपाल को स्पोर्ट्स हब बनाने के लिए कटिबद्ध हैं।

आईएसएसएफ के अध्यक्ष श्री लुसियानो रॉसी ने कहा कि भारत सुंदर देश है। भोपाल की सुंदरता भी अद्वितीय है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे खेलों की दिशा में अभूतपूर्व योगदान दे रहे हैं। एनआरआई के अध्यक्ष श्री रणिंदर सिंह ने भी विचार व्यक्त करते हुये मध्यप्रदेश में खेल सुविधाओं की सराहना की।

### विकास और परमजीत को मिला ओलिंपिक का टिकट

**नई दिल्ली,** भारतीय पैदल चाल एथलीट विकास सिंह और परमजीत सिंह बिष्ट ने वर्ष 2024 में पेरिस में आयोजित होने वाले ओलिंपिक खेलों के लिए क्वालिफाई कर लिया है। विकास और परमजीत ने एशियाई 20 किलोमीटर पैदल चाल चैम्पियनशिप में क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान हासिल कर ओलिंपिक का टिकट पक्का किया। चैम्पियनशिप में विकास ने रेस एक घंटा 20 मिनट और 5 सेकेंड में पूरी कर रजत पदक जीता, वहीं परमजीत ने एक घंटा 20 मिनट 8 सेकेंड का समय लिया। इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक चीन के कियांग हैफेंग ने जीता।

### सर्जियो पेरेज ने जीती सउदी अरेबियन ग्रांप्री

**सऊदी,** मैक्सिको के दिग्गज कार रेसर सर्जियो पेरेज ने सऊदी अरेबियन ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस का खिताब जीता है। रेडबुल रेसिंग टीम के पेरेज ने 50 लैप की इस रेस को एक घंटा 21 मिनट 14.894 सेकेंड में पूरा कर पहला स्थान हासिल किया। रेस में मौजूदा विश्व चैम्पियन मैक्स वर्स्टापेन दूसरे, फर्नांडो अलोंसो तीसरे, जॉर्ज रसेल चौथे और लुईस हैमिल्टन पांचवें स्थान पर रहे। ये पेरेज के फॉर्मूला-वन कॅरियर की पांचवीं जीत है। पेरेज इस वर्ष चैम्पियनशिप की ड्राइवर स्टैंडिंग में दूसरे स्थान पर चल रहे हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत में 2-1 से जीती वन-डे सीरीज




**चेन्नई,** ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ खेली गई तीन मैचों की वन-डे सीरीज को 2-1 से अपने नाम किया है। ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज के तीसरे और अंतिम मैच में भारत को रोमांचक अंदाज में 21 रनों से हराया। भारत लगभग चार वर्ष बाद अपने घर में कोई वन-डे सीरीज हारा है।

मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 269 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया को सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड (33) और मिशेल मार्श (47) ने मजबूत शुरुआत दिलाई। इनके अलावा एलेक्स कैरी (38) ने भी उपयोगी पारी खेली। भारत के लिए हार्दिक पंड्या और कुलदीप यादव ने बेहतरीन गेंदबाजी की और 3-3 विकेट झटके।

जीत के लिए मिले 270 रनों के लक्ष्य के जवाब में रोहित शर्मा (30) और शुभमन गिल (37) ने भी तेज शुरुआत की। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद विराट कोहली (54) और के.एल. राहुल (32) ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिए 69 रन जोड़े। विराट के आउट होने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम मैच में हावी हो गई। हालांकि हार्दिक पंड्या ने 40 रनों की जुझारु पारी खेली, लेकिन वे टीम को लक्ष्य तक पहुंचा नहीं सके। भारतीय टीम की पारी 248 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया के लिए एडम जंपा ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लिए।

# फीफा ने जारी किया विश्वकप-2026 का नया प्रारूप

**ज्यूरिख,** विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था फीफा ने वर्ष 2026 में तीन देशों की मेजबानी में खेले जाने फीफा विश्वकप के लिए नया प्रारूप जारी किया है। फीफा की इस घोषणा के बाद यह विश्वकप काफी विशाल और भव्य हो जायेगा। फीफा परिषद की ओर से जारी एक बयान के अनुसार अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की मेजबानी में में खेले विश्वकप में टीमों की संख्या में इजाफा किया गया है। फीफा ने कहा कि नए प्रारूप से हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हर टीम को विश्वकप में कम से कम तीन मैच खेलने का मौका मिले और हर मैच में दौरान पर्याप्त अंतराल हो।

फीफा ने कहा कि यह निर्णय पूरी तरह समीक्षा पर आधारित है, इसमें खेल की अखंडता, टीम यात्रा, वाणिज्यिक और खेल आकर्षण के अलावा टीम और प्रशंसकों के विचारों को शामिल किया गया है। फीफा ने कहा कि इस विश्वकप में पहली बार 48 टीमें हिस्सा लेंगी। इन टीमों को 4-4 टीम के 12 ग्रुपों में विभाजित किया जायेगा। प्रत्येक ग्रुप से 2 टॉप टीमें अगले राउंड (राउंड-32) में प्रवेश करेंगी, वहीं तीसरे स्थान पर रहने वाली 12 में से टॉप-8 टीमें भी राउंड-32 में क्वालिफाई कर सकेंगी। राउंड-32 से नॉक आउट राउंड की शुरुआत होगी।

फीफा ने बताया कि टीमों की संख्या बढ़ाने से मैचों की संख्या भी बढ़ जायेगी। इस विश्वकप में 104 मैच खेले जायेंगे। फाइनल तक पहुंचने के लिए टीमों को आठ मैच खेलने होंगे। इसके अलावा विश्वकप का शेड्यूल भी लंबा चलेगा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1998 से फीफा विश्वकप में विश्व की 32 टीमें हिस्सा लेती थीं। वहीं वर्ष 1998 से पहले फीफा विश्वकप 24 टीमें का टूर्नामेंट था।

इंडियन वेल्स मास्टर्स

# बोपन्ना बने सबसे उम्रदराज मास्टर्स विजेता



**कैलिफोर्निया,** भारत के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने टेनिस में नया इतिहास रच दिया है। बोपन्ना ने ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एब्डेन के साथ मिलकर इंडियन वेल्स मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल वर्ग का खिताब जीता है। टूर्नामेंट के फाइनल में बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी ने नीदरलैंड्स के वेस्ले कूलहोफ और ब्रिटेन के नील स्कूप्स्की की जोड़ी को रोमांचक मुकाबले में 6-3, 2-6, 10-8 से हराया।

इस जीत के साथ 43 वर्षीय रोहन बोपन्ना एटीपी मास्टर्स खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। बोपन्ना ने इस मामले में कनाडा के डेनियल नेस्टर का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। नेस्टर ने वर्ष 2015 में 42 वर्ष की आयु में सिनसिनाटी मास्टर्स में पुरुष युगल वर्ग का खिताब जीता था।

- **बोपन्ना ने पांचवीं बार एटीपी मास्टर्स में युगल वर्ग का खिताब जीता है।**
- **बोपन्ना ने अब तक 24 एटीपी टूर खिताब जीते हैं।**
- **कार्लोस अलकराज एटीपी टेनिस रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं।**
- **एलिना रिबाकिना ने पहली बार इंडियन वेल्स मास्टर्स टूर्नामेंट जीता है।**

#### अलकराज ने जीता एकल खिताब

टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग का खिताब स्पेन के युवा टेनिस स्टार कार्लोस अलकराज ने जीता। अलकराज ने फाइनल मुकाबले में रूस के डेनिल मेदवेदेव को सीधे सेटों में 6-3, 6-2 से हराया। टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त अलकराज ने फाइनल मैच की शुरुआत में ही मेदवेदेव पर बढ़त बना ली। उन्होंने इस बढ़त को बरकरार रखते हुए पहला सेट 6-3 से जीत लिया। दूसरे सेट में मेदवेदेव ने वापसी की कोशिश की, लेकिन अलकराज के शानदार खेल के सामने मेदवेदेव ज्यादा देर टिक नहीं पाये।

#### महिला वर्ग में रिबाकिना बनीं चैम्पियन

इंडियन वेल्स मास्टर्स टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग का खिताब कजाखस्तान कि एलिना रिबाकिना ने जीता। रिबाकिना ने महिला एकल वर्ग के फाइनल में बेलारूस की आर्यना सबालेंका को कड़े मुकाबले में 7-6 (13-11), 6-4 से हराया। मैच का पहला सेट बेहद रोमांचक रहा। इस सेट में स्कोर बराबर रहने पर विजेता का फैसला टाइब्रेकर से हुआ। ये रिबाकिना के टेनिस कॅरियर का पहला मास्टर्स खिताब है। इस जीत के साथ रिबाकिना ने सबालेंका से ऑस्ट्रेलियन ओपन में मिली हार का बदला भी ले लिया है।

### आयरलैंड में ट्वेंटी-20 सीरीज खेलेगी भारतीय टीम

**डबलिन,** भारतीय क्रिकेट टीम तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज के लिए आयरलैंड का दौरा करेगी। यह जानकारी क्रिकेट आयरलैंड ने दी। क्रिकेट आयरलैंड ने वर्ष 2023 के लिए अपना क्रिकेट कार्यक्रम घोषित करते हुए कहा कि आयरलैंड के क्रिकेट प्रशंसक विश्व की नंबर वन ट्वेंटी-20 टीम भारत को देखने का लुत्फ उठा सकेंगे। भारतीय टीम अगस्त में आयरलैंड का दौरा करेगी। इस दौरान तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज खेली जायेगी। सीरीज के तीनों मैच मालाहाइड में खेले जायेंगे। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष आईसीसी वन-डे क्रिकेट विश्वकप भारत में खेला जाना है। ऐसे में बीसीसीआई इस सीरीज के लिए युवा खिलाड़ियों की टीम भेज सकता है। बीसीसीआई ने वर्ष 2022 में भी हार्दिक पंड्या के नेतृत्व में युवा खिलाड़ियों से सजी भारतीय टीम आयरलैंड के दौरे पर भेजी थी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

भारत–बांग्लादेश फ्रेंडशिप पाइपलाइन

## पड़ोसी देशों की ऊर्जा जरूरत की लाइफलाइन बना भारत

भारत अपने पड़ोसी देशों के लिए ऊर्जा स्रोतों की आपूर्ति का सबसे बड़ा केंद्र बन चुका है। हाल ही में भारत–बांग्लादेश



फ्रेंडशिप पाइपलाइन (आईबीएफपी) का उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने किया। इससे पड़ोसी देश को सालाना 10 लाख टन डीजल की आपूर्ति की जाएगी। भारत इस तरह की पाइपलाइन पड़ोसी देश नेपाल के लिए भी बिछा चुका है, जबकि श्रीलंका की भी अधिकांश ऊर्जा जरूरतें अभी भारत ही पूरा कर रहा है। पाइपलाइन के उद्घाटन को लेकर आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत बनाने की दिशा में इस पाइपलाइन को ऐतिहासिक करार दिया।

ग्लोबल मिलेट्स (श्री अन्न) सम्मेलन का उद्घाटन

# श्री अन्न अपने साथ-साथ अनंत संभावनाएं लाते हैं : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में पूसा स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) परिसर के

- **स्मारक डाक टिकट और स्मारक सिक्के का हुआ विमोचन।**
- **आईसीएआर के भारतीय मिलेट अनुसंधान संस्थान को वैश्विक उत्कृष्टता केंद्र के रूप में घोषित किया गया।**

राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर (एनएएससी) के सुब्रमण्यम हॉल में ग्लोबल मिलेट्स (श्री अन्न) सम्मेलन का उद्घाटन किया। दो दिवसीय वैश्विक सम्मेलन में उत्पादकों, उपभोक्ताओं और अन्य हितधारकों के बीच मोटे अनाज के प्रचार और जागरूकता, मोटे अनाज की मूल्य श्रृंखला का विकास, बाजरा के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी पहलू, बाजार संपर्क, अनुसंधान और विकास आदि जैसे श्री अन्न से संबंधित सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर सत्र आयोजित किए गए।

सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने ग्लोबल मिलेट्स सम्मेलन के आयोजन पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल वैश्विक भलाई के लिए एक आवश्यकता हैं, बल्कि वैश्विक भलाई के प्रति भारत की जिम्मेदारियों का प्रतीक भी है। प्रधानमंत्री ने विदेशी प्रतिनिधियों को मिलेट के लिए भारत की ब्रांडिंग संबंधी पहल के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि भारत में मिलेट्स या मोटे अनाज को अब श्री अन्न की पहचान दी गई है। उन्होंने विस्तार से बताया कि श्री अन्न केवल खेती या




खाने तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा से परिचित लोग इस बात से अच्छी तरह अवगत है कि हमारे यहां किसी के आगे श्री ऐसे ही नहीं जुड़ता है और जहां श्री होती है, वहां समृद्धि भी होती है, और समग्रता भी होती है। प्रधानमंत्री ने कहा, अब श्री अन्न भी भारत में समग्र विकास का एक माध्यम बन रहा है। इसमें गांव भी जुड़ा है, गरीब भी जुड़ा है। उन्होंने कहा, श्री अन्न यानि देश के छोटे किसानों की समृद्धि का द्वार, श्री अन्न यानि देश के करोड़ों लोगों के पोषण का कर्णधार, श्री अन्न यानि देश के आदिवासी समाज का सत्कार, श्रीअन्न यानि कम पानी में ज्यादा फसल की पैदावार, श्रीअन्न यानि केमिकल मुक्त खेती का बड़ा आधार, श्री अन्न यानि क्लाइमेट चेंज की चुनौती से निपटने में मददगार।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मोटे तौर पर देश के 12-13 विभिन्न राज्यों में मोटे अनाज की खेती की जाती है, जहां प्रति व्यक्ति प्रति माह घरेलू खपत बढ़कर 14 किलोग्राम प्रति माह हो गई है। उन्होंने यह भी बताया कि मिलेट्स फूड प्रॉडक्ट्स की बिक्री भी करीब 30 प्रतिशत बढ़ी है। उन्होंने कहा कि अब जगह-जगह मिलेट कैफे नजर आने लगे हैं, मिलेट्स से जुड़ी रेसीपीज के सोशल मीडिया चैनल्स बन रहे हैं। श्री मोदी ने कहा, देश के 19 जिलों में मिलेट्स को वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रॉडक्ट स्कीम के तहत भी सिलेक्ट किया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लगभग 2.5 करोड़ छोटे किसान भारत में मिलेट्स के उत्पादन में प्रत्यक्ष रूप से शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मिलेट्स, मानव और मिट्टी, दोनों के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने की गारंटी देते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, मिलेट्स की एक और ताकत पर जोर देना चाहता हूं। मिलेट्स की यह ताकत है - इसका क्लाइमेट रेसिलियंट होना। बहुत एडवर्स क्लाइमेटिक कंडीशंस में भी मिलेट्स का आसानी से उत्पादन हो जाता है। इसकी पैदावार में अपेक्षाकृत पानी भी कम लगता है, जिसमें वॉटर क्राइसिस वाली जगहों के लिए यह एक पसंदीदा फसल बन जाती है। प्रधानमंत्री ने कहा, "भारत का मिलेट मिशन - श्री अन्न का अभियान देश के 2.5 करोड़ किसानों के लिए वरदान साबित होगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि श्री अन्न पर काम कर रहे 500 से अधिक स्टार्टअप सामने आए हैं और पिछले कुछ वर्षों में बड़ी संख्या में एफपीओ भी आगे आ रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि देश में एक संपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला विकसित की जा रही है, जहां छोटे गांवों में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं श्री अन्न के उत्पाद बना रही हैं, जो मॉल और सुपरमार्केट में पहुंच रहे हैं।

भारत के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचलित ज्वार, बाजरा, रागी, साम, कंगनी, चीना, कोदो, कुटकी और कुट्टू जैसे श्री अन्न का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मिलेट भारत में सदियों से जीवनशैली का हिस्सा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मिलेट्स, मानव और मिट्टी, दोनों के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने की गारंटी देते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, मिलेट्स के क्षेत्र में काम करने के लिए हमारे सामने अभी अनंत संभावनाएं मौजूद हैं। संबोधन का समापन करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे अन्नदाता के, और हम सबके साझा प्रयासों से श्रीअन्न भारत की और विश्व की समृद्धि में नई चमक जोड़ेगा।

## उत्तर कोरिया ने समुद्र में दागी मिसाइल

उत्तर कोरिया ने कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल का समुद्र में प्रक्षेपण किया। उत्तर कोरिया के पड़ोसी देशों ने यह जानकारी दी।

- **उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास के जवाब में अपनी परीक्षण गतिविधियों को तेज कर दिया है। उत्तर कोरिया इन सैन्य अभ्यासों को उस पर हमले के अभ्यास के रूप में देखता है।**

मिसाइल हमले जारी रखने का उत्तर कोरिया का कदम दर्शाता है कि वह पीछे कदम हटाने को तैयार नहीं है। कई विश्लेषकों का मानना है कि ये परीक्षण अपने शस्त्रागार का विस्तार करने के उत्तर कोरिया के उद्देश्य का हिस्सा है, ताकि वह एक परमाणु देश के रूप में अंतर्राष्ट्रीय मान्यता हासिल कर सके और उसके ऊपर लगे अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध हटा दिए जाएं। दक्षिण कोरिया और जापान के आकलन के अनुसार, उत्तर कोरिया के पश्चिमोत्तर तोंगचांगरी क्षेत्र से प्रक्षेपित की गई मिसाइल देश के पूर्वी तट के जलक्षेत्र में गिरी। उन्होंने कहा, मिसाइल ने लगभग 800 किलोमीटर (500 मील) की दूरी तय की, जो इस बात का संकेत है कि यह हथियार दक्षिण कोरिया को निशाना बनाने की क्षमता रखता है।

सोल के विदेश मंत्रालय ने बताया, दक्षिण कोरिया, जापान और अमेरिका में परमाणु संबंधी मामलों के मुख्य दूतों ने फोन पर बात की। उन्होंने इस प्रक्षेपण को कोरियाई प्रायद्वीप एवं क्षेत्र में शांति के लिए खतरा बताते हुए इसकी निंदा की और इसे उकसावे की कार्रवाई बताया।

रूस

## अमेरिकी ड्रोन गिराने वाले एयरफोर्स पायलटों को करेगा सम्मानित

अमेरिकी ड्रोन से जुड़ी घटना में शामिल रूस के लड़ाकू पायलटों को राजकीय सम्मान दिया जाएगा। रूस के रक्षा मंत्रालय

- **यह कदम भविष्य में अमेरिका के निगरानी विमानों की ओर रूस द्वारा अधिक आक्रामक रूख अपनाए जाने का संकेत देता हुआ प्रतीत होता है।**

ने यह घोषणा की है। अमेरिकी सेना ने कहा था कि रूस के एक लड़ाकू विमान ने काला सागर के ऊपर अमेरिकी निगरानी ड्रोन के प्रणोदक को निशाना बनाया, जिसके कारण अमेरिकी बलों को मानवरहित हवाई यान को अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में नीचे लाना पड़ा।



हालांकि मॉस्को ने इससे इनकार किया है कि उसके युद्धक विमानों ने ड्रोन को निशाना बनाया, बल्कि उसने आरोप लगाया कि तीखा मोड़ लेते वक्त ड्रोन दुर्घटनाग्रस्त हुआ। रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने ड्रोन को उस क्षेत्र में उड़ान भरने से रोकने के लिए पायलटों की प्रशंसा की, जिसे मॉस्को ने विमानों के संचालन के लिए प्रतिबंधित कर रखा है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह प्रतिबंध अंतर्राष्ट्रीय नियमों के अनुरूप है।

मॉस्को ने यह घोषणा तब की है, जब एक दिन पहले अमेरिकी सेना ने 42 सेकंड की एक रंगीन फुटेज जारी की, जिसमें एक रूसी एसयू–27 अमेरिका के एमक्यू-9 ड्रोन के पीछे की तरफ से आ रहा है और इसके गुजरने पर ईंधन छोड़ना शुरू कर देता है। हालांकि, रूस ने इस वीडियो पर कोई टिप्पणी नहीं की है। रूस का दावा है कि अमेरिकी ड्रोन अपनी गलतियों से समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## भूकंप के बाद तुर्किये पर बाढ़ की मार

तुर्किये के दो प्रांतों में मूसलाधार बारिश के कारण आई बाढ़ से करीब 14 लोगों की मौत हो गई और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। तुर्किये में आंतरिक मामलों के मंत्री सुलेमान सोयलू ने कहा कि दक्षिणपूर्व प्रांत सानलिउरफा में बाढ़ से 12 लोगों की मौत हुई है, जबकि पड़ोसी आदियामन प्रांत में दो लोग मारे गए हैं। स्थानीय टेलीविजन की खबर के अनुसार, आदियामन में भूकंप में जीवित बचे एक परिवार के शिविर में पानी

- **तुर्किये में आंतरिक मामलों के मंत्री सुलेमान सोयलू ने कहा कि तीन स्थानों पर लापता पांच लोगों की तलाश में बचाव दल जुटे हुए हैं।**
- **सानलिउरफा प्रांत के गवर्नर सालिह अहान ने स्थानीय टेलीविजन को बताया कि उनके क्षेत्र में बाढ़ से चार लोगों की मौत हो गई।**

भर जाने से पीड़ित डूब गए। बचावकर्मियों को सानलिउरफा में एक अपार्टमेंट के अंदर पांच सीरियाई नागरिकों के शव मिले और एक गाड़ी के अंदर दो अन्य शव बरामद किए गए। सानलिउरफा के टेलीविजन की ओर से जारी एक वीडियो में बाढ़ के पानी से लबालब सड़कें और पानी में कारें बहती हुई दिख रही हैं।

तुर्किये की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने कहा कि दोनों प्रांतों में से प्रत्येक में बचाव अभियान में एक दर्जन से अधिक गोताखोर लगे हुए हैं।

## न्यूजीलैंड के केरमाडेक द्वीप पर 7.1 की तीव्रता वाला भूकंप

न्यूजीलैंड के केरमाडेक द्वीप पर 7.1 की तीव्रता वाला भूकंप आया है। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे (UCGS) की तरफ से बताया गया है कि भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी भी जारी की गई है। यूसीजीएस की तरफ से बताया गया है कि भूकंप का अनुमान 10 किलोमीटर दूर तक गहराई में लगाया गया है। 300 किलोमीटर के दायरे के आसपास स्थित द्वीपों के लिए सुनामी वॉर्निंग जारी की गई है। मगर देश की इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी की तरफ से कहा गया है कि देश पर फिलहाल सुनामी का कोई खतरा नहीं है। केरमाडेक द्वीप समूह न्यूजीलैंड की राजधानी वेलिंगटन के उत्तरपूर्व में है और यह द्वीप समूह करीब 13 मील यानी करीब 20 किलोमीटर के दायरे में फैला है।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*




शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

# उपलब्धियां तीन वर्ष की

### लाड़ली बहना योजना
23 से 60 वर्ष की महिलाओं को प्रतिमाह ₹ 1,000 की आर्थिक सुरक्षा

### मुख्यमंत्री कौशल अप्रेंटिसशिप योजना
1 लाख युवाओं को प्रशिक्षण के साथ ₹ 1 लाख तक का स्टाइपेंड

### लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0
44.50 लाख से अधिक लाड़ली बेटियाँ हुई लाभान्वित

### मुख्यमंत्री इंटर्नशिप योजना
4,600 से अधिक युवाओं को दी गई पेड इंटर्नशिप

### उद्योग-व्यापार की उन्नति
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से ₹ 15,42,514 करोड़ के निवेश प्रस्ताव, औसत प्रति व्यक्ति आय 2003 में ₹ 11,718 से बढ़कर अब ₹ 1,40,583 हुई

### बढ़ती विकास दर
16.43% की औसतन आर्थिक विकास दर के साथ समृद्ध राज्यों में शामिल

### सशक्त अन्नदाता
मध्यप्रदेश गेहूँ निर्यात में नंबर 1, कृषि विकास दर 2022 में 18.89%

### सुराज कॉलोनियां
भू-माफियाओं से मुक्त कराई गई 23 हजार एकड़ भूमि पर बनेंगे गरीबों के लिए आवास

### सीएम राइज़ स्कूल
₹ 6,300 करोड़ से बन रहे 9,000 आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण विद्यालय

### सांस्कृतिक गौरव की पुनर्स्थापना
उज्जैन में श्री महाकाल महालोक का लोकार्पण, ₹ 2200 करोड़ की लागत से ओंकारेश्वर में 'एकात्म धाम' की स्थापना, ओरछा में राम राजा लोक, चित्रकूट में दिव्य वनवासी रामलोक और सलकनपुर में श्री-देवी महालोक मंदिर प्रस्तावित

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

D-11253/R-48318/2023

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- राघवेन्द्र कुमार सिंह, मुद्रक- राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - राजीव तिवारी।